हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • सोमवार • 22 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 222 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## ऊर्जा विभाग

(झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड)

झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड
JUSNL
JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

# बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर झारखण्ड के बढ़ते कदम

**132/33 के. वी. ग्रिड सब-स्टेशन (बरहेट) एवं 132 के. वी. (पाकुड़-राजमहल) द्विपथ लिलो संचरण लाइन का**

## उद्घाटन

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा

₹70.64 करोड़ की लागत से

**100 MVA**

ग्रिड सब-स्टेशन एवं 25 कि मि का द्विपथ लिलो संचरण लाइन

बरहेट, पतना, बरहरवा सीतापहाड़ इत्यादि क्षेत्र के लाखों लोगों को होगा लाभ

विशिष्ट अतिथि

**श्री विजय कुमार हांसदा**
माननीय सांसद, राजमहल

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय विधायक, पाकुड़
के प्रतिनिधि

**श्री लोबिन हेम्ब्रम**
माननीय विधायक, बोरियो

**श्री अनंत कुमार ओझा**
माननीय विधायक, राजमहल

दिनांक:
**22 जुलाई 2024** (सोमवार)

समय:
**अपराह्न 01:00 बजे**

स्थान:
**ग्रिड सब-स्टेशन, बरहेट, साहेबगंज**

PR No. 330211 / IPRD / 2024-25



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • सोमवार • 22 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 222 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00



# डीएम ने श्रावणी मेले की तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिया निर्देश

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** डीएम ने शनिवार को गुप्ता धाम का दौरा किया। वहां लगने वाले श्रावणी मेले की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, डीएफओ, अनुमंडल पदाधिकारी, रोहतास सहित चेनारी ब्लॉक एवं वन विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। डीएम ने डीएफओ, रोहतास एवं धार्मिक न्यास परिषद, गुप्ता धाम के सदस्यों से श्रावणी मेले वाले की व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि गुप्ता धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को जंगल के रास्तों में अंधेरे में दिक्कत व परेशानी ना हो। उनकी सुरक्षा एवं सुगमता को ध्यान में रखते हुए लाइट की अच्छी व्यवस्था की जाएगी। गुप्ता धाम जाने वाले रास्तों को चिन्हित कर वहां पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जाएगी। कहा कि असामाजिक तत्वों एवं नशा करने वाले लोगों को रोकने के लिए वहां मध्य निषेध विभाग की जांच दल की व्यवस्था की जाएगी। डीएम ने कहा कि गुप्ता धाम जाने वाले मार्ग पर निजी वाहन पूरी तरह बंद रहेगा। निजी वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था डैम के पास ही की जाएगी। इस बात पर जोर देते हुए कहा कि गुप्ता धाम में गुफा के अंदर एग्जास्ट लगाया जाएगा, जिससे हवा का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि गुफा के अंदर ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा होनी चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत या परेशानी का सामना न करना पड़े। डीएम ने साफ सफाई का जायजा लेते हुए कहा कि गुफा के अंदर किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं होनी चाहिए। साथ ही मंदिर परिसर और बाहरी इलाके को भी पूरी तरीके से कचरा मुक्त बनाया जाए। मंदिर के बाहरी ढांचे को रंग रोगन करने और उसे खूबसूरत बनाने निर्देश दिया है। डीएम् ने जनरेटर एवं सोलर लाइट के माध्यम से बिजली आपूर्ति करने का निर्देश दिया, जिसे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## मेंटेनेंस कार्य को लेकर एसपी जैन फिडर से 2 घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** एसपी जैन सब स्टेशन 11 केवीए में मेंटेनेंस कार्य के कारण सासाराम नगर पूर्वी क्षेत्र में रविवार को दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। रविवार की दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक एसपी जैन फीडर से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान पावर सब स्टेशन एसपी जैन फीडर में ट्रांसफार्मर के रखरखाव हेतु तेल डालने एवं जंफर मरम्मत का कार्य किया जाएगा। मरम्मत का कार्य बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता संदीप कुमार गुप्ता एवं कनीय विद्युत अभियंता आनंद कुमार की देखरेख में किया जाएगा। बिजली आपूर्ति बंद होने से मोहल्ला सागर, चलनिया, अदमापुर, चंद्रतन शहीद पीर कॉलोनी, जीटी रोड एवं जेल रोड आदि के उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। विभाग के सहायक विद्युत अभियंता संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि यह कार्य कराना अतिआवश्यक है। कार्य समाप्ति के बाद विधुत आपूर्ति निर्बाध रूप से बहाल कर दी जाएगी।

## शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भानस ओपी पुलिस ने शुक्रवार को देर शाम 14 पीस शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इंदौर निवासी काशीनाथ सिंह के पुत्र मनोज कुमार सिंह को देसी शराब तथा 6 पीस एट पीएम अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर बिहार मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

## दिव्यांग बालिका को बीडीओ ने व्हील चेयर सौंपा



निज संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास)।** प्रखंड के परसिया गांव के 12 वर्षीय दिव्यांग बालिका को समाज कल्याण विभाग की ओर प्राप्त व्हील चेयर को बीडीओ मोहम्मद नौशाद आलम सिद्दिकी के द्वारा शनिवार को सौंप दिया गया। व्हील चेयर मिलने पर 12 वर्षीय दिव्यांग बालिका स्मृति कुमारी का चेहरा खुशीयों से खील गई। बेटी को व्हील चेयर मिलने पर उसके पिता मृत्युंजय तिवारी ने बीडीओ का आभार व्यक्त किया। बीडीओ मोहम्मद नौशाद आलम सिद्दीकी ने कहा कि सरकार दिव्यांगों के लिए तमाम योजनाएं चला रही हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगो सहित बालिकाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित है। जरूरत है उनकी जानकारी कर लाभ उठाने की। दिव्यांग जागरूक होकर योजनाओं का लाभ लें। मौके पर लिपिक अविनाश कुमार, वार्ड राजेंद्र प्रसाद पेंटर व मृत्युंजय तिवारी उपस्थित थे।

बेटी को व्हील चेयर मिलने पर उसके पिता मृत्युंजय तिवारी ने बीडीओ का आभार व्यक्त किया। बीडीओ मोहम्मद नौशाद आलम सिद्दीकी ने कहा कि सरकार दिव्यांगों के लिए तमाम योजनाएं चला रही हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगो सहित बालिकाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित है।

# सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत, बाइक पानी भरे गड्ढे में पलटी

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के चैनपुर थाना क्षेत्र के परैया मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे मौजूद पानी भरे गड्ढे में पलट गया। घटना में बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। वहीं जब उधर से गुजर रहे राहगीरों की नजर युवकों पर पड़ी तो चैनपुर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने शव को गड्ढे से बाहर निकाला। पुलिस ने कागजी कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। मृतकों में एक की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के सिहोरा गांव निवासी लल्लन बिंद का 28 साल का बेटा संतोष कुमार और वहीं दूसरे की पहचान बगेदन बिंद के 31 साल के बेटे रमेश कुमार के रूप में की गई। मृतक के पिता बगेदन बिंद ने बताया कि उनका बेटा चैनपुर में बाजार करने के लिए गया था। देर रात दोस्त के साथ वापस घर आ रहा था। इस दौरान घटना हो गई। ग्रामीण विकास कुमार ने बताया कि दोनों लड़के सिहोरा गांव के रहने वाले थे। वहीं चौकीदार राम भरत बिंद ने बताया कि परैया के पास पानी भरे गड्ढे में गिरने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई।

## फाइलेरिया रोकथाम के लिए नाईट ब्लड सर्वे

**नासरीगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** फाइलेरिया के संभावित मरीजों की पहचान व उसके रोकथाम के लिए प्रखंड के धनाव, जीराखन बीघा, मौना, पडूरी, इटिम्हा सहित अन्य गावों में नाईट ब्लड सर्वे का आयोजन किया गया। बीएचएम रूपक कुमार ने बताया कि फाइलेरिया के संभावित मरीजों की पहचान व उसके रोकथाम के लिए प्रखंड के धनाव, जिराखन बीघा, मौना, महादेवा, पडुरी, इटिम्हा सहित अन्य गावों में नाइट ब्लड सर्वे का आयोजन कर शिविर लगाकर लगभग 600 लोगो का ब्लड सैंपल लिया गया है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक खतरनाक बीमारी है। जो कि एक बार हो जाए तो कभी ठीक नहीं होता है। इसलिए इसकी पहचान करके इसको जड़ से खत्म करने की अभियान में नाइट ब्लड सर्वे अहम भूमिका निभाता है।

# बेटे के जन्मदिन पर मां ने की खुदकुशी बच्चे स्कूल से लौटे तो लटकी मिली लाश

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** बिहार के भभुआ में एक मां ने अपने बच्चे के जन्मदिन वाले दिन पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। यह घटना शहर के वार्ड नंबर 13 की है। सुबह वह बच्चों को लंच देकर स्कूल भेजी थी और दोपहर बाद जब बच्चे स्कूल से वापस लौटे तो पंखे से झूलता हुआ अपनी मां का शव देखकर चीत्कार करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को उतारा और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। डीएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के चिंतामनपुर गांव के प्रशांत कुमार की पत्नी मधु मोहनिया के वार्ड नंबर तेरह में एक साल से किराए के मकान में बच्चो को पढ़ाने के लिए रह रही थी। शनिवार की सुबह बच्चों का नाश्ता बनाकर स्कूल भेजी। इसके बाद जब उसके बच्चे पढ़कर घर आए तो सभी सभी दरवाज़ा खुला पाए और महिला पंखे से लटकती दिखी। बच्चे इस दृश्य को देककर दंग रह गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। उनकी चीख पुकार सुनकर आस-पास के लोग एकट्ठा हो गए और तब जाकर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को अपने हवाले कर पौस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की शाम महिला के भाई और चाचा भी आए थे अब क्या पूरा मामला है यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। डीएसपी ने बताया कि भभुआ से एफएसएल टीम बुलाकर पूरे रूम को जांच करके शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेजा गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है लेकिन परिजन जैसा आवेदन देंगे उसके आधार पर भी जांच की जायेगी। मृतका के पिता जयप्रकाश यादव ने बताया कि 2016 में उनकी लड़की की शादी हुई थी। उसके दो लड़के है। इन बच्चों के अलावे अपने जेठ के दो बच्चों को भी पढ़ने के लिए साथ में रखती थी । स्थानीय लोगों ने बताया कि रोज बच्चों को लेने के लिए महिला स्कूल जाती थी।

# ट्रक चालक और सह चालक को नशे की गोली देकर किया बेहोश

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** में ट्रक से 501 बोरा मूंग गायब करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ट्रक चालक और सह चालक को नशे की गोली देकर बेहोश किया गया और इसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने चालक और सह चालक को इलाज के लिए शनिवार को सदर अस्पताल में भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है। सदर अस्पताल में इलाजरत चालक अरविंद कुमार ने बताया कि वह गया से अपने ट्रक पर 501 बोरा मूँग लादकर दिल्ली लेकर जा रहे थे। वहीं डेहरी में गाड़ी रोक कर आराम करने लगे। इस बीच 6 लोग गाड़ी से आए और जबरदस्ती ट्रक में चढ़ कर हथियार के बल पर लूट लिया।

## साप्ताहिक जनता दरबार मे छह मामलों की सुनवाई हुई

**नासरीगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को सीओ अंचला कुमारी व थानाध्यक्ष अमित कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार लगाया गया। जिसमे पांच नया मामला आया, जबकि 14 पुराने मामले पहले से लंबित थे। सीओ अंचला कुमारी ने बताया कि कुल 19 मामलों में पांच का निष्पादन किया गया। शेष बचे 14 मामले को ले आवेदक को नोटिस निर्गत कर अगले जनता दरबार मे बुलाया गया है। वही कच्छवा थाना परिसर में थानाध्यक्ष मितेश कुमार व सीओ अंचला कुमारी के अध्यक्षता में जनता दरबार लगाया गया। जिसमे एक नया मामला आया जबकि दो पुराने मामले पहले से लम्बित थे। कुल तीन मामले में एक का निष्पादन किया गया। शेष बचे दो मामले को ले आवेदक को नोटिस निर्गत कर अगले जनता दरबार में बुलाया गया है।

# सिकंदरपुर गांव में आपसी विवाद के चलते गोलीबारी, एक की मौत, कई घायल

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के चैनपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष से एक व्यक्ति की गोली लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई है और वहीं गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना में पिटाई से भी एक व्यक्ति घायल हो गया है। दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दूसरे पक्ष के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। घटनास्थल से 15 खोखा, दो देसी पिस्टल और तीन जिंदा गोली बरामद हुआ है। वही पीड़ित पक्ष की ओर से कुल 29 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मृत व्यक्ति सिकंदरपुर गांव के इलियास शाह का बेटा अनि शाह बताया जा रहा है। भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया कि सिकंदरपुर के दो टोला के बीच पहले से पुराना विवाद चल रहा है। मोहर्रम के दिन दोनों टोला के बीच में कुछ कहा सुनी हुई थी। उसी को लेकर दोनों पक्ष के लोगों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान गोलीबारी भी की गई। इसमें गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और एक व्यक्ति घायल है। वहीं लाठी के हमले में भी एक व्यक्ति घायल है। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार 7 से 8 राउंड फायरिंग की गई थी। मृतक को दो गोली लगी है। इससे उसकी मौत हुई है। फिलहाल पूरे मामले को लेकर कार्रवाई जारी है।

गुरू पूर्णिमा

# उत्तरांखंड के सीएम धामी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी मां संग किया पौधारोपण

- व्यक्ति के जीवन में उसकी सबसे पहली गुरु मां ही होती हैं, उनके नाम पर पौधरोपण करना किसी सौभाग्य से कम नहीं : धामी
- कैनाल रोड स्थित गंगोत्री विहार में नदी किनारे खाली भूमि पर एमडीडीए की ओर से आयोजित किया गया पौधरोपण कार्यक्रम



विशेष संवाददाता

**देहरादून।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत अपनी माताजी के साथ पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में व्यक्ति की सबसे पहली गुरू मां ही हैं। ऐसे में मां के नाम पौधारोपण अभियान में शामिल होना किसी सौभाग्य से कम नहीं है। कैनाल रोड स्थित गंगोत्री विहार में रिस्पना नदी के किनारे खाली भूमि पर मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी माताजी बिशना देवी के नाम से पौधारोपण किया। इस अवसर पर उनकी माताजी भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने की देशवासियों से अपील की थी। राज्य में इसे अभियान के रूप में लिया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से आह्वाहन किया है कि इस मानसून सीजन में एक पेड़ माँ के नाम जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में माँ पहली गुरु होती हैं। गुरु पूर्णिमा की भी उन्होंने प्रदेशवासियों को शुभकामना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेला पर्व से 15 अगस्त तक राज्य में बृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से सामाजिक संस्थाओं, पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों, स्वयं सहायता समूहों को भी जोड़ा गया है। राज्य से ग्राम पंचायत स्तर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि जिस भूमि पर यह पौधारोपण किया जा रहा है, यहां आने वाले दिनों में पार्क का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुरुआती चरण में भूमि की चारों ओर से फेंसिंग कराई जाएगी ताकि जानवर पौधों को नुकसान न पहुंचा सकें। साथ ही यहाँ पर पैदल ट्रैक के निर्माण के साथ ही इस तरह के पौधों को लगाया जाए जिससे यहां बायो डाइवर्सिटी को भी बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ने अपनी माताजी सावित्री देवी जी के नाम से भी पौधारोपण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, गणेश जोशी, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली ने भी पौधरोपण किया।

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर घंटो ट्रेंड हुआ

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी माँ के साथ एमडीडीए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने समस्त प्रदेशवासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ कर वृक्षारोपण करने की अपील भी की। जिसके बाद से ही सोशल मीडिया पर भी सीएम धामी की अपील का रुझान देखने को मिला, बड़ी संख्या में युवाओं ने सीएम धामी की अपील का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट्स किए, जिसके बाद लगभग घंटो तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (X) पर #Join EkPedMaaKeNaam ट्रेंड करने लगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने समस्त देशवासियों से एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाने की अपील की थी, जिसके बाद से ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इसे प्रदेश भर में अभियान के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। हाल ही में उत्तराखण्ड के लोक पर्व हरेला के अवसर पर भी मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से इस अभियान से जुड़ते हुए वृक्षारोपण करने की अपील की थी जिसके बाद से ही प्रदेश भर के लाखों युवा इस अभियान से जुड़ चुके हैं एवं प्रदेश भर के विभिन्न स्थानों में लाखों पौधे लगाए जा चुके हैं।

## विशाल पीपल की टहनी गिरने से 8 घंटे तक यातायात बाधित

**नौहट्टा/रोहतास (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के दारानगर गांव के देवी मन्दिर के पास रोहतास नौहट्टा मुख्य मार्ग पर विशाल पीपल के पेड़ का एक बड़ा टहनी गिरने से लगभग 8 घंटा यातायात बाधित हो गया। ग्रामीणों के माने तो ऊमस भारी गर्मी के कारण शनिवार की सुबह तकरीबर 4 बजे पीपल की टहनी अचानक गिर गया। गलीमत रही की कोई घटना नहीं हुआ क्यों की ठीक उसी समय डेहरी से नौहट्टा आ रही बस व बाईक चालक सड़क से गुजर रहे थे। साथ ही नजदीक बने छोपड़ी के पास लोग बैठे भी थे। लोगों ने बताया कि कुछ ही सेकेंड के अंतर पर टहनी गिरी। यात्रियों से खचाखच भरे बस व बाईक सवार बाल बाल बचे। यह पेड़ बहुत पुराना है। इसके एक दो टहनी पहले भी गिरे है। कई शाखा जहां से टहनी निकला है वही गांठ पर लकड़ी सड़ गया है।

## छत से गिरने से पति की इलाज के दौरन मौत, पत्नी रेफर

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के लोहराडीह गांव में शनिवार की पति-पत्नी के छत से गिरने से पति की मौत हो गई। जबकि पत्नी को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना को लेकर जितनी मुंह उतनी बात की भी चर्चा है। मृतक के पुत्र नागेश्वर पासवान ने बताया कि उसके पिता नरेश पासवान तथा मां पवित्री देवी ने छत से गिर पड़े। जिससे उसके पिता नरेश पासवान की मौत इलाज की दौरान हो गई। जबकि उसके मां की सदर अस्पताल सासाराम में इलाज के लिए गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने फिलहाल मामले में अनभिज्ञता जाहिर करते हुए जांच की बात बताई है। घटना को लेकर आसपास जितनी मुंह उतनी बातें की चर्चा हैं।

# 91,000 बर्थों का सृजन कर श्रावणी मेला विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी

विशेष संवाददाता

**कोलकाता।** 91,000 बर्थों का सृजन कर श्रावणी मेला के दौरान जयनगर और आसनसोल, रक्सौल और देवघर, गया और मधुपुर, पटना और मधुपुर, सरायगढ़ और देवघर एवं गोरखपुर और देवघर के बीच विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। श्रावणी मेला एक शुभ तीर्थयात्रा है, जो दूर-दूर से अनगिनत भक्तों को आकर्षित करती है। श्रावण (जुलाई-अगस्त) के पवित्र महीने के दौरान इस भव्य सभा का आयोजन भगवान शिव की पूजा करने के लिए की जाती है। इस पवित्र अवसर के महत्व को पहचानते हुए और भक्तों की आसान आवाजाही की सुविधा के लिए, पूर्व रेलवे ने निम्नलिखित छह (06) विशेष ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया है: 05597 जयनगर-आसनसोल त्रि-साप्ताहिक स्पेशल(13 यात्राएं) दिनांक 23.07.2024 और 20.08.2024 के बीच प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को जयनगर से 22:00 बजे प्रस्थान करेगी जो अगले दिन 11:30 बजे आसनसोल पहुंचेगी और 05598 आसनसोल - जयनगर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल (13 यात्राएं) दिनांक 24.07.2024 और 21.08.2024 के बीच प्रत्येक बुधवार, शनिवार और सोमवार को आसनसोल से 13:00 बजे रवाना होगी जो अगले दिन 04:20 बजे जयनगर पहुंचेगी। विशेष ट्रेन मधुबनी, सकरी जं., दरभंगा, समस्तीपुर, दलसिंह सराय, बछवारा, बरौनी, बेगुसराय, साहेबपुर कमाल जं., सबदलपुर जं., मुंगेर, जमालपुर, अभयपुर, किऊल, मननपुर, जमुई, झाझा, सिमुलतला, जसीडीह, मधुपुर और चित्तरंजन स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। ट्रेन में स्लीपर क्लास की सुविधा होगी। 05551 रक्सौल-देवघर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल (14 यात्राएं) दिनांक 21.07.2024 और 20.08.2024 के बीच प्रत्येक रविवार, मंगलवार और गुरुवार को रक्सौल से 05:15 बजे खुलेगी जो उसी दिन 16:45 बजे देवघर पहुंचेगी और 05552 देवघर - रक्सौल त्रि-साप्ताहिक स्पेशल(14 यात्राएं) दिनांक 21.07.2024 और 20.08.2024 के बीच प्रत्येक रविवार, मंगलवार और गुरुवार देवघर से 17:45 बजे प्रस्थान करेगी को अगले दिन 06:00 बजे रक्सौल पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन चौड़ादानो, बैरगनिया, सीतामढी जं., रुन्नी सैदपुर, मुजफ्फपुर, समस्तीपुर, बरौनी, मनकठा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, बाराहाट जं. स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी और शयनयान श्रेणी के आवास होंगे। 05028 गोरखपुर-देवघर स्पेशल(32 ट्रिप) दिनांक 20.07.2024 से 20.08.2024 तक प्रतिदिन गोरखपुर से 20:00 बजे प्रस्थान करेगी जो अगले दिन 13:15 बजे देवघर पहुँचेगी। 05027 देवघर-गोरखपुर स्पेशल(32 यात्राएँ) दिनांक 21.07.2024 से 21.08.2024 तक प्रतिदिन देवघर से 14:00 बजे प्रस्थान करेगी जो अगले दिन 03:00 बजे गोरखपुर पहुँचेगी। स्पेशल ट्रेन चौरी चौरा, देवरिया सदर, भटनी, मैरवा, सीवान, एकमा, छपरा, दिघवारा, सोनपुर, हाजीपुर, देसरी, शाहपुर पटोरी, बछवारा, बरौनी, बेगुसराय, साहेबपुर कमाल, मुंगेर, सुल्तानगंज, भागलपुर, बाराहाट जंक्शन और बांका जं. पर मार्ग में दोनों दिशाओं में रुकेगी। ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी और शयनयान श्रेणी के आवास होंगे। 03653 गया-मधुपुर मेमू स्पेशल(31 ट्रिप) दिनांक 21.07.2024 से 20.08.2024 तक प्रतिदिन गया से 17:00 बजे खुलेगी जो उसी दिन 23:50 बजे मधुपुर पहुँचेगी। 03654 मधुपुर-गया मेमू स्पेशल(31 ट्रिप) दिनांक 22.07.2024 से 21.08.2024 तक प्रतिदिन मधुपुर से 01:00 बजे खुलेगी जो उसी दिन 10:25 बजे गया पहुँचेगी। विशेष ट्रेन तिलैया जंक्शन, नवादा, शेखपुरा जंक्शन, किऊल, मननपुर, जमुई, झाझा, सिमुलतला और जसीडीह जंक्शन पर मार्ग में दोनों दिशाओं में रुकेगी। 03266 पटना-मधुपुर मेमू स्पेशल(31 ट्रिप) दिनांक 21.07.2024 से 20.08.2024 तक प्रतिदिन पटना से 23:10 बजे खुलेगी जो अगले दिन प्रातः 04:50 बजे मधुपुर पहुँचेगी। 03265 मधुपुर-पटना मेमू स्पेशल(31 ट्रिप) दिनांक 22.07.2024 से 21.08.2024 तक प्रतिदिन मधुपुर से 05:00 बजे खुलेगी जो उसी दिन 12:00 बजे पटना पहुँचेगी। विशेष ट्रेन राजेंद्र नगर टर्मिनल, पटना साहेब, फतुहा जंक्शन, खुसरोपुर, करौता, बख्तियारपुर जंक्शन, अथमल गोला, बाढ़, मोकामा, हाथीदह जंक्शन, बड़हिया, मनकठा, लक्खीसराय जंक्शन, किऊल, मननपुर, जमुई, झाझा, सिमुलतला और जसीडीह स्टेशनों पर मार्ग में दोनों दिशाओं में रुकेगी। 05573 सरायगढ़-देवघर मेमू स्पेशल(31 ट्रिप) दिनांक 21.07.2024 से 20.08.2024 तक प्रतिदिन सरायगढ़ से 03:05 बजे खुलेगी जो उसी दिन 11:30 बजे देवघर पहुँचेगी। 05574 देवघर-सरायगढ़ मेमू स्पेशल(31 ट्रिप) दिनांक 22.07.2024 से 21.08.2024 तक प्रतिदिन देवघर से 11:45 बजे खुलेगी जो उसी दिन 22:15 बजे सरायगढ़ पहुँचेगी। विशेष ट्रेन थरबिटिया, सुपौल, गढ़ बरुआरी, पंचगछिया, सहरसा जंक्शन, सोनबरसा कचेरी, सिमरी बख्तियारपुर, कोपरिया, धमारा घाट, बदला घाट, मानसी जंक्शन, खगड़िया जंक्शन, सबदलपुर जंक्शन, मुंगेर, सुल्तानगंज, भागलपुर जंक्शन, बाराहाट जंक्शन और बांका जं. पर मार्ग में दोनों दिशाओं में रुकेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# छात्राओं को दी गई भूकंप, वज्रपात एवं बिजली से सुरक्षा की जानकारी

निज संवाददाता।



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के नीमाटांड़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बीते शनिवार को प्रधानध्यापक राजेश कुमार के नेतृत्व में चहक कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्कूल के शिक्षक सुरेश चौधरी, अंजू कुमारी एवं अनुज दास के नेतृत्व में छात्राओं के बीच भूकंप, वज्रपात एवं बिजली से सुरक्षा सम्बंधित बातों का विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। इस दौरान शिक्षकों द्वारा बताया गया कि भूकंप आने के बाद खिड़कियों से दूर रहें, शीशे के टूटे टुकड़े क्षति पहुंचा सकते हैं। मजबूत मेज के नीचे छुपे या अन्दरूनी दीवार या स्तम्भ के सहारे खड़े रहें। सिर पर लगी चोटें ज्यादा घातक होती है, इसलिए चेहरे व सिर को हाथों की सुरक्षा प्रदान करें व कम्पन रूकने तक सिर को हाथों की सुरक्षा में रखें। अगर घर से बाहर हैं तो खुली जगह तलाशें। वहीं वज्रपात से बचाव को लेकर बताया गया कि यदि आप खुले स्थान पर हैं तो जल्द से जल्द किसी पक्के मकान में शरण लें। सफर के दौरान अपने वाहन में ही बने रहें। यदि आप जंगल में हों, तो छोटे एवं घने पेड़ों की शरण में चले जायें। बिजली की सुचालक वस्तुएं एवं धातु से बने कृषि यंत्र-डंडा आदि से अपने को दूर कर लें। वहीं वज्रपात से घायल व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र ले जाने की व्यवस्था करें।साथ ही स्थानीय रेडियो एवं अन्य संचार साधनों से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें। विद्यालय में कुकड़ू-मुकरू गतिविधि के द्वारा छात्राओं में बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कंचन जिया, द्वितीय स्थान माही नावया एवं तृतीय स्थान पिंकी सुरूति ने प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद के नेतृत्व में शिक्षक एवं अभिभावकों के बीच बैठक भी आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन विद्यालय भेजना, शैक्षणिक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करना, पाठ-सहगामी गतिविधियां आयोजित करना एवं ई-शिक्षा कोष पर सभी नामांकित बच्चों की प्रविष्टि करने से सम्बंधित बातों को अवगत कराया गया। वहीं विद्यालय के प्रधानध्यापक राजेश कुमार के द्वारा चहक गतिविधि आयोजित कर सुरक्षित शनिवार, शिक्षक-अभिभावक बैठक एवं कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रति आभार प्रकट कर उत्साहवर्धन किया।

# निविदा विकास कार्य प्रणाली का किया विरोध

निज संवाददाता

**संझौली (रोहतास)।** त्रिस्तरीय ग्राम पंचायतों द्वारा कराए जाने वाले सभी विकास कार्यों को टेंडर के माध्यम से कराए जाने के सरकार के निर्णय के विरोध में पंचायत प्रतिनिधि अब आंदोलन करेंगे। इसको लेकर संझौली प्रखंड स्थित पंचायत सरकार भवन में रविवार की प्रखंड प्रमुख समीरचन्द चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत हुई। इस बैठक में प्रखंड के बिभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा जो त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में कार्य कराने की नए नियमावली जो त्रिस्तरीय पंचायतों में निविदा विकास कार्य प्रणाली की मंजूरी दी जा रही है। उसका विरोध प्रखंड प्रमुख सहित पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। उनलोगों के द्वारा बताया गया कि सरकार का अपना ही सिष्टम पर भरोसा नही है। अभी बर्तमान में जो, कार्य के अभिकर्ता और उसका पंचायत सचिव अभिकर्ता व तकनीकी सहायक के माध्यम से कराई जाती है। नए नियमावली त्रिस्तरीय पंचायतों में निविदा विकास कार्य प्रणाली से कार्य कराने से पंचायत स्तर की योजना जो पहले से क्रियान्वयन में बाकी है। ऐसे नियमावली से और उसकी गति धीमी पड़ जाएगी। इसको लेकर सारे त्रिस्तरीय प्रतिनिधि चरणबद्ध आंदोलन कर त्रिस्तरीय पंचायती राज विभाग में हुए नये नियमवाली का विरोध करंगे। इस मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष मिथलेश सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार गुप्ता, जीप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ई.प्रभात कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि वरूण सिंह, पंचायत समिति सदस्य मंटू कुमार उर्फ नरेन्द्र कुमार, अरुण कुमार, उदयपुर मुखिया प्रतिनिधि शत्रुध्न चौधरी मौजूद थे।

# जगन्नाथ मठ पहुंच भक्तों ने किया गुरू पूजन

निज संवाददाता

**राजपुर (रोहतास)।** क्षेत्र के बरना अमरपुर जंगल स्थित भगवान जगन्नाथ मठ प्रांगण में रविवार को महंत सुदर्शनाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में गुरू पूजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों भक्त मठ के संस्थापक गुरू स्वर्गीय दामोदराचार्य व राम प्रपन्न रामानुज दास के मूर्ति का पूजन कर मनोवांछित फल की कामना किया। लगभग तीन घंटे चले गुरु पूजन का कार्यक्रम काफी भव्य रहा है। बाद में आस पडोस से आए सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने लंगर में बैठ भगवान् जगन्नाथ का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षेत्र एवं दुरदराज से पहुंचे शिष्यों ने गुरु दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पकड़ी गांव स्थित बरदराज कुटिया के महंत सूर्यकांताचार्य जी महाराज, बरना राधे कृष्ण धाम के पुजारी श्रीधर जी व सुअरा राम जानकी मंदिर के सेवक नारायण जी के नेतृत्व में भी गुरू पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहा पहुंच क्षेत्र के लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों के बीच प्रवचन करते हुए सुदर्शनाचार्य जी ने कहा कि वेद हीं ज्ञान के अधार हैं। जो अपने शिष्य के अज्ञान को ज्ञान के प्रकाश से दूर करें वहीं सच्चा गुरू है। वेद के रचयिता महर्षि व्यास जी का जन्म आज हीं के दिन हुआ था। तब से गुरू पूजा का यह पर्व परम्परा आज तक चला आ रहा है। जगन्नाथ मठ पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी अतुल चौबे, मदन पाण्डेय, भाई जयराम सिंह अकेला, जवाहीर सिंह, श्री राम यादव, राहुल कुमार, राम अशीष सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## मृतक के पत्नी को दिया गया 4 लाख रुपये का चेक

**काराकाट (रोहतास) (नि.सं.)।** ठनका से मौत मामले में सीओ ने मृतक की पत्नी को चार लाख रुपए का चेक दिया। ज्ञात हो कि प्रखंड के बेनसागर पंचायत के संझौली मठ गांव के बधार में बीते 10 जुलाई दिन बुधवार को खेत में काम कर रहे एक किसान की ठनका के चपेट में आने से संझौली मठ गांव निवासी बिनोद प्रजापति के 20 वर्षीय पुत्र सोहराई प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई थी। दरअसल, बुधवार को संझौली मठ गांव में गर्जन व चमक के साथ तेज बारिश हो रही थी।तभी अचानक इस गांव के बधार में आकाशीय बिजली गिर पड़ी । जिसके चपेट में सोहराई प्रजापति आ गए जहां उनकी मौत हो गई । जिसके बाद काराकाट विधायक अरुण कुमार व सीओ रितेश कुमार ने शनिवार देर शाम को मृतक सोहराई प्रजापति के पत्नी मंजू कुमारी को आपदा मद से चार लाख की सहायता के तौर पर चेक सौंपा।

# वरिष्ठ नागरिकों के रेल किराए में मिलने वाली छूट को फिर से बहाल करने को ले आंदोलन का निर्णय

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** विगत चार सालों से बंद वरिष्ठ नागरिकों की रेल किराए में मिलने वाली छूट को फिर से बहाल करने को ले केंद्र में तीसरी बार बनी मोदी सरकार द्वारा कोई सकारात्मक पहल नही होते देख वरिष्ठ नागरिक फिर से मुखर होने लगे है। इस बाबत नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के तत्वाधान में रविवार को वरिष्ठ नागरिकों ने ताराचंडी धाम के अंजनेश आश्रम में संकल्प सभा कर आंदोलन की रणनीति बनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष विद्यानंद चौधरी तथा उदघाटन जगतगुरु स्वामी अंजनेश जी महाराज ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री चौधरी ने कहा कि सहयोगियों के भरोसे चल रही मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अपने हक के लिए हम एकबार फिर से आंदोलन को जारी रखेंगे। हम सरकार के सहयोगी दलों के नेताओ से भी वरिष्ठजनों की सुविधाओं की बहाली पर पहल करने का आग्रह कर रहै है। कहा की मंगलवार को संसद में पेश होने वाले बजट में आगर वरिष्ठ नागरिकों की फिर से उपेक्षा की गई तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को आयकर से मुक्त रखने, सीनियर सिटीजन एक्ट 56/2007 का कड़ाई से अनुपालन शुनिश्चित कराने के लिए जिला स्तरीय कमिटी बनाने, जिन राज्यों में वृद्धापेंशन की राशि दो हजार रुपये प्रतिमाह से कम है वहा इसे बढ़वाने सहित बुजुर्गों की अन्य मांगों के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। कई पदाधिकारी विभिन्न प्रदेशों से तथा कुछ पदाधिकारी विदेशों से ऑनलाइन बैठक में जुड़कर अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर मदन मोहन श्रीवास्तव, शिवकुमार मिश्र, सत्यनारायण स्वामी, सुग्रीव प्रसाद सिहं, आर.पी. एलौन, प्रो. बच्चन कुमार पांडेय, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, उमाशंकर रजक, रामनरेश शर्मा, दीपन प्रसाद शर्मा, कृष्णमुरारी शर्मा डॉ. दिनेश शर्मा, कृतिकान्त शर्मा, अमला कुमारी, जगरोपन सिहं, हरीनाथ राम, योगेंद्र प्रसाद सिहं, स्वामी रंजितेशानंद, के.के.झा, कामेश्वर शर्मा, काशीनाथ पांडेय, कुन्नू लाल, विमल पांडेय, सूर्यनाथ सिह, कामेश्वर त्रिवेदी, सुरेंद्र दुबे, सत्यनारायण सिहं, बबन सिह, रामायण चौबे, राजवंश सिह, मृत्युंजय सिह, शिवमूरत सिह, अर्जुन सिह कुशवाहा, धीरेंद्र मिश्रा, सुदामा प्रसाद भारती सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## वेदों को सरल बनाकर 18 पुराणों को की गई रचना-सचिव श्रीकांत

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** पेंशनर भवन में रविवार को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर परिचर्चा हुआ। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की।इस दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा गुरुपर्वया, गुरुपूर्णिमा को वेद व्यास जी जयंती समारोह के रूप में मनाई जाती है। उनका जन्म आषाढ़ पूर्णिमा को माता सत्यवती के गर्भ से हुआ था।वेदों को विभाजित करने से वे वेद व्यास बन गए।कहा जाता है कि वेदों का नाम अत्यंत गुरु है। वे वेदों को सरल बनाकर 18 पुराणों की रचना की।वेदों के कर्म उपादान तथा ज्ञान का पूर्ण ब्याख्या महाभारत में उल्लेख है। वेद व्यास की जयंती के बल भारत में ही नहीं मनाई जाती है, सम्पूर्ण विश्व में गुरुपर्व मनाया जाता है।

# नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में दिनकर सेवा समिति द्वारा देव वृक्ष बेल का रोपण

निज संवाददाता।

**पटना।** रविवार को नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, गायघाट के प्रांगण में दिनकर सेवा समिति द्वारा समिति अध्यक्ष डॉ. अजय प्रकाश के नेतृत्व में देव वृक्ष बेल का रोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ. अजय प्रकाश ने बताया कि जिस प्रकार मां बच्चों का संरक्षण करती है उसी प्रकार पेड़ भी इस संपूर्ण समाज का संरक्षण करता है, वर्तमान समय में जलवायु पर्यावरण के संतुलन के लिए पेड़ का रोपण अति आवश्यक है, देव वृक्ष बेल पूजन कार्य, पर्यावरण संतुलन के साथ इसका फल पेट संबंधित सारी समस्याओं को भी दूर करता है। इस प्रकार यह मां की तरह हमें संरक्षण प्रदान करता है। तो आइए हम प्रण लें की हमें जब भी अवसर मिले तब पेड़ अवश्य लगाए तथा पानी खाद देकर उसकी सेवा मां की तरह करें। डॉ. अजय प्रकाश ने यह भी बताया कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आगामी पखवाड़ा में पटना, हाजीपुर, छपरा एवं गोपालगंज जिले में 4 हजार पेड़ों का वितरण एवं रोपण किया जाएगा। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद यादव, मुकेश कुमार मंटू, विनय कुमार, अमित कुमार यादव, रामजी गुप्ता, विकास मौडीवाल, डॉ. एचपी सिंह, प्रमोद कुमार, सर्व प्रकाश सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे।





# आश्वासन के बाद भी नही चालू हुआ नलजल से पानी की सप्लाई, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

- शेखपुरा पंचायत के वार्ड नं 9 में नलजल योजना से आठ साल पूर्व बोरिंग कर छोड़ देने से ग्रामीणों के समक्ष पेयजल की समस्या ।

निज संवाददाता



**नरहट (नवादा)।** शेखपुरा पंचायत अंतर्गत छोटा शेखपुरा गांव वार्ड नम्बर 9 में नलजल योजना से सिर्फ बोरिंग कर छोड़ दिया गया है। बोरिंग किया हुआ आठ साल बीत जाने के बाद भी इस जगह पर टावर टंकी लगा कर पाइप लाइन से घरों में पानी की सप्लाई नही किए जाने के कारण ग्रामीणों में भारी नराजगी है। मिली जानकारी के अनुसार इस वार्ड में लगभग आठ साल पहले पीएचईडी विभाग से बोरिंग करा कर छोड़ दिया गया है। भीषण गर्मी में पेयजल के लिए ग्रामीण इधर उधर भटक रहे हैं। अनुसूचित जाति बहुल्य इस वार्ड के लोगों को पेयजल के लिए परेशानी हो रही है। आठ साल के लम्बे अंतराल के बाद भी नलजल योजना से काम पूरा नही होना अधिकारियों के उदासीनता को दरसाता है। इससे साफ होता है कि विभाग कितना सक्रिय होकर धरातल पर काम को पूरा कर रहा है। प्रखण्ड स्तर पर शिकायत के वावजूद ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या को मीडिया के माध्यम से वरीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। लेकिन आज तक किसी ने नलजल की समस्या का समाधन नही किया गया है। क्षेत्र भर्मण के दौरान वार्ड 9 के ग्रामीणों द्वारा तत्कालीन नवादा सांसद चंदन सिंह से भी शिकायत की थी। उसके बाद भी अभी तक इस जगह पर विभाग द्वारा काम शुरू करा घरों में पानी की सप्लाई नही की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पीएचईडी विभाग द्वारा 2016 में बोरिंग के बाद आज तक नलजल योजना शोभा की वस्तु बन कर रह गई है। विभागीय उदासीनता के कारण सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल का जल फेलुयर साबित हो रही है। सरकार के लाखों खर्च के वावजूद ग्रामीणों को नल का जल नसीब नहीं हो रहा है। आठ साल से बोरिंग कर छोड़ दिया है इससे यह साफ पता चलता है कि नलजल योजना में कितना तेजी से काम हो रहा है। सरकार का बोरिंग में लाखों रुपए खर्च के बाद वार्ड नम्बर 9 के ग्रामीणों को पानी नसीब नहीं हुआ है। पानी के लिए ग्रामीण इधर उधर भटक रहे हैं। ग्रामीण, विजय चौधरी कई वर्षों से नलजल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है। सम्बंधित विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते कई वर्षों से नलजल योजना से घरों में पानी की सप्लाई नही की गई है। पानी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। जिलाधिकारी से हमारी मांग है कि अधूरा पड़े नलजल योजना को अबिलम्व पूरा कराया जाय। ग्रामीण, उमेश राजवंशी लगभग आठ साल पूर्व नलजल योजना से वार्ड में चयनित जगह पर बोरिंग कर छोड़ दिया गया है। कई बार प्रखण्ड स्तर पर शिकायत के बाद भी अधूरा पड़े नलजल के काम को पूरा नही किया गया है। वार्ड के लोग हमें कोस रहे हैं। लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा हैं। वार्ड नम्बर 9 के वार्ड सदस्य फुलवा देवी इस सम्बंध में पूछे जाने पर प्रखण्ड पीएचईडी जेई शिव कुमार ने बताया कि वार्ड 9 में पूर्व से किया गया बोरिंग स्थगित हो गया है। इस जगह पर दूसरा योजना स्वीकृत हुआ है जिससे टावर टंकी लगाया जाएगा।

# धान के कटोरा में अकाल की आशंका

**सासाराम (दुर्गेश किशोर तिवारी)।** धान के कटोरा के नाम से विभूषित रोहतास के मैदानी इलाकों में प्रयाप्त मात्रा में बारिश नही होने से जहां पानी के अभाव में धान की रोपनी का कार्य प्रभावित हो गई है। वही मंडराते अकाल की आशंका को देख किसान खासे चिंतित नजर आने लगे है। जिले में आलम यह है कि सिंचाई के लिए जिले के अधिकांश प्रखंडों में नहरीकरण की व्यवस्था होने के बावजूद खेतो के अंतिम छोर तक पानी नही पहुंचने से खेती कार्य प्रभावित हो गई है। नीले आसमान में विगत एक ढेड़ सप्ताह से कड़ाके के धूप खिलने से आषाढ़ माह के अंतिम पखवारे में भी बैशाख-ज्येष्ठ जैसी एहसास हो रही है। हालांकि सोमवार से श्रावण मास भी चढ़ने वाला है। बावजूद खेतो में पानी नादार्थ है। नीले आसमान में उमड़ते घुमड़ते बादलों की आवाजाही देखने को अवश्य मिल जा रहा है।

## घर के पास लगे ट्रैक्टर की चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**नवादा (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के परमेश्वर बिगहा गांव से बीते 19 जुलाई की रात्रि को अज्ञात चोरों ने घर के पास लगे एक ट्रैक्टर की चोरी कर ली है। जिसको लेकर ट्रैक्टर मालकिन परमेश्वर बिगहा गांव निवासी मुकेश कुमार की पत्नी रूबी कुमारी ने थाने को लिखित आवेदन देकर चोरी गए ट्रैक्टर को बरामदगी एवं दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दिए आवेदन में बताया कि महिंद्रा ट्रैक्टर संख्या बीआर27ई5372 को प्रति दिन की भांति 19 जुलाई की शाम को घर के बाहर लगाया गया था। जब सुबह उठकर देखा गया, तो ट्रैक्टर अपने लगाए गए जगह पर नहीं था। जिसको लेकर घर एवं आसपास के क्षेत्र में काफी खोजबीन भी किया गया।

# गांव के मुख्य गली का मुखिया ने किया उद्घाटन, ग्रामीणों में छाई खुशी

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के हंडिया पंचायत के दलेलपुर जाने वाली मुख्य गली का उद्घाटन कार्यक्रम रविवार को हुआ। यह मुख्य गली को पंद्रह वीं वित्त आयोग की राशि से निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया अजय पंडित ने पूजा अर्चना कर किया। दलेलपुर गांव के मुख्य गली का निर्माण होने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस दौरान ग्रामीण उमेश यादव, उपेन्द्र यादव, रोहित कुमार, रूपलाल यादव, विवेकानंद यादव, सच्चिदानंद यादव, गायत्री देवी, रामजी यादव, ललिता देवी, रिंकू देवी, सीता देवी, चंद्रवती देवी समेत अन्य ने कहा कि जमाने से यह गली बदहाल थी, कीचड़युक्त रास्ते थे। कच्ची नाली होने के वजह से घर का पानी गली में गिरता था, जिससे बदबू चारों ओर फैल जाती थी, वही बरसात के दिनों में इस रास्ते से गुजरने में काफी परेशानी उठानी पड़ती थी, जबकि यह गली गांव की मुख्य गली थी। अब गांव आने के लिए इस रास्ते को फेवर ब्लॉक व ढक्कन युक्त नाली का निर्माण होने से आवागमन में सुविधा उपलब्ध हो गया। सरकार का यह महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हम सभी ग्रामीणों को मिला है। इस मौके पर मुखिया अजय पंडित ने कहा दलेलपुर गांव के मुख्य गली में फेवर ब्लॉक सोलिंग व ढक्कन युक्त नाली का निर्माण कार्य को पूरा किया गया। कहा यह गांव वार्ड संख्या तेरह में है। इस गांव में 15 वीं मद से कराया गया है, जो योजना संख्या एक /2024 -25 के तहत गांव में कैलाश यादव के घर से रन रतन यादव के घर तक फेवर ब्लॉक सोलिंग व ढक्कन युक्त नाली कार्य हुआ है, जिसका प्राक्कलित राशि चार लाख 93 हजार 200 रुपये हैं। उन्होंने कहा ग्रामीणों की आवागमन में समस्या को देखते हुए इस गली का ढक्कन युक्त नाली व फेवर बलॉक सोलिंग किया गया है।

# पंचायती राज विभाग के द्वारा कौआकोल प्रखण्ड में किया गया पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत

निज संवाददाता



**कौआकोल (नवादा)।** पंचायती राज विभाग के निर्देश पर रविवार को कौआकोल प्रखण्ड के सभी पंचायतों में पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसकी जानकारी देते हुए प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो ने बताया कि 08 जुलाई को माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के द्वारा वन महोत्सव का शुभारंभ किया गया है। जिसके तहत प्रखण्ड के सभी वार्डों में कम से कम पांच फलदार एवं छायेदार पौधा लगाने का लक्ष्य पंचायती राज विभाग द्वारा रखा गया है। इसी कड़ी में रविवार को प्रखण्ड के सभी पंचायतों एवं वार्डों में वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को 1500 पौधा का रोपण स्थानीय जनप्रतिनिधियों की देखरेख में किया गया। वहीं जनप्रतिनिधियों को सभी पौधों की अपने स्तर से देखरेख करने का भी निर्देश दिया गया। वहीं दूसरी ओर लालपुर पंचायत में मुखिया उषा देवी की देखरेख में पचास पौधा का रोपण कर उसकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया।

## दौलतपुर से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** स्थानीय नरहट थाना पुलिस अवैध बालू खनन के विरुद्ध बालू माफिया पर लगातार कार्रवाई कर रही है। अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी कर अवैध बालू लदे वाहनों को जब्त किया जा रहा है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने बताया कि ग्राम दौलतपुर थाना नरहट से बीते रात्रि एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को बरामद कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। ट्रैक्टर चालक पुलिस के भनक लगते है फरार हो गया। थानाध्यक्ष द्वारा बालू माफिया पर लगातार कार्रवाई से बालू माफिया में हड़कम्प मचा है।

# विशेष अभियान में कार से भारी मात्रा में शराब एवं बियर बरामद, तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई अमित कुमार ने बस से बिहार जा रहे एक व्यक्ति के पास से कोल्डड्रिंक के दो बोतलों में भरे कुल 4 लीटर शराब को जब्त किया एवं तस्कर को गिरफ्तार किया। वहीं उत्पाद विभाग के जिले से आई टीम में रहे एएसआई राज किशोर, अजय कुमार सिंह व निरंजन कुमार ने बीती रात्रि फरका बुजुर्ग गांव में छापेमारी कर एक टाटा इंडिगो कार से 70 बोतल विदेशी शराब एवं बियर को जब्त किया है एवं कार में रहे एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने हेतु समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में झारखण्ड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। जांच के क्रम में बोकारो से बिहार जाने वाली बस से एक युवक को कोल्डड्रिंक के बोतल में रहे कुल 4 लीटर शराब को बरामद किया गया एवं एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान झारखण्ड के बोकारो थाना क्षेत्र निवासी गोविंद साव के पुत्र अवधेश साव के रूप में हुई है। वहीं गुप्त सूचना के आलोक में जिले से एक विशेष टीम द्वारा फरका बुजुर्ग गांव से एक टाटा इंडिगो कार संख्या जेएच02एबी5787 को जांच के लिए रोका गया।इस क्रम में दो शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, जबकि एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।जांच के क्रम में कार से 70 बोतलों में बन्द रॉयल स्टेज व इम्पेरियल ब्लू नामक विदेशी शराब के 21.750 लीटर एवं 33.750 लीटर किंग्सफिशर बियर बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्कर डोमचांच थाना क्षेत्र के सपही गांव निवासी वासुदेव यादव के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार तस्कर ने भागने वाले तस्करों की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के टोपा पहाड़ी निवासी कारू भुल्ला के पुत्र जीतू भुल्ला एवं डोमचांच थाना क्षेत्र के सपही गांव निवासी विनोद यादव उर्फ घुटरा यादव के बेटे शशि यादव के रूप में की है। गिरफ्तार तस्कर ने यह भी बताया कि उक्त शराब रजौली के सिमरकोल मोड़ में उतारे जाने को लेकर डोमचांच थाना क्षेत्र के सपही गांव निवासी ओगण ठाकुर के पुत्र शंकर ठाकुर ने कहा था। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जब्त शराब एवं कार के अलावे गिरफ्तार तस्करों और शराब कारोबार में शामिल लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि दोनों गिरफ्तार शराब तस्करों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शनिवार की संध्या से लेकर रविवार की सुबह तक कुल 18 लोग शराब के नशे में झूमते बिहार प्रवेश किये। जिनका ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच किये जाने पर सभी के शराब पीये होने की पुष्टि हुई। सभी शराबियों को नवादा स्थित न्यायालय में जुर्माना राशि जमा करने के बाद सभी को मुक्त कर दिया गया।

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित




Page 11 खेल

**पेरिस ओलंपिक : नीरज चौपड़ा की चोट पर आया बड़ा अपडेट**



Page 02 देश

**उत्तराखंड के सीएम धामी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी मां संग...**


कृष्ण पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • सोमवार • 22 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 222 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 73,970 | ₹91,500 |

## आज का इतिहास

- 1918 : भारत के पहले प्रवीण पायलट इन्द्रलाल राय प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान लंदन में जर्मनी के साथ हवाई लड़ाई में मारे गए।
- 1981 : भारत के पहले भू स्थिर उपग्रह 'एप्पल' ने काम करना शुरू किया।

## न्यूज बाइट्स

### नीट पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी संजीव मुखिया पर कसा शिकंजा

**पटना (नि.सं.)** । बिहार में नीट पेपर लीक मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया पर शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए फरार चल रहे संजीव को उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय, नालंदा के तकनीकी सहायक पद से निलंबित कर दिया गया है। संजीव दो महीने से बगैर सूचना महाविद्यालय नहीं आ रहे थे। इसे गंभीरता से लेते हुए बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के निदेशक प्रशासन ने कार्रवाई की है। साथ ही संजीव को निलंबन अवधि में हार्टीकल्चर रिसर्च सेंटर, किशनगंज में सेवा देने का आदेश दिया गया है। इससे पहले संजीव मुखिया के विरुद्ध अखबारों में विज्ञापन देकर उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय, नालंदा के प्रशासन ने कार्यालय में उपस्थित होने की चेतावनी दी थी, लेकिन संजीव ने बीमार होने की सूचना देकर फरार है।

### शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन 23 फर्जी अभ्यर्थी धराए

**पटना (नि.सं.)** । पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की ओर से शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई-3.0) की पुनर्परीक्षा के तीसरे दिन रविवार को 23 फर्जी अभ्यर्थी धराए। इसके साथ ही फर्जी अभ्यर्थियों की संख्या बढ़कर 55 हो गए। शनिवार तक 32 फर्जी पकड़ाए थे। बताया जाता है कि इसमें कई ऐसे अभ्यर्थी हैं, जो आधार से छेड़छाड़ कर पहुंचे थे। सबसे अधिक सहरसा से चार, बेगूसराय से तीन, औरंगाबाद, पूर्णिया, जहानाबाद, गया, भोजपुर, भागलपुर एवं सिवान में दो-दो, पटना एवं मुजफ्फरपुर से एक-एक फर्जी अभ्यर्थी को पकड़ा गया। आयोग के सचिव गयासुद्दीन ने बताया कि परीक्षा में एक लाख 45 हजार अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। इनमें 90.5 प्रतिशत उपस्थिति रहे। परीक्षा देकर लौटे अभ्यर्थियों ने बताया कि परीक्षा दोपहर 12 से 2:30 बजे तक हुई। आसान से मध्यम स्तर के प्रश्न पूछे गए थे।

मुखियाओं के विरोध के बाद बैकफुट पर नीतीश सरकार

# पंचायत कार्यों के टेंडर के फैसले पर होगा पुनर्विचार

- बिहार की पंचायतों में फिलहाल 15 लाख तक के विकास कार्य बिना टेंडर के ही चलते रहेंगे। नीतीश कैबिनेट का फैसला फिलहाल लागू नहीं होगा। सरकार इस पर पुनिर्विचार कर रही है।

निज संवाददाता | पटना

बिहार के पंचायतों में सभी तरह के विकास कार्यों में टेंडर प्रक्रिया अपनाने के फैसले पर पुनर्विचार किया जाएगा। राज्य के विभिन्न पंचायतों के मुखिया के विरोध के बाद नीतीश सरकार बैकफुट पर आ गई है। राज्य सरकार में पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने रविवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा के माध्यम से फाइल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भेज दी गई है। सीएम नीतीश इस पर फैसला लेंगे। सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित राज्य कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को फैसला लिया गया कि अब पंचायतों में 15 लाख से कम के विकास कार्य भी टेंडर के जरिए ही कराए जाएंगे। इस तरह नीतीश सरकार ने पंचायतों के मुखिया और वार्ड सदस्यों के पर कतर दिए। इससे विकास कार्यों में उनकी मनमानी नहीं चल पाएगी। कैबिनेट के इस फैसले के खिलाफ राज्य भर के मुखिया सरकार के विरोध में आ गए। विभिन्न जिलों में मुखिया संघ ने राज्य सरकार से यह फैसला वापस लेने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। विरोध के बाद महज दो दिनों के भीतर नीतीश सरकार बैकफुट पर आ गई। अब राज्य सरकार ने अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने का फैसला लिया है।

## मोबाइल एप पर आपदा में काम आने वाले संसाधनों की दें जानकारी

**पटना (नि.सं.)।** आपदा से निपटने के उपायों की बेहतर व्यवस्था, जागरूकता और पहले से अधिक तैयारियों के लिए बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण ने ऑनलाइन डाटा वेस तैयार किया है। इसे सरल बनाने के लिए मोबाइल एप (बीएसडीआरएन एप) विकसित किया गया है। रविवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में जिला, अनुमंडल और अंचल स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक में आपदा प्रबंधन के अपर समाहर्ता देवेन्द्र प्रताप शाही ने इस एप पर आपदा से निपटने के लिए जरूरी उपकरणों, संसाधनों और आवश्यक सामग्रियों की जानकारी जुलाई के अंत तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। बिहार राज्य आपदा संसाधन नेटवर्क (बीएसडीआरएन) के क्रियान्वयन के तहत यह बैठक आयोजित की गई थी। सभी पदाधिकारियों को कहा गया है कि जुलाई के अंत तक बीएसडीआरएन एप पर सभी संसाधनों से संबंधित डाटा अपलोड करे दें। इसके लिए अलग से यूजर आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में अधिकारियों ने बताया गया कि एप के माध्यम से उपकरणों, संसाधनों और आवश्यक सामग्रियों की जानकारी आपदा के समय उपलब्ध हो सकेगा ताकि उस समय स्थिति को नियंत्रित की जा सके। कोई भी संस्था संसाधनों की दे सकेगी जानकारी। बीएसडीआरएन की वेबसाइट पर कोई भी संस्था, संगठन, विभाग या व्यक्ति अपने पास उपलब्ध संसाधन जो बाढ़, सुखाड़, सड़क दुर्घटना, नाव दुर्घटना, भूकंप आदि आपदाओं के समय उपयोग में लाया जा सकते हैं उनका डाटा अपलोड कर सकेंगे।

## केंद्र ने दिये निपाह वायरस पर सतर्कता बरतने के निर्देश, केंद्रीय दल की तैनाती

- चमगादड़ आमतौर पर इस वायरस के वाहक होते हैं और चमगादड़ से दूषित फल खाने से मनुष्य संक्रमित हो सकते हैं।

एजेंसी | नयी दिल्ली।



**केरल में 14 साल के लड़के की निपाह-वायरस से मौत**

केरल के मलप्पुरम में निपाह वायरस से पीड़ित 14 साल के लड़के की रविवार को मौत हो गई। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि पीड़ित लड़के को सुबह 10.50 बजे दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर भी रखा गया, लेकिन सुबह 11.30 बजे उसकी मौत हो गई। वीना ने बताया कि संक्रमित लड़के को ऑस्ट्रेलिया से मिली मोनोक्लोनल एंटीबॉडी दी गई थी। प्रोटोकॉल के मुताबिक संक्रमित होने के 5 दिन के अंदर इसे दिया जाता है। इस मामले में संक्रमित लड़के को एंटीबॉडी देने में देर हो गई थी। वीना ने यह भी कहा कि लड़के का अंतिम संस्कार इंटरनेशनल प्रोटोकॉल के मुताबिक किया जाएगा। इसके लिए लड़के के परिवार और माता-पिता से बात की जा रही है। वहीं, उसके संपर्क में आए 3 रिश्तेदारों को निगरानी में रखा गया है।

केंद्र सरकार ने केरल में निपाह वायरस के सामने आने पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं और एक केंद्रीय दल के तैनाती की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि केरल के मलप्पुरम जिले में निपाह वायरस का एक मामला सामने आया है, जिसमें प्रभावित की बाद में मृत्यु हो गई। केंद्र ने राज्य सरकार को तत्काल सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय करने की सलाह दी है। प्रभावित के परिवार, पड़ोस और क्षेत्र में सक्रिय मामले की खोज की जानी चाहिए। पिछले 12 दिनों के दौरान संपर्क में आने वाले लोगों को सख्ती से पृथक तथा संदिग्धों को अलग रखा जाना चाहिए। सभी के नमूने को प्रयोगशाला परीक्षण के लिए संग्रहण किया जाना चाहिए।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य में एक बहु विशेषज्ञ दल को मामले की जांच करने, महामारी विज्ञान संबंधों की पहचान करने और तकनीकी सहायता के लिए तैनात किया है। इसके अतिरिक्त, राज्य के अनुरोध पर, आईसीएमआर ने रोगी प्रबंधन के लिए मोनोक्लोनल एंटीबॉडी भेजी है और संपर्कों से अतिरिक्त नमूनों की जांच के लिए एक मोबाइल बीएसएल-3 प्रयोगशाला कोझिकोड में पहुंच गई है।

केरल में निपाह वायरस (एनआईवीडी) के प्रकोप की सूचना पहले भी मिल चुकी है, जिसमें सबसे हालिया प्रकोप 2023 में कोझिकोड जिले में हुआ था। चमगादड़ आमतौर पर इस वायरस के वाहक होते हैं और चमगादड़ से दूषित फल खाने से मनुष्य संक्रमित हो सकते हैं।

## बुनियादी सुविधाओं के बिना चल रहे निजी आईटीआई का रजिस्ट्रेशन होगा रद्द

निज संवाददाता | पटना

बिहार में बुनियादी सुविधाओं के बिना चल रहे निजी आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाएगा। श्रम संसाधन विभाग ने राज्य में चल रहे निजी आईटीआई की जांच करने का फैसला किया है। विभाग ने उन संचालकों पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है जो तय मानकों का उल्लंघन कर आईटीआई चला रहे हैं। राज्य में 1200 से ज्यादा निजी आईटीआई हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पटना समेत राज्य के सभी शहरों में चल रहे अधिकांश निजी आईटीआई में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। अधिकांश में पक्के मकान भी नहीं बने हैं। कुछ ने टीन की झोपड़ी बना ली है तो कुछ में प्रयोगशाला की सुविधा नहीं है। अधिकांश आईटीआई में शिक्षकों की कमी है। सरकारी आईटीआई में नामांकन के अभाव में छात्र निजी आईटीआई का सहारा लेने को मजबूर हैं, जिसमें उनका न सिर्फ आर्थिक शोषण होता है बल्कि उन्हें समुचित प्रशिक्षण की सुविधा भी नहीं मिल पाती है। ऐसे में छात्र डिग्री तो हासिल कर लेते हैं, लेकिन सरकारी व गैरसरकारी कंपनियों में काम करने में उन्हें कई व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कुछ को तो नौकरी भी नहीं मिल पाती है।

संचालकों की इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए विभाग ने प्रदेश भर के सभी निजी आईटीआई का निरीक्षण करने का निर्णय लिया है। इसके लिए जल्द ही अधिकारियों की टीम गठित की जाएगी। एक जिले के अधिकारी को दूसरे जिलों के आईटीआई का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

## अध्यापक शिक्षण के प्रति समर्पित भाव से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें : राज्यपाल

निज संवाददाता | पटना



राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर 'गुरू शिष्य परंपरा' पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अध्यापकों और विद्यार्थियों-दोनों को पूर्ण समर्पण भाव से अपना काम करना चाहिए। अध्यापक शिक्षण के प्रति समर्पित भाव से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें और विद्यार्थी भी श्रद्धा और समर्पण के साथ ज्ञानार्जन करें। समर्पण का यह भाव शिक्षा, समाज, राष्ट्र, परिवार, शिक्षक एवं विद्यार्थियों - सबके प्रति होनी चाहिए। अपने कार्य के प्रति समर्पित होने पर ही अध्यापक विद्यार्थियों को कुछ नया दे सकते हैं। उन्होंने महर्षि व्यास का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें स्मरण करने का अभिप्राय अपने भीतर समर्पण का भाव लाना है। भारत को फिर से पुराना गौरव प्राप्त करने और विश्वगुरू बनने के लिए अध्यापकों और विद्यार्थियों में समर्पण का यह भाव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरू शिष्य की परंपरा सदियों पुरानी है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तत्व को जानने वाला तथा अपने शिष्य के हित के लिए निरंतर उद्यमशील रहनेवाला ही गुरू है। उपदेश आसान होता है, किन्तु उसका अनुपालन कठिन होता है। गुरू शिष्य परंपरा को दृढ़ बनाने के लिए श्रोता और वक्ता अर्थात विद्यार्थी और अध्यापक के बीच का संबंध बहुत महत्वपूर्ण होता है। शिष्य गुरू का प्रतिबिम्ब होता है। उन्होंने दक्षिणामूर्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरू सिर्फ बोल कर ही नहीं, बल्कि मौन रहकर अपने आचरण से शिष्यों का उद्बोधन करता है और शिष्य संतुष्ट होते हैं।

## बिहार में बालू के साथ गिट्टी की कमी अन्य राज्यों से मंगाने की तैयारी

- मानसून की वजह से राज्य में बालू खनन पर पूरी तरह से रोक
- अन्य संसाधन से बालू को मंगाने पर कीमतों में उछाल संभव

निज संवाददाता | पटना

राज्य की नदियों से बालू खनन बंद है। मानसून की अवधि में बालू खनन पर रोक होने की वजह से पहले से बालू की कमी है। इस बीच गिट्टी (स्टोन चिप) की कमी की शिकायत भी सरकार तक पहुंची है। जिसके बाद अन्य राज्यों से स्टोन चिप मंगाने का प्रस्ताव पास किया गया है। खान एवं भू-तत्व विभाग के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्टोन चिप की कमी होने के बाद हाल ही में नार्थ बिहार स्टोन चिप्स मर्चेन्ट एसोसियेशन के प्रतिनिधि मंडल ने सरकार से मिल उसे अपनी समस्या बताई थी।

साथ ही पूर्व से लागू व्यवस्था के तहत स्टोन चिप की आपूर्ति अन्य राज्यों से करने की अनुमति मांगी। प्रतिनिधि मंडल का सुझाव था कि अन्य राज्यों से स्टोन चिप की आपूर्ति मालगाड़ी के रैक से कराने की अनुमति दी जाए। ट्रेन रैक से स्टोन चिप मंगाने से इसकी कीमत काफी कम रहती है। जबकि अन्य संसाधन से इसे मंगाने पर कीमतों में उछाल संभव है। विभाग ने इस आग्रह के बाद अन्य राज्यों से गिट्टी की आपूर्ति पर सहमति तो दे दी लेकिन शर्त यह रखी गई है कि गिट्टी भंडारण के लाइसेंसधारी अपने स्टॉकिस्ट की पहचान (आइडी ) से विभागीय पोर्टल पर इसकी मात्रा और स्रोत का उल्लेख कर आवेदन देंगे।

## व्यवसायी के गबन किए गए साढ़े 29 लाख रूपयों के साथ तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** पूर्व स्टाफ के साथ मिलकर एक रोड़वेज बस के कंडक्टर और चालक ने उत्तर प्रदेश के व्यवसायी के विश्वास और भरोसे के साथ धोखा किया है, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर इनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। यह औरंगाबाद पुलिस के लिए बड़ी सफलता बताई जा रही है। दरअसल कांड के कुछ घंटों के बाद पुलिस ने एक रोड़वेज बस से साजिश के तहत गबन किए गए साढ़े 29 लाख रूपयों के साथ चालक, कंडक्टर और एक पुर्व स्टॉफ को गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान कंडक्टर बारूण थाना क्षेत्र के सिरिस गांव निवासी रवि रंजन सिंह, चालक गया ज़िले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के लखौमपुर गांव निवासी मो. शाहिद हुसैन एवं पूर्व स्टाफ देव थाना क्षेत्र के देव निवासी धनंजय सिंह के रूप में की गई है।

दरअसल चेतक रोडवेज बस झारखंड के धनबाद से साढ़े 29 लाख रुपयों का पार्सल लेकर रोहतास ज़िले के सासाराम के लिए निकाली थी लेकिन बीच रास्ते में देव मोड़ के समीप चालक, कंडक्टर एवं पुर्व स्टॉफ ने योजना के तहत उक्त रुपयों को पूर्व स्टाफ धनंजय सिंह के घर पर छुपा दिया और रुपयों के मालिक को फोन किया जिसमें बताया कि सारे रूपये को डायल 112 टीम की पुलिस ने मारपीट कर लूट लिया गया है।

इस संबध में उत्तर प्रदेश के महराजगंज ज़िले के पनियरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सतगुर निवासी संतोष कुमार जायसवाल ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 01 संजय कुमार पांडे एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 02 अमित कुमार के नेतृत्व एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुऐ घटना के कुछ ही घंटो बाद पुलिस ने रुपयों के साथ इन तीनों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपनी अपराध स्वीकार की हैं।

सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 01 संजय कुमार पांडे ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सिद्धिविनायक फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक संतोष कुमार जायसवाल ने बताया कि उनका देश के अलग-अलग राज्यों में करोबार हैं। इसके पहले भी वे विश्वास और भरोसे पर चालक और कंडेक्टर के मध्यम से पैसों की पार्सल डिलिवरी हुई है। उक्त रूपये धनबाद के रहने वाले फर्म स्टाफ सीबू कुमार प्रामाणिक उर्फ विशाल के द्वारा आसपास से नगद कलेक्शन किया गया था जिसे सासाराम पहुंचाने की ज़िम्मेदारी कंडक्टर को दी गई थी।

उन्होने बताया कि संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपियों को जेल भेज दिया गया। फ़िलहाल घटना के हर बिंदु पर पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है, ये रूपये वैध है या अवैध। इस संबध में व्यवसाई से आय की स्त्रोत का पता लगाया जायेगा। इस छापेमारी दल में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 01 संजय कुमार पांडे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 02 अमित कुमार, प्रशिक्षु पुलिस उपाधिक्षक सह मुफ्फसील थानाध्यक्ष मनीषा बेबी, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार, देव थानाध्यक्ष विकाश कुमार, डीआईयू से पुलिस अवर निरीक्षक रामएकबाल यादव, कन्हैया शर्मा, स.अ.नि. सुरेन्द्र कुमार, नंदकिशोर कुमार एवं सिपाही मुन्ना कुमार सहित अन्य शामिल थे।






72 साल बाद खास संयोग-सावन का पहला और आखिरी दिन सोमवार

## देवघर में श्रावणी मेले की शुरुआत, आज से कांवरिए करेंगे जलाभिषेक

निज संवाददाता | देवघर



विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का शुभारंभ हो गया है। रविवार को बिहार से झारखंड के प्रवेश द्वार दुम्मा बॉर्डर पर राज्य की पशुपालन मंत्री दीपिका सिंह और पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने वैदिक मंत्रोचार के बीच पूरे विधि विधान से मेले का उद्घाटन किया। इस वर्ष 72 साल बाद ऐसा हो रहा है, जब सावन की शुरुआत सोमवार से हो रही है और समापन भी सोमवार को। इस साल सावन में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। आज से अरघा लग जाएगा। सुल्तानगंज से जल लेकर आने वाले भक्त सभी कतार हो कर अरघा के माध्यम से ही जल चढ़ाएंगे। बाबा मंदिर के गर्भ गृह स्थित मंझला खंड में अरघा लगा दिया जाएगा। इसके साथ ही पूरे सावन भर मंदिर में वीआईपी पूजा पर भी प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए जिला और पुलिस प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है।

सुल्तानगंज से चलकर आने वाले कांवरिया जैसे ही झारखंड प्रवेश द्वार दुम्मा में प्रवेश करेंगे तो उन्हें इंद्र वर्षा से गर्मी से राहत मिलेगी। पूरे कांवरिया पथ पर कुल 17 जगह पर इंद्र वर्षा लगाए गए हैं। इस इंद्र वर्षा के जरिए कांवरियों पर पानी का बौछार की जाएगी। कांवरिए कोठिया और बाघमारा में गाड़ी पार्क कर खजुरिया और रंगा मोड होते हुए पंडित बीएन झा रोड तक पैदल प्रवेश कर पाएंगे। पैदल जाने के लिए अलग से कतार और बैरिकेडिंग की गई है। 9 किलोमीटर का कच्ची कांवरिया पथ समाप्त होते ही खजुरिया के पास पक्की सड़क मिलेगी। यहां जिला प्रशासन की ओर से बैरिकेडिंग और पंडाल बनाए गए हैं। कांवरिए पंडाल की छांव में पैदल चलेंगे। साथ ही किनारे में कारपेट लगाया गया है। धूप के दौरान कारपेट में समय-समय पर पानी का छिड़काव भी होगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दुम्मा में 10 बेड का अस्थाई अस्पताल बनाया गया है। अगर कोई कांवरिया घायल हो जाता है तो उसका तत्काल इलाज किया जाएगा। एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 10 लोगों का खोया मोबाइल लौटाया

**मुंगेर।** मुस्कान कार्यक्रम के तहत शनिवार को कोतवाली थाना परिसर में सदर डीएसपी राजेश कुमार ने जिला के 10 लोगों की खोई या चोरी की गई मोबाइल वापस की। जिन लोगों को खोई या चोरी गई मोबाइल मिली, उनलोगों ने काफी खुशी व्यक्त की है और पुलिस के कार्यों की भरपूर प्रशंसा की है। डीएसपी ने बताया कि जिला पुलिस छोटी-छोटी घटनाओं में भी काफी सक्रिय है और जनता के लिए पूरी तरह समर्पित है। कोतवाली थाना में जिन लोगों को मुस्कान कार्यक्रम के तहत मोबाइल दिया गया, उसमें ऐसे कई लोग थे, जिसका मोबाइल किसी ना किसी विधि से खो गया था। इन लोगों के द्वारा कोतवाली थाना में आवेदन देकर केस दर्ज कराया गया था। जिसके बाद पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के तहत खोया हुआ मोबाइल की बरामदगी की।

### कुलपति से समन्वय समिति की वार्ता अधिसूचना जारी करने का अनुरोध

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय के सिंडिकेट हाल में विवि प्रशासन के साथ समन्वय समिति के प्रतिनिधि मंडल की लंबी वार्ता चली। हालांकि लंबी वार्ता के बावजूद शनिवार को भी प्रोन्नति का नोटिफिकेशन जारी नहीं हो सका। लिहाजा वार्ता से समन्वय समिति के पदाधिकारी एवं शिक्षक असंतुष्ट नजर आए। जो आनेवाले समय में आंदोलन की पृष्ठभूमि को ही मजबूत कर गया। वार्ता में वीसी प्रो श्यामा रॉय, कुलसचिव कर्नल बीके ठाकुर, डीएसडब्ल्यू डॉ भावेशचंद्र पांडेय, प्रॉक्टर डॉ संजय भारती आदि विश्वविद्यालय अधिकारी मौजूद थे। प्रोन्नति के लाभार्थी शिक्षकों ने कुलसचिव द्वारा अधिसूचना प्रकाशन में देरी का मामला वीसी के संज्ञान में लाया। समन्वय समिति के अध्यक्ष डॉ देवराज सुमन ने कहा कि प्रमोशन की प्रक्रिया पूरी होकर एक सप्ताह पहले ही कुलसचिव के टेबल पर पडी है। इसलिए शिक्षक संघ की जिम्मेदारी है कि वह वीसी को देरी से अवगत कराए।

### ना सदर का मॉडल हॉस्पिटल ना सुपर स्पेशियलिटी हुआ चालू, बिल्डिंगों के निर्माण पर 122 करोड़ खर्च

**भागलपुर।** शहर में सुपर स्पेशियलिटी (100 करोड़) व सदर अस्पताल के मॉडल हॉस्पिटल (22 करोड़) के बिल्डिंगों के निर्माण पर 122 करोड़ रुपए खर्च हुए। लेकिन, मैनपावर व संसाधन दिए ही नहीं। लिहाजा इन दोनों अस्पतालों में मरीजों का इलाज शुरू नहीं हो पा रहा है। अबतक छह बार से ज्यादा सिर्फ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल चालू करने की डेडलाइन फेल हो चुकी है। वहीं सदर अस्पताल स्थित मॉडल हॉस्पिटल की भी दो बार तारीख टल चुकी है। सिविल सर्जन और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य स्वास्थ्य विभाग से लगातार पत्राचार भी कर रहे हैं, लेकिन सुपर स्पेशियलिटी में अभी तक 10 स्पेशलिस्टों की तैनाती हुई है। बाकी नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन, वार्ड अटेंडेंट, स्वीपर, ट्रॉलीमैन, सुरक्षा गार्ड, ड्रेसर, ओटी असिस्टेंट समेत अन्य ऑफिशियल स्टाफ की तैनाती नहीं हो सकी है।



सुपर स्पेशियलिटी के आधा दर्जन डॉक्टरों ने योगदान भी दे दिया, लेकिन उनके पास अभी काम नहीं है तो उन्हें मायागंज अस्पताल में ही रहने को कहा गया है। हालांकि प्राचार्य ने कहा है कि वे लोग सुपर स्पेशियलिटी में जाकर अपने-अपने विभागों में मशीन इंस्टॉल करवाएं। हार्ट के डॉक्टर से कहा गया है कि वे कैथलैब बनवाएं, धीरे-धीरे इसका सामान मंगवाया जा रहा है। मरीजों के बेड भी अब आने शुरू हो गए हैं। जबकि मॉडल हॉस्पिटल के लिए न तो फर्नीचर की व्यवस्था हो सकी है न मैनपावर की तैनाती हुई है। पिछले दिनों सांसद अजय मंडल ने सुपर स्पेशियलिटी का निरीक्षण करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को पत्र भी दिया था कि पूरी तैयारी के बाद ही अस्पताल खोला जाए। अन्यथा मरीजों को यहां की सुविधा का लाभ नहीं मिल सकेगा। 16 डॉक्टरों को प्रमोशन इधर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के 16 डॉक्टरों को कार्यकारी व्यवस्था के तहत एसोसिएट प्रोफेसर बनाया गया है। इसमें ईएनटी में एक, एनेस्थिसिया में एक, रेडियोलॉजी में एक, शिशु में चार, पैथोलॉजी में दो, फिजियोलॉजी में तीन और फॉर्माक्लॉजी में चार डॉक्टरों को प्रमोशन दिया गया है।

### विवाद में बड़े भाई को लाठी-डंडे से पीटा, इलाज के दौरान मायागंज में मौत



**भागलपुर।** आपसी विवाद में सगे भाई को छोटे भाई ने लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इलाज के दौरान मायागंज अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक मो. शाहजहां (25) भतोड़िया निवासी मो. जाकिर का बेटा था। मारपीट की घटना बीते शुक्रवार की सुबह मृतक के ननिहाल मुंगेर के असरगंज की है। जख्मी को प्राथमिक इलाज के बाद मायागंज रेफर कर दिया गया था, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम शाहजहां की मौत हो गई। घटना के बारे में मृतका की पत्नी ने असरगंज थाने में फर्द बयान दर्ज कराया है, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक शाहजहां की मां ने बताया कि शुक्रवार को आम खाने को लेकर दोनों भाई में विवाद हो गया था। शाहजहां ने छोटे भाई के हिस्से का रखा दो आम खा गया था। बस इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। छोटे बेटे ने डंडे से शाहजहां के सिर पर मारकर जख्मी कर दिया। वहीं, मृतक शाहजहां की पत्नी ने बताया कि हमलोग ननद की शादी में असरगंज गए थे। मेरा पति चार भाई था। बहन की शादी में खर्च को लेकर भाई-भाई में झगड़ा हुआ था। मेरे पति को सभी मिलकर शादी के खर्च में हिस्से के तौर पर 25 हजार की मांग कर रहा था, लेकिन पति बोल रहे थे कि अभी पैसा नहीं है, पैसे का जुगाड़ होने पर दे देंगे। इसी बात को लेकर मेरे पति को उसके भाई ने पीटकर जख्मी कर दिया।

### मौसम में बदलाव के साथ ही डेंगू और जलजनित बीमारियों का बढ़ रहा खतरा

**भागलपुर।** मौसम में बदलाव के साथ ही डेंगू व जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल, मायागंज व सदर अस्पताल में ऐसे लक्षण वाले मरीज लगातार आ रहे हैं। हालांकि डेंगू जांच में रिपोर्ट निगेटिव आ रही है। लेकिन सर्दी, खांसी व सीने में दर्द की शिकायत वाले मरीजों को लक्षण के आधार पर एक्सरे भी करवा रहे हैं, जिसमें यह देखा जाए कि उनके फेफड़े में किस तरह का संक्रमण है। पेट दर्द व गैस बनने की शिकायत भी आा रही है। एक्सपर्ट के मुताबिक बदलते मौसम के बीच ऐसे मरीज आ रहे हैं, इनमें से जिनकी इम्युनिटी कमजोर है उन्हें ठीक होने में सात से 10 दिन तक लग रहे हैं। खासकर बच्चों व बुजुर्गों में वायरल संक्रमण की शिकायत ज्यादा हो रही है। बारिश के बाद मक्खियां और गंदगी बढ़ गई है। मायागंज अस्पताल में पांच दिन के अंदर सिर्फ सीने में कफ व पेट में लगातार गैस बनने की शिकायत लेकर 300 से ज्यादा मरीज आए। सदर अस्पताल में भी 125 से ज्यादा मरीजों ने ऐसी परेशानी ही डॉक्टरों को बताई। वायरल संक्रमण के ज्यादा मरीज आ रहे जेएलएनएमसीएच में तैनात मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. राजकमल चौधरी ने बताया कि वायरल संक्रमण की बात कहकर ज्यादा मरीज आ रहे हैं। इसमें पेट दर्द, उल्टी-दस्त के साथ तेज ठंड और शरीर में जकड़न जैसे लक्षण भी मिल रहे हैं। टायफाइड व पीलिया के भी मरीज जांच में मिल रहे हैं।

# गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़

## बिहार-झारखंड समेत कई राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु, सावन की पहली सोमवारी के लिए भरा जल

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में रविवार को सावन की पहली सोमवारी के लिए श्रद्धालु सुल्तानगंज से जल भरकर देवघर के लिए रवाना हुए। गुरु पूर्णिमा होने की वजह से अजगैबीनाथ धाम में उत्तरवाहनी गंगा तट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा घाट पर स्नान करने के लिए पहुंचे। सुबह से ही गंगा घाटों की रौनक बढ़ गई है। शहर के बरारी पुल घाट, सीढ़ी घाट, एसएम कॉलेज घाट से हजारों श्रद्धालु जल भरकर देवघर के लिए रवाना हुए। गंगा घाट से लेकर सड़कों तक बम भोले की गूंज से माहौल भक्तिमय रहा। विभिन्न घाटों से डाक बम और साधारण कमरिया बाबा बासुकीनाथ नाथ धाम, गोनूधाम जेठौर नाथ आदि जगहों पर जाकर सोमवार को जलाभिषेक करेंगे।

**शनिवार को ही कर ली गई थी तैयारी पूरीः** इससे पहले शनिवार को घाटों के आसपास पूजन सामग्री की दुकान सच गई थी। बरारी पुल घाट समिति के अध्यक्ष ने बताया कि आज दुमका, हंसडीहा महादेवगंज, नोनीहाट, लश्करी बाराहाट बौंसी, पुंसिया बैजानी बांका आदि जगहों से श्रद्धालु पहुंचे है। कई लोग डाक बम के रूप में जाएंगे। कई श्रद्धालु जल लेकर बाइक के माध्यम से बासुकीनाथ धाम और अन्य मंदिर में भी प्रस्थान करेंगे। एसएम कॉलेज घाट से अधिकांश श्रद्धालु डाक बम के रूप में जाएंगे। आंशका जताई गई है कि 30 हजार से अधिक श्रद्धालु जल आज उठाएंगे। उधर, शिव शक्ति मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। यहां मंदिर की सजावटी का काम शुरू हो चुका है। देश के अलग अलग राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इसके साथ ही हजारों कांवड़िया कांवड़ में गंगा जल लेकर बैघनाथ धाम के लिए रवाना हुए। अजगैबी नगरी भगवामय हो चुकी है। कांवड़ियों में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। हर तरफ बोल बम के जयकारे गूंज रहे हैं।

**जिला प्रशासन की ओर से गंगा घाट पर SDRF की तैनातीः** गंगा में जलस्तर बढ़ता देख जिला प्रशासन में अतिहतन के तौर पर SDRF टीम को लगाया गया है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु आसपास के इलाकों पर गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे थे। गुरु पूर्णिमा के साथ-साथ साधारण कमरिया भी जल भरने के लिए गंगा घाट पर पहुंचे हैं। जहां पर भोले बाबा के नारों से पूरा शहर गूंज उठा है।

## 'जहां पर जैसी स्थिति वहां पर वैसा काम'-नितिन नवीन

निज संवाददाता। भागलपुर

उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रावणी मेला में कांवड़ियों के चलने वाले रास्ते पर फलों के दुकान के सामने उसके संचालक के नाम लिख पोस्टर लगाने का आदेश दिया है। इसको लेकर विपक्ष जहां हमलावर है, वहीं सत्तापक्ष भी बिहार में इसकी मांग कर रहा है। लेकिन बिहार सरकार के मंत्री और भाजपा नेता नितिन नवीन ने इसको लेकर बड़ा बयान दे दिया है। भाजपा नेता नितिन नवीन ने कहा कि जहां पर जैसी परिस्थिति वहां पर वैसा फैसला हो रहा। यहां वैसी परिस्थिति होती है, तो वैसा फैसला लिया जाएगा। लेकिन अभी हम यहां के दुकानदारों से यही आग्रह करेंगे कि हर दुकानदार अपने दुकान के सामने डस्टबीन रखेंगे। कांवड़िया पथ पर गंदगी नहीं फैलाएंगे। अपने दुकान के सामने पानी का छिड़काव करते



रहें। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की शुरुआत 22 जुलाई से होने वाली है।

इससे पहले आज पूर्णिमा को लेकर श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की भीड़ अजगैबीनाथ धाम सुल्तानगंज में उमड़ेगी। इसको लेकर गंगा घाटों और मेला क्षेत्र का शनिवार को ही जिलाधिकारी और एसएसपी ने निरीक्षण कर हर विभाग के अधिकारियों को मेला के दौरान मुस्तैद रहने का आदेश दिया है। लापरवाही पर कड़े कदम उठाने की भी बात कही है। गंगा में 24 घंटे निगरानी के लिए सरकारी नाव के साथ-साथ SDRF को तैनात रहने का निर्देश दिया है।

## भागलपुर में ABVP कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज, कॉलेज स्टाफ ने छात्रा पर उठाया था हाथ

निज संवाददाता। भागलपुर

### कुलपति से कार्रवाई करने की मांग लेकर पहुंचे थे छात्र नेता

भागलपुर में रविवार को ABVP कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। तिलकामांझी यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन के दौरान ये झड़प हुई है। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। दरअसल, मदन अहिल्या महाविद्यालय नवगछिया में वर्ष 2004-2008 में गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण कराया गया था, जो अब तक चालू नहीं हो सका है। इसके अलावा सात सूत्री मांग को लेकर छात्राएं तीन दिन से अनशन पर बैठी थी। शुक्रवार को अनशन पर बैठी छात्रा पर कॉलेज स्टाफ ने हाथ उठा दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। इसका लाइव वीडियो भी सामने आया था। पिछले तीन दिनों से मदन



अहिल्या महाविद्यालय में ABVP की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा था।

**12 से अधिक छात्रों को पुलिस ने हिरासत लियाः** वहीं, रविवार को छात्र नेता गुरु शिष्य परंपरा पर आधारित कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में छात्र नेता पहुंचे और कुलपति से पिटाई करने वाले स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करने लगे। इस दौरान छात्र नेता उग्र हो गए। पुलिस और छात्र कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई।

इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसके बाद पुलिस ने विद्यार्थी परिषद के 12 से अधिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर SC/ST थाना ले जाया गया। इस घटना में कई लोगों को आंशिक रूप से चोट लगी है। हिरासत में लिए गए शिवसागर कुमार, गौतम साहू, कुणाल पांडे, रोहित, हैप्पी आनंद, दीपा समेत 12 से अधिक स्टूडेंट्स शामिल है।

## इलाज के दौरान नाबालिग से छेड़खानी, प्राइवेट पार्ट को बार-बार टच कर रहे थे डॉक्टर, हंगामा हुआ तो बोले- गलती हो गई

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार की शाम एक नाबालिग ने डॉक्टर पर छेड़खानी का आरोप लगाकर क्लीनिक में जमकर हंगामा किया। नाबालिग सनातन क्लिनिक में आंख का इलाज कराने के पहुंची थी। इसके बाद डॉक्टर संजय कुमार नाबालिग को डार्क रूम ले गए, जहां आंख बंद करने कहा और प्राइवेट पार्ट पर हाथ रख दिया। नाबालिग ने बार-बार हाथ हटाने की कोशिश की, लेकिन डॉक्टर ने नहीं हटाया। इसके बाद वह चिल्लाने लगी। उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा किया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची तिलकामांझी पुलिस ने किसी तरह आक्रोशित परिजनों को शांत करवाया।



**प्राइवेट पार्ट को बार-बार टच कर रहे थेः** नाबालिग ने बताया कि आंख का इलाज कराने हम पहुंचे थे। डॉक्टर संजय कुमार मुझे डार्क रूम में ले गए। वहां पर आंख बंद करने को कहा, इसके बाद प्राइवेट पार्ट पर उन्होंने कई बार हाथ रखा। इसके बाद हम चिल्लाने लगे और घटना की जानकारी परिजनों दी। पीड़िता के पिता ने बताया कि जब हम लोगों ने हंगामा शुरू किया, तो डॉक्टर ने माफी मांगी। उन्होंने कहा कि ऐसी गलती कभी नहीं होगी। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार ली है। मैंने उन्हें माफ कर दिया है। पीड़िता की मां ने बताया कि डॉक्टर के यहां तीन दिन से घूम रहे थे। पिछले तीन दिनों से बेटी को भाई के संग क्लिनिक भेज रही थी, लेकिन इलाज नहीं किया गया। शनिवार को जब अकेली इलाज कराने के लिए भेजी तो डॉक्टर प्राइवेट पार्ट को बार-बार टच कर रहे थे। बार-बार हटाने पर भी नहीं हटाया। जब बेटी चिल्लाने लगी तब डॉक्टर को क्लीनिक से कहीं दूसरे जगह भेज दिया गया। वहीं आरोपी डॉ. संजय कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि गलती हुई है। माफी मांगते हैं। आगे से ऐसी गलती नहीं होगी।

**क्या बोली पुलिसः** इस मामले में तिलकमांझी थाने के SI दिनेश शर्मा ने बताया कि डॉक्टर ने माफी मांगी है। पीड़ित पक्ष के द्वारा अगर लिखित रूप से आवेदन दिया जाएगा तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रेडक्रॉस सोसाइटी जिला इकाई की नई कार्यकारिणी का चुनाव जारी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में आज रविवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला इकाई की नई कार्यकारिणी चुनाव के लिए मतदान जारी है। कुल 743 वोटर के लिए 4 टेबल बनाए गए है। मतदाता क्रम संख्या 1 से लेकर 200 तक है, टेबल संख्या-1 पर अपना मतदान कर रहे हैं। क्रम संख्या 201 से 400 तक टेबल संख्या-2 पर, क्रम संख्या 401 से लेकर 600 तक टेबल संख्या 3 पर और क्रम संख्या 601 से लेकर अंतिम क्रम तक के मतदाता टेबल-4 पर अपना मतदान कर रहे हैं। वहीं रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य मुंगेर विधायक प्रणव कुमार ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाताओं को वेरिफाई करने के लिए तीन सदस्यों की कमेटी गठित की गई है। तीन सदस्यीय कमेटी में अशोक शंकर



सिंह, अंजू भारद्वाज और नीरज कुमार सिन्हा का नाम शामिल है। मतदाता पहले अपने आधार कार्ड के साथ कमेटी के पास आते है। इसके बाद कमेटी के लोग जांच कर रजिस्टर में उनका नाम, पिता का नाम, हस्ताक्षर कराते है। मतदाता क्रम संख्या और आधार नंबर अंकित करने के बाद मतदाता का फोटोग्राफी व वीडियो ग्राफी होने के बाद मतदाता संबंधित टेबल संख्या पर जाकर अपना वोट कर रहे है।

## मिड डे मील में गिरी छिपकली, 12 बच्चे बीमार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को एक स्कूल में मिड डे मील खाने से 12 बच्चे बीमार हो गए। सभी को शिक्षकों ने हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। जांच के दौरान खिचड़ी में मरी हुई छिपकली मिली। घटना सुल्तानगंज प्रखंड के कुमैठा पंचायत के प्राथमिक मध्य विद्यालय मसुदनपुर की है। इधर, घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। दरअसल, मिड डे मील में आज खिचड़ी बनी थी। आशंका जाहिर की जा रही है कि खिचड़ी बनाने के दौरान ही छिपकली इसमें गिर गई। बिना जांच के यह खाना बच्चों को परोस दिया गया। बच्चों ने खाना खाया और कुछ देर में ही उन्हें उल्टियां होने लगी। इसके बाद शिक्षकों ने बच्चों को तुरंत शाहकुंड रेफरल अस्पताल पहुंचाया। इधर, खाने की जब जांच की गई तो उसमें मरी हुई छिपकली मिली। यह खबर जब



ग्रामीणों को मिली तो वो आक्रोशित हो गए और स्कूल पर पहुंच हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा कर मामले को शांत कराया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेखा भारती ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी। एमडीएम प्रभारी और अधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा गया था। बच्चे बीमार हुए थे। उन्होंने आगे बताया कि खाना ज्यादा बनता है। छिपकली खाना बनाने के दौरान ही गिरी होगी। बच्चों की स्थिति फिलहाल ठीक है। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुसूदन पासवान ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है। पता करते हैं।

## गंगा में छोड़ा गया 3 लाख मछली का बीज, मुंगेर में मछली पालन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के सोझी घाट पर आज रविवार को गुरू पुर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी में भारतीय मेजर कार्प अर्थात कतला, रेहू और मृगल मछलियों का पालन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सहित विशिष्ठ अतिथि के द्वारा मुंगेर में गंगा की संरक्षण के लिए ICAR-CIFRI द्वारा गंगा नदी में 3.0 लाख मछली के बच्चे छोड़े गए। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) परियोजना के तहत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएम अवनीश कुमार सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान अतिथि के द्वारा गंगा नदी में मछली पालन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

**3 लाख मछली का बीज छोड़ा गयाः** मछुआरों से नदी में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध की अवधि का सम्मान करने का आग्रह



किया और यह भी कहा कि इस अवधि के दौरान मछली न पकड़ें। कार्यक्रम के आलोक में, ICAR CIFRI के निदेशक डॉ. बीके दास ने गंगा नदी के विभिन्न स्थलों में आईएमसी की बढ़ती उपलब्धता को पालन के बाद के प्रभावों के रूप में इंगित किया। उन्होंने नदी में प्लास्टिक प्रदूषण के नकारात्मक प्रभावों को भी बताया। डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि जिला में जहां तक गंगा का क्षेत्र है गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाता है। जिसे लेकर रविवार को कार्यक्रम के तरह मछली पालन के लिए गंगा में लगभग

**DM बोले- गंगा को स्वच्छ बनाने का किया जा रहा प्रयास**

3 लाख मछली का बीज गिराया गया। इसके अलावा गंगा नदी में डॉल्फिन भी है जो कि गंगा के करीब आने वाले लोग गंगा के संदर नाजारा का अवलोकन करते हैं। इस कारण गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी लोग अपनी-अपनी जागरुकता को निभाएं। मौके पर बड़ी संख्या में मदुआरा और आम लोग उपस्थित थे। इसके अलावा मनीष कुमार रस्तोगी, जिला मत्स्य अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम में 102 मछुआरों और स्थानीय लोगों को भी पंजीकृत किया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### नवनियुक्त शिक्षकों का हुआ इंडक्शन प्रोग्राम

**बोधगया।** केंद्रीय विद्यालय संगठन में नवनियुक्त प्राथमिक शिक्षकों का इंडक्शन प्रोग्राम शनिवार को संपन्न हुआ। इसमें गया संकुल, आईओसी बरौनी, एचएफसी बरौनी में नवनियुक्त प्राथमिक शिक्षको का अभिविन्यास समारोह (इंडक्शन प्रोग्राम) बोधगया स्थित एक होटल में हुआ। पांच दिवसीय इस उत्प्रेरण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अथिति उपायुक्त पटना संभाग अनुराग भटनागर का स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

### इंटरसिटी एक्सप्रेस पर चढ़ने के दौरान युवक गिरा, कटा हाथ

**फतेहपुर।** गया-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस में खुलने के बाद चढ़ने के दौरान एक युवक नीचे गिर गया और ट्रेन के अंदर चला गया। इसमें ट्रेन के चपेट में आने से उसका दायां हाथ कट कर अलग हो गया। आरपीएफ ने गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायल युवक की पहचान हजारीबाग जिले के चालकुसा थाने के ग्राम चौबे निवासी स्वर्गीय बाबूलाल सिंह के पुत्र शंकर सिंह (35) के रूप में हुई है। यह घटना परसाबाद स्टेशन पर शुक्रवार की रात की है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि उन्हें एससीएनएल द्वारा घटना की सूचना प्राप्त हुई। सासाराम, गया से धनबाद जा रही 13306 डाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस परसाबाद स्टेशन से नौ बजे रात में खुलने के बाद चलती ट्रेन में युवक चढ़ने लगा। इस दौरान उसका पैर फिसल जाने के कारण वह ट्रेन से नीचे गिर गया और उसी ट्रेन की चपेट में आ गया है। इसमें उसका दाहिना हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया। इसके बाद परसाबाद स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस को रुकवा कर गंभीर रूप से घायल युवक को उससे कोडरमा स्टेशन लाया गया। यहां से एंबुलेंस से उसे सदर अस्पताल ले जाकर इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

### लूटकांड में शामिल एक अपराधी धराया

**बोधगया।** पुलिस ने बाइक लूट कांड में शामिल एक अपराधी को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए मविवि थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि 25 जून 2023 को वादी द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि जब ये गया रेलवे स्टेशन से अपने घर जा रहे रहे थे, तो शेखबारा मोड़ के पास दो मोटरसाइकिल सवार चार अज्ञात अपराधियों द्वारा इन्हे पीछे से धक्का देकर रुकवाया और इनका अपाची मोटरसाइकिल लेकर भाग गया। इस कांड के उद्भेदन एवं घटना करने में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ, बोधगया के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

### मारपीट में घायल वृद्ध की सोए अवस्था में हुई मौत

**फतेहपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में दो लोगों द्वारा वृद्ध के साथ की गई मारपीट के बाद घायल वृद्ध की रात में सोए अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गया भेज दिया। मृतक की पत्नी मैनवा देवी ने दो लोगों पर मारपीट करने से पति की मौत होने का आरोप लगाते हुए थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। फतेहपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी मृतक की पत्नी मैनवा देवी ने कहा है कि उसके पति प्रभु यादव (60) के साथ दो लोगों ने मारपीट की थी। मारपीट के बाद उसकी तबियत बिगड़ने पर मेडिकल से दवा लाकर दी थी। रात में दवा खाने के बाद सो गए। सोए अवस्था में उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया भेज दिया गया है।

### पैसे की लेनदेन में हुई फायरिंग, केस दर्ज

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला शुक्रवार की देर रात थाना से महज सौ मीटर की दूरी पर सूर्यदेव नगर में हुई फायरिंग का है। जानकारी के मुताबिक घटना की सूचना पर पहुंचे एसआई नारायण यादव ने घटना स्थल से पांच गोली बरामद किया। बताया जाता है कि पीड़ित और आरोपी दोनों जमीन कारोबारी हैं। दोनों के बीच रुपए की लेनदेन का विवाद काफी समय से चल रहा था। कई बार पंचायती भी हुई थी। सूत्रों की माने तो दोनों के बीच एक कार्यक्रम में नोकझोंक हुआ था। जिसके बाद एक पक्ष द्वारा फोन कर दूसरे पक्ष को गाली गलौज और धमकी दी गई। उसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी हुई।

### नालंदा में करंट लगने से युवक की मौत, UPSC की तैयारी कर रहा था युवक, खेत मे जाने के दौरान हादसा

**नालंदा।** नालंदा जिले में एक दुखद घटना में, यूपीएससी की तैयारी कर रहे 26 वर्षीय एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा शनिवार को नूरसराय थाना क्षेत्र के पपरनौसा गांव में हुआ, जहां सिंगल गोप के पुत्र मुन्ना कुमार अपने खेत की ओर जा रहे थे। स्थानीय मुखिया अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू मुखिया के घटना के बारे में बताया कि मुन्ना कुमार सिर पर धान की मोरी लेकर खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में 11,000 वोल्ट की बिजली की तार से लटका हुआ एक जम्पर उनके संपर्क में आ गया, जिससे वे करंट की चपेट में आकर खेत में गिर पड़े।खेत में पानी भरा होने के कारण स्थानीय लोग उन्हें तुरंत बचाने में असमर्थ रहे। बिजली की लाइन काटने के बाद ही उन्हें बाहर निकाला जा सका और तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नूरसराय थाने के थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि युवक की मौत करंट लगने से हुई है। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामलें की जांच में जुट गई है।

### लूट की बाइक, मोबाइल के साथ 8 लुटेरे गिरफ्तार, हरनौत और बख्तियारपुर से नालंदा पुलिस ने दबोचा

**नालंदा।** नालंदा पुलिस ने लूटी गई मोटरसाइकिल और मोबाइल के साथ आठ सड़क लुटेरों को लूट की घटना के बाद 5 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामला बिन्द थाना क्षेत्र का है। दरअसल 19-20 जुलाई की रात घोसवारी थाना क्षेत्र के मालपुर निवासी आशिक कुमार एवं नगीना कुमार दुगोला प्रोग्राम करके अस्थावां से अपनी बाइक से लौट रहे थे। इसी बीच बिन्द थाना क्षेत्र के अमावां गांव के समीप आठ की संख्या में बदमाशों के द्वारा पीड़ित को घेर लिया गया और मारपीट करते हुए मोबाइल, पैसा और मोटरसाइकिल लूट लिया और मौके से फरार हो गया।




पीड़ित किसी तरह से बिन्द थाना रात्रि में पहुँचा और घटना की आपबीती बिन्द थाना अध्यक्ष को सुनाया। पीड़ित ने बताया कि वह घटना के बाद पास के गांव गया था। जहां किसी ने उसकी मदद नहीं कि इसके बाद एक ट्रैक्टर जो बिन्द की ओर आ रही थी। उसी पर सवार होकर वह थाने पहुंचा। बिन्द थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के उपरांत कांड दर्ज करते हुए तत्काल वरीय पदाधिकारीयों को सूचना देकर अपराधियों की धर पकड़ में जुट गए। लूटी गई मोबाइल से अपराधियों के एक ठिकाने का पता चल जहां से हरनौत पुलिस की मदद से लूटी गई अपाचे मोटरसाइकिल के साथ ढाबापर से रामजन्म कुमार, करण कुमार एवं सुभाष कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिसके निशान देही पर बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के सरैया गांव से घटना में संलिप्त अन्य तीन अपराध कर्मियों को घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल एवं लूटी गई मोबाइल के साथ पकड़ा गया तथा बिन्द थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में छापेमारी कर घटना में शामिल अन्य दो अपराध कर्मियों को कांड में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अपराधियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। अपराधियों के पास से लूटी गई मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, लुटा गया मोबाइल एक, अपराधियों के पास से आठ मोबाइल फोन और 1000 नगद बरामद किया गया है।

## नालंदा में वार्षिक लंगोट मेले का शुभारंभ

# मंत्री, सांसद और विधायक ने बाबा की समाधी पर अर्पण किया लंगोट

निज संवाददाता। नालंदा



बिहारशरीफ के अखाड़ा पर बाबा मणिराम अखाड़ा पर लगने वाला वार्षिक लंगोट मेला की शुरूआत रविवार से हो गई है। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, बिहारशरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार ने बाबा मणिराम की समाधि पर लंगोट अर्पण कर देश-प्रदेश के विकास,अमन-चैन,सद्भाव और राज्य की तरक्की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बाबा मणिराम सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल है। इनके समाधि पर दूर-दराज से लोग आकर लंगोट चढ़ाते है और मन्नतें मांगते है। सच्चे मन से मांगी गयी दुआ पूरी होती है। बाबा की कृपा से उनके दर पर आये कोई व्यक्ति खाली हाथ नहीं जाता। मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। बाबा मणिराम और महान सूफी संत मखदूम साहब में काफी गहरी दोस्ती थी। कहा जाता है कि एक बार वे दीवार पर बैठकर दातुन कर रहे थे। मखदूम साहब ने मिलने की इच्छा जाहिर की तो उन्होंने दीवार को ही चलने का आदेश दिया तो दीवार ही चलने लगी थी। दोनों संतो की दोस्ती और गंगा जमुनी तहजीब की लोग आज भी मिसाल देते हैं।

**नीतीश कुमार के दीर्घायु की कामना:** आज हम सभी बाबा मणिराम से अराधना प्रार्थना करते हैं की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इतनी शक्ति प्रदान करें की बिहार के लोगों की खिदमत करते रहें, राज्य को विकास के क्षेत्र में देश में अव्वल पायदान पर बनाएं रखें, बाबा से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की प्रार्थना हम-सभी करते हैं। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बाबा मणिराम के अखाड़ा पर आने वाले श्रद्धालुओं की मुरादें पूरी होती है। बाबा मणिराम नालंदा सहित पूरे बिहार व देशवासियों की मुरादें पूरी करें। आपस में भाईचारा व अमन कायम रहें।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर बिहारशरीफ के विधायक डॉ सुनील कुमार, वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, अशगर शमीम, जदयू प्रवक्ता डा धनंजय कु देव, अमरकांत भारती, गुलरेज अंसारी, अजय चंद्रवंशी, जनार्दन पंडित, उपेन्द्र दिलवाला, प्रदीप मुखिया, शैलेन्द्र कुमार, डा आशुतोष, संजय कुशवाहा, भवानी सिंह, सकलदीप कुमार, सन्नी पटेल, आदित्य कुमार, पवन शर्मा, प्रदुम्न कुमार, नारायण यादव, राजेश गुप्ता, कु मंगलम, नवीन राउत, राजु पटेल, तन्नु सिंह, दीपक पाठक, संजीव पटेल, आशीष चंद्रवंशी, रंजीत कुमार, अमित कुमार,रितेश कुशवाहा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## आदिम युग में आदिम जनजाति, सरकारी घर बने लेकिन दरवाजे-खिड़की नहीं लगे

### शौचालय बना तो उसका ढांचा ही चुरा ले गए चोर

निज संवाददाता। गया



कठौतिया केवाल...यह आदिम जनजाति बिरहोर का टोला है। यहां लोगों की जिंदगी आज भी आदिम युग में है। मूलभूत सुविधाएं बिल्कुल नदारद हैं। यह टोला बिहार-झारखंड की सीमा पर फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत गुरपा थाना के अधीन है। सरकार ने इस टोले में योजनाएं चलाईं। लेकिन आधे-अधूरे मन से। ज्यादातर सरकारी बाबुओं की लालफीताशाही या फिर जनप्रतिनिधियों में इच्छाशक्ति की कमी की भेंट चढ़ गई। टोले के 27 बिरहोर परिवारों के लिए दो सार्वजनिक शौचालय बने। उद्घाटन हुआ। उद्घाटन के कुछ ही दिनों के बाद शौचालयों के शेड को चोरी हो गए। टोले में लोगों के लिए 15 साल पहले इंदिरा आवास बने लेकिन खिड़की-दरवाज नहीं लगे। मकानों का प्लास्टर तो हुआ ही नहीं।

**टोले में नहीं है कोई 5वीं से ज्यादा पढ़ा-लिखा:** टोले में एक आंगनबाड़ी केंद्र तथा एक प्राथमिक विद्यालय है। बिरहोर समुदाय के काफी कम बच्चे ही पढ़ने जाते हैं। विद्यालय के शिक्षक ने बताया कि काफी समझाने-बुझाने के बाद एक-दो दिनों के लिए लोग बच्चों को स्कूल भेजते हैं। लेकिन, फिर से जंगलों में लकड़ी व जड़ी-बुटी चुनने चले जाते हैं। इनके साथ संवाद में इनकी भाषा आड़े आ जाती है। टोले में एक-दो व्यक्तियों को छोड़ शेष को हिंदी समझ में नहीं आती है।

**टोले की जनसंख्या में 18 साल में 5 की वृद्धि:** यहां निवास करने वाले बिरहोर जनजाति के लोगों में जागरुकता की भी काफी कमी है। यही कारण है कि करीब 18 वर्ष पहले भी इस टोले की आबादी करीब 70 थी। और आज भी यहां 27 परिवार के 75 लोग रहते हैं।

## पइन में डूबने से मासूम की मौत, बच्चों के साथ खेल रहा था बच्चा

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के हरनौत थाना क्षेत्र के रामसंग गांव में शनिवार शाम को खेलते समय एक पांच वर्षीय बच्चा पइन में गिर गया, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई। मृतक बालक की पहचान शिवम कुमार के रूप में हुई है, जो रामसंग गांव निवासी नीतीश कुमार का पुत्र था। शिवम के चाचा मंटू कुमार ने बताया कि घटना उस समय हुई, जब शिवम अपनी मौसी के घर पूजा में गया था। शाम के समय वह अन्य बच्चों के साथ सड़क किनारे खेल रहा था, जहां पइन में नाली का गंदा पानी भरा हुआ था। उसी में वह खेलते खेलते गिर गया। स्थानीय लोगों की जैसे ही नाले में गिरे हुए बच्चे पर नजर पड़ी तो तुरंत बच्चे को पानी से बाहर निकाला और उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बिहार शरीफ रेफर कर दिया। रविवार की सुबह इलाज के दौरान शिवम ने दम तोड़ दिया। मौत की पुष्टि के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चीत्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। वहीं, इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस को परिजनों के द्वारा मामले की जानकारी दी गई। वहीं, इस मामले में हरनौत थाना अध्यक्ष मोहम्मद अबू तालिब अंसारी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पुलिस पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गया में 8 दिन बाद हुई युवक की पहचान, पुनपुन का रहने वाला था लड़का, बोलेरो चलाकर पैसा कमाता था

निज संवाददाता। गया



गया में बीती 11 जुलाई की सुबह जीटी रोड स्थित आमस थाना क्षेत्र के राजपुर के पास सड़क किनारे से बरामद शव की शिनाख्त कर ली गई है। शव को मृतक के परिजन अपने साथ अपने गांव ले गए। मृतक पटना के पुनपुन का रहने वाला था। उसने हाल ही में बोलेरो जीप खरीदी थी। जिसे वह खुद भाड़े पर चलाता था। आमस पुलिस का कहना है कि बीते 8 दिनों से मृतक का शव कब्र में पड़ा था। उसे कब्र से निकलवा कर उसके परिजन ले गए हैं। बीते 8 दिनों से मृतक के घर वाले इधर उधर तलाश में जुटे थे। पुलिस अब उन लोगों की तलाश में है जिन्होंने मृतक की गाड़ी बुक की थी। मृतक के मोबाइल का अंतिम लोकेश के आधार पर अपराधियों की तलाश में पुलिस जुट गई है। गौरतलब है कि 11 जुलाई की सुबह आमस के राजपुर के निकट से 25 साल के युवक का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमॉर्टम कराने के बाद लावारिस शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया था। इसके बाद उसके शव को कब्र में दफना दिया गया था। वहीं, दूसरी ओर पुनपुन निवासी महेंद्र राय ने पुनपुन थाने में अपने इकलौते बेटे मिथिलेश की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुमशुदगी दर्ज कराए जाने के 2 दिन बाद पुलिस ने महेंद्र राय को बताया कि आमस थाना क्षेत्र में एक युवक का शव बरामद किया गया है। इस पर महेंद्र अपने परिवार के साथ आमस थाना शनिवार दोपहर पहुंचे। आमस पुलिस ने मृतक का कपड़ा और डेड बॉडी की तस्वीर उन्हें दिखाई। तस्वीर और कपड़ा देखते ही महेंद्र अपने बेटे को पहचान गए। इसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को कब्र से निकाला गया।उसके परिजनों को सौंप दिया गया। आमस थानाध्यक्ष इंद्रजीत ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि बोलेरो लूटने के दौरान ही युवक की हत्या की गई होगी। शीघ्र ही अपराधी पकड़े जाएंगे। पुलिस टेक्नीक सेल की मदद से जांच में जुटी है।

## नालंदा में ससुराल आए युवक की सड़क हादसे में मौत, अनियंत्रित ईंट लोड ट्रैक्टर ने रौंदा, 1 घायल

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में रविवार को बिहटा-सरमेरा टू-लेन पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां ईंट लोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान पटना जिला के पंडारक थाना क्षेत्र अंतर्गत मामखराबाद गांव निवासी शत्रुघ्न प्रसाद के बेटे जयराम पासवान(34) के रूप में की गई है। जबकि घायल जयराम पासवान का मित्र आशीष कुमार है। जयराम पासवान नूरसराय थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव अपने ससुराल आया हुआ था। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि जयराम पासवान अपने दोस्त आशीष कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर चौहान मोड पर सुबह चाय पीने के लिए गया हुआ था। चाय पीने के बाद दोनों वापस ससुराल लौट रहे थे। इसी बीच चरूईपर और मुजफ्फरपुर गांव के पास बेकाबू ईंट लोड ट्रैक्टर ने कुचल दिया। इसके कारण मौके पर ही जयराम पासवान की मौत हो गई। जबकि जख्मी आशीष कुमार का इलाज के लिए नूरसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सड़क हादसे में मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख जाम कर दिया। इससे गाड़ियों की लंबी कतार सड़क की दोनों छोर लग गई। करीब 1 घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही। सड़क हादसे में मौत और जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, इस मामले में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त करते हुए पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। शव को पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आवेदन मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## सकरी नदी में बह कर आई महिला की लाश

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में शनिवार को पावापुरी पुलिस ने बिशुनपुर गांव स्थित सकरी नदी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया था। मृतका की उम्र लगभग 35 साल आंकी गई है। देर शाम पुलिस शव को लेकर सदर अस्पताल पहुंची है। पावापुरी थाना अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमें सूचना मिली थी कि बिशुनपुर गांव के पास सकरी नदी में एक महिला का शव बह रहा है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह दुर्घटना है या कोई अपराध इसकी जांच चल रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर गहन छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। शव की शिनाख्त के लिए आसपास के थाना और पड़ोसी जिला के थानों से भी संपर्क साधा जा रहा है। वहीं, सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से पड़ोसी राज्य में हुई बारिश के कारण नदी में पानी आया है।

## अस्पतालों में कल से ऑनलाइन बनानी होगी हाजिरी

निज संवाददाता। नालंदा



♦ नालंदा के 447 अस्पतालों में 793 में से 787 कर्मचारी निबंधित, रोस्टर के अनुसार तीन बार अटेंडेंस बनाना आवश्यक

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम करने वाले सभी स्वास्थ्यकर्मियों को 22 जुलाई से ऑनलाइन हाजिरी बनानी होगी। उन्हें रोस्टर के अनुसार दिन में तीन बार हाजिरी बनाना आवश्यक है। नालंदा के 447 अस्पतालों में इस मिशन के तहत 793 स्वास्थ्यकर्मी विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। इनमें से 787 का निबंधन हो चुका है। अन्य 6 को भी निबंधित किया जा रहा है।

**FRAS से बनेगा अटेंडेंस:** जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम श्याम कुमार निर्मल ने बताया कि पहले से ही लोगों को इसका प्रशिक्षण देकर जिला में ट्रायल चल रहा था। सोमवार से इसे सख्ती के साथ लागू कर दिया गया है। स्वास्थ्यकर्मियों को सुबह 10 बजे व संध्या पांच बजे हाजिरी बनानी होगी। इसके अलावा दोपहर में भी उन्हें उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसके लिए कर्मियों को एफआरएएस (फेस रिकॉग्निशन अटेंडेंस सिस्टम) एप बनाया गया है। इसी एप पर उन्हें अपनी हाजिरी बनानी है। उन्होंने कहा कि इससे ड्यूटी पर आने के बाद सारी मॉनिटरिंग ऑनलाइन हो सकेगी। देर से हाजिरी बनाने पर वेतन में कटौती की जाएगी। 10 दिन पहले से ही इस एप पर सैकड़ों स्वास्थ्यकर्मी अपनी हाजिरी बना रहे हैं।

## मेला क्षेत्र में विकास कार्यों को समय से करें पूरा

निज संवाददाता। गया



गया के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने शनिवार को बाईपास से देवघाट तक फल्गु नदी में बन रहे पाथवे व अप्रोच रोड और अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने फल्गु नदी के पश्चिमी तट पर बन रहे अप्रोच रोड सहित सभी कार्यों को हर हालत में निर्धारित समय सीमा तक पूरा करा लेने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, गया जी डैम को दिया। पितृपक्ष मेले में देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को समुचित यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल संसाधन सहित तीन अन्य सरकारी विभागों के सहयोग से निर्माण कार्य कराया जाना है। फल्गु नदी के पश्चिमी छोर पर पाथवे बनाने का काम जल संसाधन विभाग द्वारा किया जा रहा है। 450 मीटर लंबी व 12 मीटर चौड़ी सड़क के साथ साथ एकीकृत जल निकासी के लिए नाले के साथ पाथवे का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही पाथवे के किनारे ग्राउंड लेवल से ढाई मीटर ऊंची दीवार, सौ मीटर लंबी व आठ मीटर चौड़े दो घाट भी बनाए जा रहे हैं। पाथवे निर्माण होने से लोग ई-रिक्सा से सीधे घाट तक पहुंच सकेंगे। घुघड़ीटांड़-बाइपास से मुक्तिधाम होते हुए विष्णुपद तक पहुंचने वाला अप्रोच पथ इस पितृपक्ष मेला तक पूर्ण करवाने को कहा है।

**बड़े एरिया में तैयार किया जा रहा पार्किंग:** विष्णुपद तक बन रहे नए अप्रोच पथ में आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं को उमदा पार्किंग की व्यवस्था मिलेगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि यहां घुघड़ीटांड़ बाइपास के पास वाहनों की पार्किंग के लिए एक बड़ा एरिया को तैयार किया जा रहा है। निगम को निर्देश दिया गया कि खाली पड़ी जमीन में मिट्टी भरवाकर इसका समतलीकरण करवाएं। समतलीकरण के बाद लोग सीधे पुल के नीचे होते हुए नदी के समानांतर मंदिर पहुंच सकते हैं। यह रास्ता बनने से मंदिर तक लोग आसानी से पहुंच सकेंगे तथा बुजुर्ग व लाचार श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। बनेगा 400 मीटर लंबा ड्रेनेज सिस्टम जल संसाधन विभाग गया के अभियंता ने बताया कि पथ के नीचे करीब 400 मीटर लंबा ड्रेनेज सिस्टम बनेगा, जो मनसरवा नाला को जोड़ेगा। इसके अलावे चहारदीवारी का निर्माण भी किया जाएगा। इस नए अप्रोच पथ का सीता पथ की तरह सौंदर्यीकरण होगा। नए अप्रोच पथ पर दो नए घाट भी बनेंगे। इन सभी कार्यों के लिए जल संसाधन विभाग के साथ आरसीडी, पुल निर्माण विभाग व पर्यटन विभाग द्वारा योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया है कि नदी के तल में बॉस बल्ला पर लगाई गई दुकानों को हटवाएं। साथ ही निर्माणाधीन अप्रोच रोड के रास्ते में कहीं कोई लकड़ी का ढेर या दुकान नहीं लगाए इसे सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### माहेश्वरी महिला संगठन का महेश मेला शुरू

**चाईबासा, एजेंसी।** शनिवार को मधु बाजार में चाईबासा माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा दो दिवसीय महेश मेला का विधिवत उद्घाटन एफजेसीसीआई के कोल्हान प्रमण्डलीय उपाध्यक्ष नितिन प्रकाश ने किया। इस मेले में विभिन्न जगहों से जैसे कोलकाता, संबलपुर, चक्रधरपुर इत्यादि से महिलाओं ने आकर अलग अलग स्टॉल लगाए हैं। यहां पर राखियां, कुर्ती, साड़ी, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, चटपटे खाने के व्यंजन के कई स्टॉल लगे हैं। इस अवसर पर सुशील मूंधड़ा, राजेश मोहता, रमा मूंधरा, माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष मंजू सारदा, सचिव रजनी मोहता, कोषाध्यक्ष सुष्मिता मूंधरा, शीतल मूंधड़ा, संगीता मूंधड़ा समेत माहेश्वरी महिला संगठन की कई सदस्य उपस्थित थीं।

### गोला में तीन वाहनों की टक्कर में पांच लोग घायल

**रामगढ़, एजेंसी।** रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग पर चोपादारु संधोय घाटी में शनिवार की शाम तीन वाहनों की टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया गया। यहां के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। घायलों में ऑटो पर सवार शैलेश कुमार सिंह और बादल बेदिक शामिल हैं। वहीं बाइक पर सवार सुभाष महतो व उसकी मां चैनो देवी और सावित्री देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद कार पर सवार सभी लोग कार को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त तीनों वाहनों को कब्जे में कर थाना ले आई है।

### सीने में दर्द की शिकायत पर भोजपुरी गायक भरत शर्मा अस्पताल में भर्ती

**धनबाद, एजेंसी।** सीने में दर्द की शिकायत पर भोजपुरी गायक भरत शर्मा को धनबाद जेल से शनिवार की रात धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कड़ी सुरक्षा में उन्हें इस अस्पताल की सीसीयू में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। यहां भरत शर्मा की ईसीजी रिपोर्ट में गड़बड़ी मिली है। बता दें कि भरत शर्मा ने आयकर विभाग के तीन मामलों में शुक्रवार को धनबाद कोर्ट में सरेंडर किया था। आर्थिक अपराध की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी श्वेता कुमारी की अदालत ने उन्हें तीनों मामलों में न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। जेल जाने के दूसरे ही दिन शनिवार को उन्होंने डॉक्टर से सीने में दर्द की शिकायत की। डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। देर रात पुलिस की कड़ी तैनाती में उन्हें अस्पताल की इमरजेंसी लाया गया। यहां जांच के बाद उन्हें डॉ. अब्दुल जब्बार की यूनिट में सीसीयू में भर्ती कर लिया गया। अस्पताल में उनकी ईसीजी की गई है। इसकी रिपोर्ट गड़बड़ी मिली है। इस रिपोर्ट के बाद डॉक्टरों की टीम भरत शर्मा की जांच और इलाज में जुट गई है।

### झारखंड में 12वीं पास लोगों के लिए 864 पदों पर निकली वैकेंसी, देखें डिटेल्स

**रांची, एजेंसी।** झारखंड कर्मचारी आयोग यानि जेएसएससी ने अपनी इंटर लेवल प्रतियोगिता परीक्षा जिसका नोटिफिकेशन 2003 में निकला था उसके एप्लीकेशन लिंक को आखिरकार अब एक्टिव कर दिया है, ऐसे में बता दें कि इस परीक्षा के अंतर्गत करीब 900 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा, जेएसएससी के इस भर्ती के तहत अलग अलग डिपार्टमेंट में नियुक्ति होगी जो कि कुछ इस प्रकार हैं कि, जूनियर क्लर्क (रेगुलर) के लिए 836 पद हैं, स्टेनोग्राफर के लिए 27 पद हैं, जूनियर क्लर्क (बैकलॉग) के लिए 1 पद पर भर्ती निकाली गई है. बता दें कि इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त है. जेएसएससी के इस भर्ती के अंतर्गत अलग अलग पदों के लिए अलग योग्यता है, जूनियर क्लर्क के पद के लिए अगर आप आवेदन करते हैं तो आपको किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से 12वीं पास होना अनिवार्य है, इसके अलावा इस नौकरी के लिए टाइपिंग अनिवार्य है और आपकी टाइपिंग स्पीड कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए. अगर आप स्टेनो के पद के लिए अप्लाई करते हैं तो आपको कम से कम 12वीं पास होना चाहिए और स्टेनोग्राफी में 80 शब्द प्रति मिनट की स्पीड होनी चाहिए. बात करें अगर उम्र सीमा की तो इस भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा 35 वर्ष है ।

# फिर बदलेगा मौसम, आज से अच्छी बारिश की संभावना



**रांची, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी में बन रहे लो सर्कुलेशन का असर झारखंड में 22 जुलाई से दिखने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इस दिन से राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश होने की संभावना है। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

### 22 जुलाई से अच्छी बारिश की भविष्यवाणी

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव से मानसून रफ्तार पकड़ेगा। राज्य के अधिकतर भागों में 22 जुलाई से अच्छी बारिश होने की प्रबल संभावना हैं। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के बनने की प्रक्रिया पूरी होते ही बंगाल और ओडिशा के तटीय इलाकों के साथ- साथ झारखंड में भी जमकर बारिश होगी और इसका असर 24 जुलाई तक पूरे राज्य में रहेगा। ऐसे में तीन दिन अच्छी खासी बारिश हो सकती है, ऐसे में पिछले कुछ दिनों से सुस्त पड़े मानसून को एक बार फिर से तेज होने की प्रबल संभावना है।

तापमान में दो से तीन डिग्री की आयेगी गिरावट

साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, रांची, लोहरदगा, लातेहार, रामगढ़ जिले में देखने को मिलेगा। वहीं, अगले 2 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है। हालांकि, तीन दिनों के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कमी होने की संभावना है।

राज्य में जून में जहां 73.5 मिमी बारिश (61 कम) हुई। जुलाई के 18 दिनों में 131.4 मिमी पानी बरसा है। यह जुलाई में होने वाली सामान्य बारिश से 33 कम है। इन सबके बीच रोपनी की स्थिति सही नहीं है। कृषि निदेशालय के अनुसार जून में जहां राज्य में मात्र 2 हेक्टेयर में रोपनी हुई थी। 18 जुलाई तक यह आंकड़ा बढ़कर 98,943 हेक्टेयर तक पहुंच पाया है। बीते साल से तुलना करें तो इस साल 64 बारिश ज्यादा हुई है। लेकिन धान की रोपनी बीते साल की तुलना में अभी भी 3 कम है।

आकड़ों की बात करें तो बीते साल जून-जुलाई तक 319 मिमी सामान्य वर्षापात की जगह 13 जुलाई तक 70 मिमी वास्तविक बारिश हुई थी। वहीं, 13 जुलाई तक राज्य में 1.47 लाख 382 हेक्टेयर में धान की खेती हो चुकी थी। इस साल जून-जुलाई में 386 मिमी सामान्य बारिश की जगह 18 जुलाई तक 205 मिमी वास्तविक बारिश हुई है। जबकि, 18 जुलाई तक सूबे में महज 98,943 हेक्टेयर में धान की फसल लगी है। यानी बीते साल की तुलना में इस साल जहां 64 ज्यादा बारिश हुई है, वहीं रोपनी 3 कम हुई है। संयुक्त कृषि निदेशक मुकेश कुमार सिन्हा बताते हैं कि धान की रोपनी के लिए अभी समय बचा हुआ है। आगे भी अच्छी बारिश होने का पूर्वानुमान है। खरीफ की खेती का लक्ष्य पूरा होगा।

# देवराहा बाबा संगीत समारोह में शास्त्रीय संगीत की बही बयार

गिरिडीह, एजेंसी। संगीत साधना केंद्र गिरिडीह के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को मोदी भवन गिरिडीह में आयोजित श्री देवराहा बाबा संगीत समारोह में अंतराष्ट्रीय कलाकारों ने अपनी कला से धूम मचा दी। शुरुआत सुनील केडिया के गुरु वंदना से हुई। श्री देवराहा बाबा को नमन करते हुए सुनील केडिया ने पायो जी मैंने रामरतन धन पायो... गाकर श्रोताओं के मन मोह लिया।

संगीत साधना केंद्र के संस्थापक व अंतराष्ट्रीय कलाकार पंडित शम्भूदयाल केडिया ने बताया कि यह संस्था गिरिडीह में 1990 से ही श्री देवराहा बाबा शास्त्रीय संगीत समारोह आयोजित कर रही है। समारोह में अबतक देश-विदेश के प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी कला का जादू बिखेरा है।

उसके बाद दिल्ली से आये सितार वादक पंकज विशाल ने राग मारवा प्रस्तुत की। तबले पर संगत रविशंकर सिंह कर रहे थे। फिर दिल्ली के पंडित राकेश पाठक ने बेटी आयोनिजा पाठक के साथ राग पूर्वी गायन पेश किया। सुमधुर आवाज के धनी श्री पाठक ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबले पर संगत पंडित अमित चटर्जी और हारमोनियम पर कमलेश मुखर्जी ने शानदार संगत की।विदुषी रोजी दत्ता ने अपने खास अंदाज में मनमोहन गायन की प्रस्तुति दी। तबले पर चिरंजीत मुखर्जी व हारमोनियम पर कमलेश मुखर्जी ने संगत की। विश्वविख्यात बाँसुरी वादक ग्रेमी अवार्ड से सम्मानित पंडित अजय प्रसन्ना व राग यमन ने बाँसुरी वादन से सबका मन मोह लिया। तबले पर पंडित इंद्रनील मल्लिक ने संगत किया। विदुषी ईशा बंधोपाध्याय ने ठुमरी दादरा शास्त्रीय गायन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबले पर चिरंजीत मुखर्जी व हारमोनियम पर कमलेश मुखर्जी ने संगत की। अंत में केडिया बंधु पंडित मोरमुकुट केडिया व पंडित मनोज केडिया ने सितार व सरोद वादन से धूम मचा दी। सभी वाह-वाह कर उठे। तबले पर संगत प्रसिद्ध तबला वादक डॉ राजकुमार नागर ने की। मंच संचालन नीलकमल भरतिया ने किया।

मौके पर कला संगम के संरक्षक राजेंद्र बगेड़िया, अजय सिन्हा मंटू, अंजनी सिन्हा, बाँसुरी वादक रामकुमार सिन्हा, गायक कुलदीप छाबड़ा, दीपक विश्वकर्मा, सुनील मंथन शर्मा, दयाशंकर सिंह, श्रवण केडिया, हर्षित केडिया, सल्लू बगेड़िया, जगदीप शोला, कामेश्वर मंडल, विस्मय अलंकार, ममता सिन्हा, प्रशांत सागर सहित सैकड़ों संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

# भोजपुरी गायक भरत शर्मा की जेल में बिगड़ी तबीयत, सीने में दर्द- बीपी180 पार पहुंचा; अस्पताल के बाहर जुट रहे शुभचिंतक

**धनबाद, एजेंसी।** लोकप्रिय भोजपुरी गायक भरत शर्मा व्यास को शनिवार को धनबाद मंडल कारा से शहीद निर्मल महतो कालेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। उन्हें सीने में दर्द की शिकायत थी। यहां चिकित्सकों ने उनकी जांच की।

भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक भरत शर्मा का ब्लड प्रेशर 180 के ऊपर जा रहा है। उन्हें लगातार बेचैनी और घबराहट महसूस हो रही है। धनबाद कोर्ट में समर्पण के बाद तबीयत खराब होने पर भरत शर्मा को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कार्डियक केयर यूनिट में भर्ती कराया गया है।

बेड नंबर 13 में भर्ती भरत शर्मा को सीने में दर्द है। भरत शर्मा के लिए कराए गए ईसीजी रिपोर्ट भी नॉर्मल नहीं आया है। इलाज कर रहे हैं डॉक्टरों की मानें तो इसमें कुछ गड़बड़ी है। इसके लिए आज रविवार को डॉक्टर विभिन्न प्रकार के पैथोलॉजी जांच कराएंगे। इधर कार्डियक केयर यूनिट के बाहर पुलिस प्रशासन का पहरा है।

भरत शर्मा का आज लिक्विड प्रोफाइल, किडनी प्रोफाइल समेत अन्य पैथोलॉजी जांच कराए जाएंगे। जांच के बाद आगे स्थिति का आकलन किया जाएगा। डॉक्टर के अनुसार भरत शर्मा ब्लड प्रेशर के मरीज हैं। ऐसे में उन्हें संबंधित दवाई दी जा रही हैं। उनकी निगरानी के लिए उनके घर वाले भी अस्पताल पहुंचे हैं।



सभी रिपोर्ट आ जाने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से मेडिकल बोर्ड गठित किया जाएगा। इसमें मेडिसिन, सर्जरी, पैथोलॉजी समेत अन्य विभाग के विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। मेडिकल रिपोर्ट की जांच के बाद मंडल कारा प्रबंधन को इसकी सूचना दी जाएगी। भरत शर्मा की भर्ती होने की सूचना के बाद कई शुभचिंतक भी वार्ड के आसपास घूम रहे हैं। इधर पुलिस प्रबंधन में बाहरी लोगों को अंदर आने पर निषेध कर दिया है। फिलहाल घर के लोग ही उनके साथ हैं। भोजपुरी गायक भरत शर्मा ने आयकर विभाग के तीन मामलों में शुक्रवार को धनबाद कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद आर्थिक अपराध की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी श्वेता कुमारी ने उन्हें तीन मामलों में न्यायिक हिरासत में लेकर शुक्रवार को ही जेल भेज दिया था। भरत शर्मा तीनों मामलों में सजायाफ्ता हैं।

इससे पहले शुक्रवार को उन्होंने धनबाद सिविल कोर्ट में आयकर विभाग के तीन मामलों में आत्मसमर्पण किया था। आर्थिक अपराध की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी श्वेता कुमार की अदालत ने उन्हें तीनों मामलों में न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। वे तीनों मामलों में सजायाफ्ता हैं।

उन्होंने इसी वर्ष 27 जून को झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने उन्हें निचली अदालत में आत्मसमर्पण कर सरेंडर सर्टिफिकेट दाखिल करने का आदेश दिया था।

# घुसपैठ को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौरा जारी, जेएमएम ने अमित शाह और केंद्र सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**रांची, एजेंसी।** राज्य में घुसपैठ को लेकर तेज हुए आरोप-प्रत्यारोप के बीच सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा।





उल्लेखनीय है कि यहां हुई भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में अमित शाह ने घुसपैठ को लेकर राज्य सरकार पर आरोप लगाए हैं।

इसके जवाब में झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने सवाल उठाया कि केंद्रीय सीमाओं की रक्षा की जिम्मेदारी किसके ऊपर है अगर राज्य में घुसपैठ हो रहा है तो केंद्रीय गृहमंत्री दोषी हैं।

सीमाओं पर तैनात सुरक्षा बल केंद्र सरकार के अधीन है। केंद्र सरकार को इस पर रोक लगाना चाहिए। विनोद पांडेय ने कहा कि सच्चाई यह है कि भाजपा विधानसभा चुनाव में अपनी संभावित हार से डर गई है। वह समाज में नफरत फैलाना चाहती है।

उसकी मंशा भाईचारे के साथ रह रहे हिन्दुओं और मुसलमानों को लड़ाने की है। झारखंड के लोग इनको अच्छी तरह जानते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव की तरह आगामी विधानसभा चुनाव में भी जनता इन्हें नकार देगी।

ये हिन्दू-मुस्लिम की लड़ाई पैदा करना चाहते हैं। भाजपा की राजनीति से लोग वाकिफ हैं। गृहमंत्री को जवाब देना चाहिए। भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए ऐसी बातें की जा रही है। हेमंत सोरेन के साथ राज्य की जनता है। भाजपा के चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के ऊपर पर किस तरह के आरोप हैं, यह किसी से छिपा नहीं है।

वे हमें नसीहत दे रहे हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण हैं। भाजपा विधानसभा चुनाव में दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाएगी। इनका आदिवासी प्रेम दिखावा है। हेमंत सोरेन को फर्जी केस में फंसाने की कोशिश की गई। अदालत ने इंसाफ कर दिया। इससे भी भाजपा के सारे नेता बौखलाए हुए हैं।

# कोयला व्यवसायी बेटा समेत अगवा, नौ घंटे में मुक्त, दो अपहर्ता गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** अपराधियों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए शनिवार को दिनदहाड़े गोविंदपुर में कोयला व्यवसायी रंजीत शर्मा (35 वर्ष) और उनके चार साल के पुत्र ऋषभ का अपहरण कर लिया। वारदात गोविंदपुर थाना अंतर्गत कुरची मोड़ के पास घटी। टाटा हैरियर कार से सुबह नौ पहुंचे चार अपराधियों ने खुद को सीबीआई बता कर पिता-पुत्र का अपहरण कर लिया। हालांकि दस घंटे बाद दोनों को महुदा के पास छोड़ दिया।



रंजीत अपने पुत्र ऋषभ के साथ गेहूं पिसवाने बाइक से गोविंदपुर बाजार गए थे। लौटने के क्रम में घटना घटी। अपराधियों ने उनकी बाइक को रोककर पिता-पुत्र का अपहरण कर कार में बैठा लिया और गोविंदपुर की ओर भाग निकले। प्रत्यक्षदर्शकों ने बताया कि बिना शोर-शराबे के घटना घटी, इसलिए समझ में ही नहीं आया कि यह अपहरण का मामला है। सूचना के बाद पुलिस सक्रिय हुई। शाम सात बजे महुदा के पास अपहर्ता ने दोनों को सड़क पर छोड़ दिया। मामले में गोविंदपुर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अपहरण के कारणों की जानकारी लेने के लिए रंजीत से भी पूछताछ की जा रही है।

बिहार के गया के मूल निवासी रंजीत पिछले चार वर्षों से कुरची मोड़ में घर बना कर रह रहे हैं। इसके पूर्व वह पुलिस लाइन धनबाद में रहते थे। झरिया के किसी कोयला व्यवसायी के साथ मिलकर कोयला का कारोबार करते हैं। घटना के तुरंत बाद डीएसपी शंकर कामती एवं पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने छानबीन की। उनकी पत्नी एवं माता कमली देवी का भी बयान लिया।

**अपहर्ताओं ने कहा- हम सीबीआई वाले हैं :** रंजीत की पत्नी कहा कि पुलिस जब छानबीन करने के लिए घर पहुंची, तब उन लोगों को अपहरण की जानकारी हुई। पत्नी ने बताया कि वे लोग लगातार रंजीत के मोबाइल पर फोन कर रहे थे। मोबाइल लगातार बंद मिल रहा था। शाम 4.17 बजे जब कॉल रिसीव हुआ तो अपहर्ताओं ने कहा कि घबराइए मत, हम लोग सीबीआई वाले हैं। पिता-पुत्र दोनों सुरक्षित हैं।

**अपहर्ताओं ने एक करोड़ की फिरौती मांगी :** अपहर्ताओं ने रंजीत से एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। बताया कि रंजीत के मोबाइल से उसके मित्रों से भी संपर्क कर फिरौती की राशि उपलब्ध कराने को कहा। लेकिन रंजीत व उनके मित्रों ने अपहर्ताओं को बताया कि उनकी हैसियत ऐसी नहीं है कि एक करोड़ दे सकें। तब अपहर्ताओं ने मारपीट कर उन्हें महुदा मोड़ में शाम सात बजे छोड़ दिया। वहीं के एक ग्रामीण के मोबाइल से उन्होंने अपने परिजनों को छोड़ देने की जानकारी दी। अपहर्ताओं ने रंजीत का मोबाइल, घड़ी, चेन एवं अंगूठी ले ली। उनके साथ बुरी तरह मारपीट भी की है।

**तेतुलमारी से दो को पुलिस ने पकड़ा :** तेतुलमारी शक्ति चौक के समीप स्पाइस बिल्ला नामक होटल से गोविंदपुर थाना की पुलिस ने दो अपहर्ताओं को पकड़ा है। दोनों होटल में बैठकर खाना खा रहे थे। अचानक हुई छापेमारी से वहां भगदड़ मच गई, जिससे दोनों को भागने का मौका मिल गया।

# लटानी आवासीय विद्यालय की 17 छात्राएं डायरिया से पीड़ित



**धनबाद, एजेंसी।** निरसा के बाद पूर्वी टुंडी में डायरिया के मरीज मिले हैं। इस प्रखंड के लटानी स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की 17 छात्राएं आक्रांत हो गई हैं। इसकी सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम शनिवार को विद्यालय पहुंची और बीमार सभी छात्राओं का इलाज किया। इस टीम का नेतृत्व डॉ विकास राणा कर रहे थे।

बता दें कि निरसा प्रखंड के दहीबाड़ी राय टोला में 23 लोग डायरिया से आक्रांत हुए हैं। इसके बाद पूर्वी टुंडी में एक ही विद्यालय की 17 छात्राएं डायरिया की चपेट में आ गईं। सभी छात्राओं को दस्त, पेट में दर्द आदि समस्या हो रही थी। इसकी सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। वहां टीम भेजकर छात्राओं की जांच कराई और सभी का इलाज किया गया। डॉक्टरों की मानें तो सभी छात्राओं की स्थिति स्थिर है। सभी को आवश्यक दवाएं दे दी गई हैं। इसके अलावा उन्हें ओआरएस भी दिया गया है। छात्राओं के स्वास्थ्य की जानकारी लगातार ली जा रही है। किसी छात्रों की तबीयत ज्यादा खराब होने पर उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित सीएचसी के प्रभारी का दिशा निर्देश दिया जा चुका है।

# घर में लगी आग से नगदी सहित तीन लाख की संपत्ति राख

**गिरडीह, एजेंसी।** धनवार प्रखण्ड अंतर्गत निमाडीह पंचायत के पिपराकोनी ग्राम के एक घर में शनिवार अहले सुबह करीब 04 बजे आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गयी।

घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि पिपराकोनी निवासी वीरेंद्र यादव की पत्नी पार्वती देवी हर रोज की तरह देर रात में खाना खाकर अपने तीन बच्चों के साथ घर के छत पर सोयी हुई थी। इसी बीच अहले सुबह करीब 04 बजे घर से धुआं निकलते देखा तो नीचे अपने कमरे में गयी। देखा कि कमरे के अंदर आग लगी हुई है। जिसे देख चिल्लाने लगी तो अगल-बगल सहित गांव के नकुल राणा, कौशल कुमार, इंद्रदेव यादव, केदार यादव, रामा महतो, सुरेश यादव, पवन कुमार दास सहित दर्जनों लोग पहुंचे और कड़ी मशक्कत के दो घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। वहीं पीड़ित महिला पार्वती देवी ने बताया कि हमारे पति चार भाई होते हैं और चारों भाइयों को एक-एक कमरा अपने हिस्से में है और एक ही कमरे में पति पत्नी तथा तीन बच्चे रहने को मजबूर हैं। कहा कि आग लगने से खाने की सारी सामग्री चावल, दाल, गेंहू, मडुआ, आलू, प्याज के अलावा घर में रखे 17 हजार 500 रुपये सहित कपड़ा, जेवर, जमीन से सम्बंधित कागजात, सोने के लिए रखे दो चौकी, बक्सा सहित घर में रखे लगभग तीन लाख की सामग्री जल कर राख हो गयी है। बताया कि घर में बिजली भी नहीं है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगेगी। कहा कि किसी के द्वारा आग लगा दी गई है। वहीं घटना के बाद से महिला तथा बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पांच माह से मेडिकल कॉलेज के लैब में टीबी मरीजों की रेसिस्टेंस जांच बंद

**धनबाद, एजेंसी।** ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के मरीजों को उपलब्ध होने वाली चिकित्सा व्यवस्था का जिले में बुरा हाल है. जबकि, सरकार ने इस बीमारी के 2025 तक उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है. टीबी के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए हर माह लाखों रुपये खर्च किये जा रहे हैं. विभागीय फेंकाफेकी में आज यह डॉट प्लस सेंटर दवा वितरण केंद्र में तब्दील हो चुका है. इसमें मरीजों को भर्ती लेने की व्यवस्था नहीं है. इसके अलावा जिले में टीबी की दवा भी समाप्त हो चुकी है. ऐसे में टीबी के मरीजों को काफी परेशानी हो रही है. शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में बने कल्चर एंड डीएसटी लैब में टीबी के गंभीर मरीजों में रेसिस्टेंस जांच के लिए साल 2017 में 4.5 करोड़ रुपये की लागत से लैब की शुरुआत की गयी. लगभग सात वर्ष का बाद भी सेंट्रल टीबी डिवीजन के नेशनल रिसर्च लेबोरेट्री से लैब को क्वालिटी चेक एश्योरेंस सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है.

विगत पांच माह से कल्चर एंड डीएसटी लैब में जांच पूरी तरह बंद है. लैब की एकमात्र चिकित्सक के मैटरनिटी लीव पर चले जाने के बाद से लैब में टीबी मरीज के सैंपलों की जांच बंद कर दी गयी है. चिकित्सक कब लौटेंगी, इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को नहीं है.

राज्य की पहली कल्चर एंड डीएसटी लैब रांची के इटकी में स्थापित है. वर्तमान में धनबाद समेत पूरे राज्य से वहीं सैंपल भेजे जाते हैं. रिपोर्ट मिलने में देर होने से मरीजों का इलाज प्रभावित होता है. धनबाद में दूसरा लैब तैयार है. इसका लाभ बोकारो, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़ जिलों को भी होगा.

कल्चर एंड डीएसटी लैब के संचालन के लिए चिकित्सक, टेक्नीशियन व अन्य कर्मचारी मुहैया कराये गये. 2021 में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी के निर्देश पर लैब को मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग के अधीन कर दिया गया. डॉक्टर-कर्मियों के वेतन, मेंटनेंस पर लाखों खर्च हो रहे हैं, पर मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा है.

जब कोई मरीज मिलता है, तो उसमें दो प्रकार के लक्षण होते हैं. एक सेंसिविटी और दूसरा रेसिस्टेंस. टीबी संक्रमित गंभीर मरीज, जिन पर टीबी के इलाज से जुड़ी अधिकतर दवाइयां बेअसर साबित होती हैं, उन मरीजों को एक्सडीआर यानी एक्स्ट्रा ड्रग रेजिस्टेंस टीबी कहा जाता है. कल्चर एंड डीएसटी जांच में एक्सडीआर जांच होती है. धनबाद के कल्चर एंड डीएसटी लैब में जांच होने से रिपोर्ट जल्द मिल जाती है. ऐसे में मरीजों का समय पर इलाज शुरू हो जाता है. धनबाद के लैब में जांच बंद होने के कारण सैंपल जांच के लिए इटकी आरोग्य शाला (रांची) भेजा जाता है. इस कारण रिपोर्ट मिलने में कई बार एक माह से ज्यादा का समय लग जाता है. इस वजह से समय पर कई मरीजों का इलाज शुरू नहीं हो पाता है.

# संक्षिप्त समाचार

## 271.8 लीटर शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**आरा**। गजराजगंज थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर 271.8 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों में। पटना जिले के अकिलपुर थाना क्षेत्र के पानापुर गांव के निवासी ।शैलेश राय पिता भुल्ला राय, दानापुर थाना क्षेत्र के गोला रोड निवासी विकास कुमार पिता रविन्द्र राय,राजीव नगर थाना क्षेत्र के अमित कुमार पिता रिशाल रजक और दीघा थाना क्षेत्र के गौतम कुमार पिता-भरोसी सिंह है। गिरफ्तार तस्करों के पास से दो जुगाड़ गाड़ी एवं एक बाइक बरामद किया गया। एस पी प्रमोद कुमार यादव ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली की दो शराब तस्कर एक काले रंग का पल्सर बाइक के साथ अपने दो जुगारू ठेला के नीचे बना चोरी बॉक्स में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब उत्तर प्रदेश से लादकर एनएच 922 के रास्ते दानापुर जा रहे है। उक्त आसूचना का सत्यापन के लिए थानाध्यक्ष, हरि प्रसाद शर्मा एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस को देखकर दोनों बाइक सवार व्यक्ति दोनों ठेला गाड़ी को इशारा किया की तेजी से भगाओ। फिर तीनों व्यक्ति गाड़ी को तेजी से भगाने लगा। गठित टीम द्वारा पीछा कर बामपाली मोड़ के पास घेराबंदी करते हुये उक्त तीनों गाड़ी को पकड़ लिया गया।

## अवैध बालू लोड ट्रैक्टर जब्त

**गड़हनी**। अगिआंव-गड़हनी रोड में रेलवे क्रॉसिंग के पास से अवैध बालू लोड एक ट्रैक्टर को पुलिस ने बरामद किया। पुलिस को देखने के बाद ट्रैक्टर को छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। इसके बाद गाड़ी को गड़हनी पुलिस ने थाना में लाकर खड़ा किया थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि हमलोग गश्ती में निकले थे। रास्ते में अगिआंव तरफ से बालू लोड एक ट्रैक्टर आ रही थी। ड्राइवर ने जब पुलिस को देखा तो गाड़ी छोड़कर भाग गया। गाड़ी पर बिना चालान की बालू बेचने के लिये ले जा रहा था। गाड़ी मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। खनन विभाग को सूचित कर दिया गया है।

## शराब बेचने का विरोध करने पर दो युवकों को मारी गोली

**आरा**। नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो बगीचा में शराब बेचने का विरोध करने पर आरोपियों ने दो युवकों को गोली मार कर घायल कर दिया। दोनों युवकों को आरोपियों ने चा - चार गोली मारी है। घायलों में नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो निवासी आदर्श सिंह उर्फ छोटू पिता अर्जुन सिंह,अभिषेक कुमार पिता अशोक सिंह और अर्जुन सिंह पिता ओमप्रकाश सिंह है। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी फरार हो गए। वही घटना की सूचना मिलने के बाद परिवार के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए बाबू बजार डॉक्टर विकास के यहां ले गए। वही घटना की सूचना मिलने के बाद नवादा थाना की पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जांच में जुट गई है। परिवार के लोगों ने बताया की शुक्रवार को शराब बेचने का विरोध करने पर आरोपियों ने देवेंद्र सिंह के साथ मारपीट किया था। जिसमें देवेंन्द्र सिंह का सर फट गया था। जिसके बाद नवादा थाना में घायल ने एफआईआर करने के लिए आवेदन भी दिया गया था। शनिवार को सुबह पुलिस भी गई थी। शाम में आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया।

## 22 जुलाई तक कोटा वालों का नामांकन

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय चार वर्षीय पाठ्यक्रम स्नातक सेमेस्टर वन सत्र, 2024-28 में कोटा नामांकन के लिए तिथि को बढ़ा दिया है। 22 जुलाई तक कोटा का नामांकन होगा। पहले 21 जुलाई तक कोटा का नामांकन पूरा करना था। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉक्टर केके सिंह ने बताया कि कोटा के तहत नामांकन का दावा करने वाले अभ्यर्थी का 22 जुलाई तक नामांकन होगा। गौरतलब हो कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स, कल्चर, दानदाता, एनसीसी और वार्ड सहित अन्य कोटे के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को नामांकन के समय प्राथमिकता देता है।

## 1013 वाहन मालिकों पर ठोका 1.71 लाख जुर्माना

**आरा**। पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 1013 वाहनों की जांच कर 1,71,500 हजार रुपया जुर्माना की वसूल किया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया की शराब, अवैध हथियार और असमाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को हिदायत दिया है। कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग अभियान और छापामारी लगातार करे। उसी के आलोक में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 1013 वाहनों से जांच में 1,71,500 रुपया जुर्माना वसूला है।

## राज्य मे गिरती विधि व्यस्था के खिलाफ निकाला आक्रोश मार्च

**आरा**। राज्य मे गिरती विधि व्यस्था के विरुद्ध महागठबंधन के कांग्रेस, राजद, भाकपा माले, सीपीआई, सीपीएम, वीआईपी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को शहीद भवन से प्रतिरोध मार्च निकाला। भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में गगनभेदी नारों के साथ कार्यकर्ता पैदल मार्च में शामिल हुए। प्रतिरोध मार्च शहीद भवन से निकलकर जिलाधिकारी कार्यालय के पास पहुंचकर सभा मे तब्दील हो गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि नीतीश कुमार कुशासन बाबू बन कर रह गए है। वर्तमान बिहार सरकार में अपराधी बेलगाम हो गए है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। चोरी और घूसखोरी प्रशासन के संरक्षण में खुलेआम हो रहा है। बिहार में अराजक का माहौल कायम हो गया है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। यदि समय रहते सरकार ने इन सभी बिंदुओं पर सार्थक पहल नही करने आने वाले समय में महागठबंधन बहुत बड़ा जन आंदोलन खड़ा करने के लिए बाध्य हो जाएगी। प्रतिरोध मार्च में सांसद सुदामा प्रसाद, राजद जिलाध्यक्ष बीरबल यादव, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, जिला परिषद सदस्य भीम यादव, शैलेन्द्र राम, सत्य प्रकाश राय, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, श्रीधर तिवारी, रज़ि अहमद, संतोष पांडेय, प्रो. अरुण कुमार सिंह, बिरेन्द्र मिश्रा, अब्दुल शलाम कुरैसी, राकेश त्रिपाठी, अरविंद सिंह, मनोज कुमार अंजनी, रविंद्र कुमार रवि, सूरज प्रकाश, आशुतोष ठाकुर, भानू प्रकाश सिंह, चितरंजन सिंह मुन्ना, बिजली बाबा, पन्नग त्रिपाठी, बिजेन्द्र राय, राजेश कुमार गौतम, लुटावन चौरसिया, हीरा लाल दुबे, श्रीकांत पांडेय, अंजनी पांडेय, रोहित तिवारी, नागेंद्र मिश्रा, घनश्याम चौधरी, रामानुज दुबे, उदय राम, डॉ शिव नाथ पासवान, मदन मोहन तिवारी, शिव शंकर चौबे, पप्पू पासवान, गजेंद्र चौधरी, इंद्रजीत राम, विकाश यादव, बुटन राम थे।

## गुरु के बिना ईश्वर की प्राप्ति नहीं : जीयर स्वामी

**आरा**। श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने गुरू पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर संदेश देते हुए कहा है कि गुरु ही ईश्वर के प्रकाश पुंज होते है। गुरु के बिना ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है। गौरतलब हो कि 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा है और स्वामी जी महाराज का चातुर्मास व्रत चल रहा है। गुरू पूर्णिमा को लेकर महिला-पुरूष श्रद्धालुओं में श्रद्धा व भक्ति के बीच उत्साह है। श्री जीयर स्वामी जी ने कहा है कि अगर किसी के जिंदगी में सच्चे सद्गुरु की का आगमन हो जाए। दर्शन हो जाए या साक्षात्कार हो जाए तो फिर समझना उनका जीवन धन्य हो गया। जिस प्रकार अंधेरे में कुछ दिखाई नहीं देता और एक प्रकाश की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मानव जीवन में अंधकार के बीच एक गुरु का होना बहुत जरूरी है। जो कि ईश्वर के प्रकाश पुंज होते हैं। मनुष्य अपनी भक्ति से गुरु के माध्यम से ही परमपिता परमेश्वर को प्राप्त कर सकता है। लेकिन इसके लिए सच्ची श्रद्धा व भक्ति होनी चाहिए। सिर्फ औपचारिकता पूरी करने से नहीं हो सकता। उसके लिए हृदय से अपने गुरु के प्रति आदर समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु को पाने के लिए पहले गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। अगर गुरु सच्चे मार्ग पर चलने के लिए आपको प्रेरित करते हैं और आप उस मार्ग पर नहीं चल पा रहे हैं तो फिर गुरु का प्रेम व आशीर्वाद नहीं मिल सकता। सर्वप्रथम अपने अंतःकरण से समझौता करना होता है कि हम कोई गलती नहीं करेंगे और किसी को परेशान नहीं करेंगे। गुरु के माध्यम से होती है परमपिता परमेश्वर की प्राप्ति उसके बाद गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलकर संसार की सेवा करनी पड़ती है। इसका परिणाम अंततः गुरु के माध्यम से परमपिता परमेश्वर की प्राप्ति होती है। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि झारखंड के पलामू में श्री जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास व्रत चल रहा है।

# मुहर्रम के तीजा पर गदका बनेठी खेल प्रतियोगिता आयोजित

## सातों एवती की टीम ने सील्ड पर जमाया कब्जा, लोगों में दिखा उत्साह

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के चुन्नी गांव में शनिवार को मुहर्रम के तीजा पर गदका बना बनेठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देर रात तक चले आयोजन में दो टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन गौसिया अहले सुन्नत ताजिया कमिटी चुनी की ओर से किया गया। इसकी अध्यक्षता इम्तियाज भारती ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह, विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, सीमा कुशवाहा और जिला परिषद पूजा कुमारी संयुक्त रूप से मौजूद रही। सभी अतिथियों ने फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल में जज के रूप में मौजूद सैयद तमन्ना ने बताया कि यह प्रतियोगिता मुहर्रम के तीजा पर आयोजित किया जाता है। मुकाबला जीतापुर कैमूर बनाम सातों एवती अखाड़ा के बीच खेला गया। दोनों टीमों को हर करतब दिखाने के लिए बराबर समय दिया गया।

जहां अखाड़े के खिलाड़ियों के करतब बाजों ने बांदा-बनैठी, डंडा, तलवार बाजी, चक्कर आदि के हैरत अंगेज करतब दिखाए। प्रतियोगिता में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर के बाद सातों एवती की टीम ने 85 अंक पाकर विजेता सील्ड पर कब्जा जमाया। वहीं जीतापुर की टीम 75 अंक लाकर ऊप विजेता बनी। बता दे कि बना बनेठी के इस खेल प्रतियोगिता को देखने के लिए चुन्नी गांव में दूर दराज से लोग पहुंचते है। अंत में अतिथियों ने विजेता टीम को ट्राफी के साथ अन्य खिलाड़ियों को भी पुरस्कार से नवाजा। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि वीर बहादुर सिंह, मोहित दुबे, जय प्रकाश राय, इम्तियाज भारती मौजूद थे।

# चावल चोरी, दोषियों पर करें कार्रवाई

निज संवाददाता। इटाढी



बक्सर जिले के इटाढी थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय इंदौर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है की कैसे रात के अंधेरे में स्कूल के मेन गेट से एक आटो आराम से स्कूल के अंदर दाखिल होता है और बेखौफ स्कूल के अंदर से चावल की बोरिया लाकर उस आटो पर रखा जाता है। हालांकि यह विडियो किस दिन का बनाया गया है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।और ना ही दैनिक भास्कर ही इस विडियो की पुष्टि करता है। लेकिन विडियो जब डीएम के पास पहुंचा है तो उन्होंने संज्ञान ले इस पर जांच कर कार्रवाई का आदेश दिए है। बता दे कि सूबे में शिक्षा को सुदृढ़ बनाने को लेकर सरकार हर संभव प्रयास करती नजर आती रहती है। यहां तक कि सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर स्कूलों में मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की गई ताकि बच्चे प्रतिदिन स्कूल आए और उनकी शिक्षा सही और सुचारू ढंग से हो सके। मगर सरकार द्वारा शिक्षा प्रणाली को दुरुस्त करने के सपने को उन्हीं के ही अधिकारी पलीता लगाने में जुटे हुए है। हालांकि इस संबंध में बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया की मुझे सूचना जो प्राप्त हुई है।इंदौर मध्य विद्यालय का है जो की इटाढी प्रखंड में अवस्थित है।इस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को मैने स्वयं निर्देशित किया है की वह वहां जाकर जांच करेंगे।जिसका अपडेट हमे देंगे इस जांच में जो भी दोषी पाए जायेंगे। उनके विरुद्ध कठोर करवाई किया जायेगा। अब देखने वाली बात ये होगी कि क्या जांच की दिशा सही और अपनी रफ्तार के साथ दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने में सफल हो पाती है या फिर यूं ही गलत दिशा का रुख अख्तियार करते हुए भ्रष्टाचारियों के हौसले में पंख लगाने का कार्य करती है।

# ऑनलाइन मंगा सकते हैं छठी कक्षा की किताबें

निज संवाददाता। बक्सर

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा छठी की किताबें विद्यार्थी वेबसाइट पर ऑर्डर कर सकते हैं। किताबों की किल्लत दूर करने व विद्यालयों में पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए यह सुविधा दी गई। यह पुस्तकें डाक के माध्यम से घरों तक पहुंचाई जाएंगी। हालांकि एनसीईआरटी के मुताबिक दुकानों में भी किताबें 15 दिनों के भीतर उपलब्ध हो जाएंगी। छपाई पूरी हो चुकी है। सभी रीजनल सेंटरों में किताबें पहुंच चुकी हैं। वितरक रीजनल सेंटरों से अब किताबें प्राप्त कर विभिन्न दुकानों में पहुंचाएंगे। बता दें कि दस विषयों में से 4 विषयों की किताबें कुछ दुकानों में उपलब्ध हो चुकी हैं। इनमें हिन्दी, अंग्रेजी, सोशल साइंस और संस्कृत विषय शामिल है। शेष किताबें भी अब जल्द ही दुकानों पर मिलने लगेंगी। स्कूलों में अप्रैल से नए सत्र की शुरुआत होती है। ऐसे में किताबें अप्रैल में ही उपलब्ध होनी चाहिए थीं। लेकिन अब तक किताबें उपलब्ध नहीं हो सकी है।

**वेबसाइट पर ऑनलाइन ऑर्डर कर मंगा सकते हैं किताबः** जब तक दुकानों पर किताब उपलब्ध होगा उससे पहले राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की छठी कक्षा की किताबें विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑर्डर कर सकते हैं। विद्यार्थी ncertbooks .ncert. gov.in लिंक पर जाकर सभी 10 विषयों की पुस्तकें ऑर्डर कर सकते हैं। तत्पश्चात postal delivery पर क्लिक करें। यह पुस्तकें विद्यार्थियों को डाक के माध्यम से उनके घरों तक पहुंचाई जाएंगी। एनसीईआरटी के मुताबिक दुकानों में भी किताबें 15 दिनों के भीतर उपलब्ध हो जाएंगी। पटना के वितरक रीजनल सेंटरों से अब किताबें प्राप्त कर विभिन्न दुकानों में पहुंचाएंगे।

# देर से आने वाले को नहीं मिला प्रवेश

निज संवाददाता। आरा



शहर के 12 केंद्र पर बिहार लोक सेवा आयोग की तरफ से अध्यापक नियुक्ति की परीक्षा हुई। सुबह 11 बजे के बाद आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल के भीतर प्रवेश नहीं मिला। इसकी वजह से कई परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की परीक्षा छूट गई। परीक्षा में 80% परीक्षार्थी उपस्थित हुए। परीक्षा हॉल में प्रवेश करने से पहले परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली गई इसके बाद ही उन्हें इंट्री मिला। यह परीक्षा एक पाली में दोपहर 12 से 2:30 बजे तक हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासन काफी मुस्तैद रहा। डीएम राजकुमार ने कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक् षक, जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ति दल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इधर, जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने बताया कि 21 जुलाई को भी अध्यापक नियुक्ति की परीक्षा के लिए शहर में 11 केंद्र बनाए गए है। उन केंद्रों पर 7188 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। यह परीक्षा एक पाली में दोपहर 12 से 2:30 बजे तक होगी। सभी परीक्षा केंद्र पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। इन 12 केंद्रों पर हुई परीक्षा 20 जुलाई को 12 केंद्र पर अध्यापक नियुक्ति की परीक्षा हुई। परीक्षा के लिए एसबी प्लस टू स्कूल, एसबी कॉलेज, एचडी जैन कॉलेज, हित नारायण क्षत्रिय प्लस टू उच्च विद्यालय, महाराजा कॉलेज, डॉक्टर नेमीचंद्र कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय,टाउन प्लस टू उच्च विद्यालय, आदर्श मध्य विद्यालय मीरगंज, श्री जैन कन्या पाठशाला, अमीरचंद्र कन्या विद्यालय, राजकीय कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय और हर प्रसाद दास जैन स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 21 जुलाई को शहर के 11 केंद्र पर परीक्षा होगी। इस परीक्षा में 7188 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए एसबी प्लस टू स्कूल, एसबी कॉलेज, एचडी जैन कॉलेज, हित नारायण क्षत्रिय प्लस टू उच्च विद्यालय, महाराजा कॉलेज, टाउन प्लस टू उच्च विद्यालय, आदर्श मध्य विद्यालय मीरगंज, श्री जैन कन्या पाठशाला, अमीरचंद्र कन्या विद्यालय, राजकीय कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय और हर प्रसाद दास जैन स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# जनवरी से लेकर अबतक 90 फीसदी कम हुई बारिश

निज संवाददाता। बक्सर



◆ बिखरा मानसून : जुलाई माह में पिछले साल से 28 मिमी कम बारिश, सामान्य से 87 मिमी कम, 2 दिन से छा रहे बादल, लेकिन बरसे नहीं

जिले में मानसून सक्रिय होने के बाद पिछले 5 दिनों से ब्रेक ले लिया है। इस वर्ष जनवरी माह से लेकर अब तक 90.31 फीसदी बारिश कम हुई। इसका मुख्य कारण इस वर्ष कोई विछोभ नहीं बना। जिसके कारण बारिश नहीं हो सका। जनवरी माह में 18 मिमी बारिश होनी चाहिए। लेकिन इस महीने में 2.14 मिमी बारिश हुई। जो 88.24 मिमी कम हुई। फरवरी, मार्च व मई में बारिश का कोटा पूरा हुआ। लेकिन अप्रैल माह में 92.16 फीसदी बारिश कम हुई। वहीं मानसून सीजन की बात करें तो जून माह में 107 मिमी औसत बारिश होनी चाहिए, लेकिन इस माह में 42.78 मिमी हीं बारिश हो सकी। जो 60.02 फीसदी कम है। ऐसी परिस्थिति में किसानों को मोटर, सबमर्सिबल के सहारे बिचड़ा तैयार करना पड़ा।

**जुलाई माह में पिछले 5 दिनों से बारिश नहीं**ः जिले में पिछले 5 दिनों से बारिश नहीं हुई। 15 जुलाई को औसत 6.5 मिमी बारिश हुई थी। इसके बाद किसान समेत आम जन बारिश का इंतजार हीं कर रहे हैं। जिले के आसमान में 2 दिन से बादल छाने के बाद भी बारिश नहीं हो रही है। दिन के अधिकांश समय में बादलों का डेरा जमा रहता है। लेकिन बरस नहीं रहे। इससे लोगों को दिन में गर्मी व उमस का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को 37.4 डिग्री अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जिले में इस साल पिछले साल की तुलना में कम बारिश हुई। जून माह में बारिश का टोटा रहा। जुलाई माह के 15 दिनों में सिर्फ 3 बार झमाझम बारिश हुई है। जुलाई माह में 277.2 मिमी औसतन बारिश होनी चाहिए। पिछले वर्ष 218.67 मिमी बारिश हुई थी हालांकि सामान्य से कम रहा। इस बार जुलाई माह में 190.66 मिमी बारिश हुई है। जो अब तक पिछले साल की तुलना में 28 मिमी कम हुई। सामान्य से लगभग 87 मिमी कम है।

**जून में बारिश का टोटा,इस माह सिर्फ 3 दिन ही झमाझम बारिशः** कम बारिश के कारण भूमिगत जलस्तर गिरा दूसरी और कम बारिश के कारण भूमिगत जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है। बारिश नहीं होने से भूमिगत जल की पुनः पूर्ति नहीं हो सकी। इसके साथ ही जब गर्मी का मौसम आया तो लगभग 15 दिन हीट वेव का सामना करना पड़ा। जिससे शहर समेत ग्रामीण इलाकों के भूमिगत जलस्तर में भारी गिरावट आई। अब जुलाई का महीना शुरू हो चुका है परंतु ग्रामीण इलाकों के अधिकतर चापाकल अभी भी जवाब दे चुके हैं।

# वीकेएसयू के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में विदाई समारोह आयोजित

निज संवाददाता। आरा

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में सेमेस्टर फोर के छात्रों ने फेयरवेल, वन महोत्सव, एक पेड़ मां के नाम और गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम किया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ लतिका वर्मा और विशिष्ट अतिथि डॉ धीरेन्द्र सिंह व डॉ नीरज वर्मा थे। मुख्य अतिथि छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो के के सिंह थे। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के बीच समन्वय की प्रशंसा की। डॉ लतिका वर्मा ने सेमेस्टर फोर के तीन सबसे ज्यादा अंक पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रथम रितिका कुमारी, द्वितीय पिंकी कुमारी और तृतीय फिज़्ा खातून को सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। सेमेस्टर फोर के सबसे ज्यादा सक्रिय, अनुशासित और आदर्श छात्रों को जिसमें अभिषेक कुमार और आदित्य कुमार को भी सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में हमेशा आगे बढ़ते रहे और समाज तथा देश की उन्नति में सहभागी बनने की कोशिश करते रहे। सेमेस्टर वन और सेमेस्टर थ्री के सभी छात्र एवं छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मंच संचालन मधु पांडे और धन्यवाद ज्ञापन मोनिका सिंह ने किया। स्वागत गीत पल्लवी और आकांक्षा ने प्रस्तुत किया।




# बीटा बिहार चैम्पियनशिप में शामिल होने टीम रवाना

निज संवाददाता। बक्सर



शनिवार को बेगूसराय में आयोजित बीटा बिहार चैम्पियनशिप में शामिल होने के लिए बक्सर की टीम रवाना हो गई। बिहार राज्य ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित 35 वीं बीटा बिहार चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन 21 व 22 जुलाई को बिहार के बेगूसराय जिला में आयोजित होने जा रहा है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में सृष्टि राज, अमन सिंह, सचिन सिंह, तनिष्का, अमन कुमार सिंह शामिल है। इसके साथ हीं खिलाड़ियों के साथ टीम मैनेजर और कोच भी रवाना हुए। कोच शैलेश कुमार ने कहा कि बक्सर जिला की टीम इस प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। पूरे जिले की नजरें इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों पर टिकी हैं, जो अपनी मेहनत और कौशल से जिले का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर ताइक्वांडो अध्यक्ष सुनील कुमार, महासचिव संजय कुमार सिंह और बक्सर जिला कोच शैलेश कुमार ने बक्सर टीम के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं। उनके शानदार प्रदर्शन की मंगल कामना की है।

# नाथ बाबा व रामरेखा घाट पर होगी बैरिकेडिंग और लाइट की व्यवस्था

## ईओ ने रामरेखा व नाथा बाबा घाट पर सफाई व्यवस्था का दिया निर्देश

निज संवाददाता। बक्सर



22 जुलाई से श्रावण मास शुरू हो रहा है। पूरे माह रामरेखा घाट और नाथ बाबा घाट पर शिव भक्तों की भीड़ होती है। शिव भक्त यहां गंगा में स्नान करने के बाद भोले बाबा को जलाभिषेक करने के लिए जल उठाते हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट खतरनाक हो गये हैं। स्नान के दौरान थोड़ी भी लापरवाही से अप्रिय घटना हो सकती है। नगर परिषद के ईओ आशुतोष गुप्ता ने कहा कि सावन माह में सुरक्षा के दृष्टिकोण से नाथ बाबा घाट और रामरेखा घाट पर बैरिकेडिंग की जाएगी। ताकि गंगा स्नान करने वाले महिला और पुरूष कांवरिया सुरक्षित स्नान कर सके। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों गंगा घाटों पर विशेष साफ-सफाई के लिए संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। गंगा घाट व पहुंचपथ की सफाई सुबह-शाम नियमित रूप से कराई जाएगी। साथ ही बेहतर लाइट के प्रबंध किये जाएंगे। वहीं कांवरियों की सुविधा के लिए नियंत्रण कक्ष भी बनाया जाएगा। हर रविवार को होती है भीड़ सावन माह के प्रत्येक रविवार को रामरेखा घाट और नाथ बाबा घाट पर सबसे अधिक कांवरियों की भीड़ होती है। यहां से हजारों कांवरिया गंगा स्नान कर रामेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। इसके बाद जल उठा कर लगभग 40 किमी की पैदल यात्रा कर ब्रह्मपुर पहुंचते हैं। वहां कांवरिया बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ का जलाभिषेक करने के साथ ही पूजा अर्चना करते हैं। रविवार को पूरी रात रामरेखा घाट और नाथ बाबा घाट कांवरियों से गुलजार रहता है। वैसे सुबह से लेकर शाम तक जल उठाने का सिलसिला जारी रहता है। घाट पर पहुंचने लगे कांवरियां शनिवार से ही रामरेखा घाट पर कांवरियों का जत्था पहुंचने लगा। बोल बम का ड्रेस में सजे कांवरिया सुरेश प्रसाद, रंजू देवी, सोनी कुमारी, मुकेश साह ने बताया कि आज यहां स्नान कर जल उठाएंगे और पैदल चलकर पहली सोमवारी को रोहतास स्थित वनकैथी के अति प्राचीन शिवालय में जलाभिषक करेंगे। वहीं कुछ कांवरिया यहां पर गंगा स्नान करने के बाद सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए। उन्होंने श्री रामेश्वरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। रामरेखा घाट के पहुंचपथ के पास कांवर व पूजा सामग्री की दुकानें सजने लगी है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## फिर बढ़े आतंक के पांव

आतंकवादी अब कश्मीर के साथ-साथ फिर से जम्मू क्षेत्र को अपना ठिकाना बनाने लगे हैं। पिछले करीब डेढ़ दशक के दौरान सुरक्षा बलों के आतंकवाद के खिलाफ विशेष अभियान के बाद जम्मू क्षेत्र अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा। आतंकी खतरे के लिहाज से जम्मू को काफी हद तक सुरक्षित माना जाने लगा था। मगर पिछले दो-तीन माह से इस क्षेत्र में आतंकवादी हमले बढ़ने लगे हैं। डोडा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन सहित चार जवानों की शहादत इसी का उदाहरण है। इस इलाके में पिछले तीन सप्ताह के भीतर सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की यह तीसरी बड़ी घटना है। आतंकी अब जम्मू में लक्षित हमलों को भी अंजाम दे रहे हैं। पिछले माह रियासी जिले में एक बस पर आतंकी हमले में नौ तीर्थयात्रियों के मारे जाने की घटना इनमें से एक है। जम्मू क्षेत्र में बढ़ती आतंकी घटनाएं सुरक्षा बलों और शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस आतंकी सक्रियता के पीछे सीमा पार बैठे आतंकी सरगनाओं की सोची-समझी चाल है। वे किसी भी सूरत में जम्मू-कश्मीर में स्थायी तौर पर अमन-चैन बहाल नहीं होने देना चाहते। डोडा जिले में मुठभेड़ की यह ताजा घटना कठुआ जिले के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकी हमले के कुछ ही दिन बाद हुई है, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे। गौरतलब है कि हाल में ज्यादातर मुठभेड़ की घटनाएं सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान के दौरान हुई हैं। यानी सुरक्षा बलों को क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने की सूचना तो मिल जाती है, लेकिन वे किस तरह के हथियारों से लैस हैं और उनकी रणनीति क्या है, इसकी स्टीक जानकारी नहीं मिल पाती है। खुफिया जानकारियों में यह बात सामने आई है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी खुद को सुरक्षा एजंसियों की नजर से बचाने के लिए अब 'संरक्षण और समेकन' की रणनीति अपना रहे हैं। यानी आतंकवादी सीमा पार से घुसपैठ करने के बाद शुरुआत में चुप रहते हैं और स्थानीय आबादी के साथ घुलमिल जाते हैं। जैसे ही उन्हें सीमा पार से निर्देश मिलता है, वे हमले को अंजाम देने में जुट जाते हैं। उत्तरी कश्मीर और जम्मू क्षेत्र में हाल में आतंकियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले इसका ताजा उदाहरण हैं। आम लोगों के बीच छिपे हुए आतंकवाद के इस खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को जल्द ठोस और कारगर रणनीति बनानी होगी। तकनीकी खुफिया जानकारी के साथ-साथ जमीनी स्तर पर 'मानव खुफिया' नेटवर्क भी मजबूत करने की जरूरत है। खुफिया जानकारियों में यह बात भी सामने आई है कि आतंकवादी सीमा पार से संपर्क के लिए 'अल्ट्रा सेट' फोन जैसे एन्क्रिप्टेड संचार उपकरणों का उपयोग करने लगे हैं, जिससे उनके ठिकाने और रणनीति की सटीक जानकारी हासिल कर पाना मुश्किल हो जाता है। इस तरह की तकनीकी चुनौती से पार पाने के लिए भी सुरक्षा एजंसियों को गंभीरता से विचार करना होगा।

## विधेयकों पर बढ़ेगी मेहनत, बहुमत से दूर एनडीए

बीते सप्ताह राज्यसभा के चार मनोनीत सदस्यों के अपना कार्यकाल पूरा कर लेने के बाद सदन में भाजपा सदस्यों की संख्या घटकर 86 रह गई। सदस्यता हासिल करने के बाद ये चारों औपचारिक तौर पर भाजपा से जुड़ गए थे। जाहिर है, अब सत्तारूढ़ पार्टी के फ्लोर मैनेजरों को बहुमत साधने के लिए थोड़ी और मशक्कत करनी पड़ेगी। वैसे, राज्यसभा में बहुमत से दूरी भाजपा के लिए कोई नई बात नहीं है। लोकसभा में अपने दम पर बहुमत लेकर सरकार बनाने के बाद भी बीते दस वर्षों में उसे ऊपरी सदन में बहुमत प्रायः मैनेज ही करना पड़ा। आज भी जब लोकसभा में सत्तारूढ़ एनडीए को पूर्ण बहुमत हासिल है, राज्यसभा में उसकी कुल सदस्य संख्या 101 तक ही पहुंच पा रही है। 225 की मौजूदा सदस्य संख्या वाले सदन में साधारण बहुमत के लिए 113 का आंकड़ा जरूरी है। ऐसे में जब इसी महीने की 22 तारीख से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है, केंद्र सरकार की एनडीए से बाहर के दलों पर निर्भरता बढ़ गई है। हालांकि अब तक के अनुभव की रोशनी में देखें तो इन दलों के बीच से जरूरी समर्थन जुटाना सरकार के लिए कोई मुश्किल लक्ष्य नहीं है। खासकर तब, जब 11 सदस्यों वाली वायएसआर कांग्रेस और 4 सदस्यों वाली एआईएडीएमके जैसी पार्टियां समर्थन देने को तैयार नजर आती हों। वैसे, राज्यसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन की बहुमत से यह दूरी बनी नहीं रहने वाली। अभी सदन की कुल 20 सीटें खाली हैं।

# भारत में प्रतिवर्ष सृजित हो रहे हैं रोजगार के 2 करोड़ नए अवसर

(प्रह्लाद सबनानी)

केंद्र सरकार द्वारा कौशल विकास के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे प्रयासों एवं निजी एवं सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने के लिए दिए जाने वाले विभिन्न प्रोत्साहनों का असर भी अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। आजकल विदेशी वित्तीय एवं आर्थिक संस्थान भारत के आर्थिक मामलों में अक्सर अपनी राय देने से चूकते नहीं हैं। अभी हाल ही में सिटीग्रुप इंडिया ने भारत की अपने बढ़ते कार्यबल के लिए पर्याप्त मात्रा में नौकरियां सृजित करने की क्षमता के मामले में चिंता जताई थी और एक प्रतिवेदन में कहा था कि भारत को आगामी दशक में प्रतिवर्ष 1.2 करोड़ नौकरियां सृजित करने की आवश्यकता है, जबकि वह प्रतिवर्ष केवल 80-90 लाख नौकरियां ही सृजित करने की राह पर आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। यह विदेशी वित्तीय एवं आर्थिक संस्थान अपनी आधी अधूरी जानकारी के आधार पर भारतीय अर्थतंत्र के बारे अपनी राय जारी करते दिखाई देते हैं क्योंकि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी एक प्रतिवेदन जारी किया गया है जिसके के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत में रोजगार के नए अवसर सृजित होने के मामले में 6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है और इस दौरान लगभग 4.7 करोड़ रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और देश में कार्य करने वाले नागरिकों की संख्या अब 64.33 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जबकि पिछले वर्ष यह वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत की रही थी। अब कहां सिटीग्रुप इंडिया की भारत में केवल 80-90 लाख नौकरियों के अवसर सृजित होने की राह पर की बात की है और कहां भारतीय रिजर्व बैंक की भारत में 4.7 करोड़ रोजगार के अवसर सृजित होने की बात है, दोनों संस्थानों के आंकलन में भारी अंतर दिखाई देता है। सिटीग्रुप इंडिया के भारत में रोजगार सृजित होने के संदर्भ में जारी उक्त प्रतिवेदन के जवाब में भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा भी पिरीआडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस ) एवं

*अनऔपचारिक क्षेत्र के कम आय के रोजगार ही अधिक संख्या में सृजित होते हैं। एएसयूएसई सर्वे के अनुसार अब देश की अर्थव्यवस्था में औपचारिक श्रमिकों की संख्या 55 प्रतिशत तक पहुंच गई है जबकि पीएलएफएस सर्वे के अनुसार यह 61 प्रतिशत पर पहुंच गई है। केंद्र सरकार द्वारा कौशल विकास के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे प्रयासों एवं निजी एवं सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने के लिए दिए जाने वाले विभिन्न प्रोत्साहनों का असर भी अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।*

भारतीय रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डाटाबेस के आंकड़ों का प्रयोग करते हुए बताया गया है कि भारत में वर्ष 2017-18 से 2021-22 के बीच 8 करोड़ रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं, जो कि वर्ष 2020-21 में कोविड-19 महामारी के कारण होने वाले वैश्विक आर्थिक व्यवधानों के बावजूद प्रतिवर्ष औसतन 2 करोड़ से अधिक नौकरियां बनती है। इस जानकारी के उपयुक्त होने को पीएलएफएस डाटा से भी बल मिलता है जिसके अनुसार भारत में पिछले पांच वर्षों में रोजगार के अवसरों की संख्या, श्रमबल में नए प्रवेशकों की संख्या से अधिक रही है, जिससे देश में बेरोजगारी दर में लगातार कमी आ रही है। इन आंकड़ों के अनुसार, भारत में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 में 6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022-23 में 3.2 प्रतिशत पर नीचे आ गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 466,59,221 रोजगार के अवसर निर्मित हुए एवं वित्त वर्ष 2023-24 में देश में कुल रोजगार बढ़कर 64.33 करोड़ के स्तर को पार कर गया जो वर्ष 2022-23 में 59.66 करोड़ के स्तर पर था एवं वर्ष 2019-20 में 53.44 करोड़ के स्तर पर था। उक्त आंकड़ों की सत्यता एवं विश्वसनीयता को और भी अधिक बल मिलता है जब इस संदर्भ में विभिन्न अनुपातों पर नजर डालते हैं। इससे ध्यान में आता है कि भारत में श्रमिक जनसंख्या अनुपात वर्ष 2017-18 के 46.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 56 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार भारत में श्रमिक सहभागिता दर भी वर्ष 2017-18 के 49.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 57.9 प्रतिशत हो गई है। जिसके चलते देश में बेरोजगारी की दर भी वर्ष 2017-18 में 6 प्रतिशत से गिरकर वर्ष 2022-23 में 3.2 प्रतिशत तक नीचे आ गई है। कृषि, आखेट, वानिकी, मछली पालन के क्षेत्र में वर्ष 2022-23 में 25.3 करोड़ व्यक्ति रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, जबकि वर्ष 2021-22 में 24.82 करोड़ व्यक्ति इन क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर रहे थे। इसी प्रकार वर्ष 2022-23 में निर्माण, व्यापार, यातायात एवं भंडारण के क्षेत्र मुख्य रोजगार प्रदाता क्षेत्रों में गिने जा रहे थे। एएसयूएसई के सर्वे में भी भारत में 56.8 करोड़ नागरिकों को रोजगार प्राप्तकर्ता बताया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के दशक के बीच में केवल 2.9 करोड़ रोजगार उपलब्ध कराए जा सके थे जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के दशक के बीच 12.5 करोड़ रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं। विनिर्माण एवं सेवा के क्षेत्रों में वर्ष 2004-2014 के दशक में 6.6 करोड़ रोजगार उपलब्ध कराए गए थे जो वर्ष 2014 से 2023 के दशक में बढ़कर 8.9 करोड़ हो गए हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के क्षेत्र में भी कुल 20 करोड़ रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में कृषि के क्षेत्र में महिलाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर सृजित हो रहे हैं और यह संख्या 60 से 70 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक पहुंच रही है, क्योंकि पुरुष वर्ग अब रोजगार के लिए शहरी क्षेत्रों की ओर आकर्षित हो रहा है जहां उन्हें विनिर्माण एवं सेवा जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। दूसरे, कृषि के क्षेत्र में हो रही लगभग 4 प्रतिशत प्रतिवर्ष की औसत विकास दर के कारण भी कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर सृजित हो रहे हैं। भारत के लिए एक अच्छी खबर यह भी है कि केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय एवं आर्थिक क्षेत्रों में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णयों के चलते अब देश में धीरे धीरे अनऔपचारिक अर्थव्यवस्था का आकार कम होकर, औपचारिक अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ रहा है जिसके चलते अब भारत में औपचारिक क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर अधिक मात्रा में निर्मित हो रहे हैं। ईपीएफओ द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1.3 करोड़ कामगारों ने ईपीएफओ की सदस्यता ग्रहण की है जबकि वित्तीय वर्ष 2018-19 में केवल 61.12 लाख कामगारों ने ही ईपीएफओ की सदस्यता ग्रहण की थी। पिछले लगभग साढ़े छह वर्षों में, सितंबर 2017 से मार्च 2024 के बीच, 6.2 करोड़ कामगारों ने ईपीएफओ की सदस्यता ग्रहण की है। ईपीएफओ के आंकड़ों में लगातार होने वाली वृद्धि से आशय यह है कि देश में कम आय वाले रोजगार की तुलना में अधिक आय वाले रोजगार अब तेजी से बढ़ रहे हैं।

# फिर आतंकी हमलें, सैनिकों का बलिदान व्यर्थ न जाये

(ललित गर्ग)

ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकी न केवल घुसपैठ कर रहे हैं, बल्कि अपनी गतिविधियों को अंजाम देने और इस क्रम में सेना को निशाना बनाने में भी सफल हो रहे हैं। सरकार को उन खूनी हाथों को खोजना होगा अन्यथा खूनी हाथों में फिर खुजली आने लगेगी। लगातार जम्मू-कश्मीर में बढ़ रही आतंकी घटनाएं चिन्ता का कारण बन रही है। डोडा जिले में एक आतंकी हमले में कैप्टन समेत सेना के चार जवानों और जम्मू कश्मीर के एक पुलिसकर्मी का बलिदान अब यही दर्शा रहा है कि शांति एवं अमन की ओर लौटा जम्मू-कश्मीर एक बार फिर आतंकवादी आघातकारी घटनाओं की भेंट चढ़ रहा है, इन घटनाओं का माकुल जबाव नहीं दिया गया तो यह घाटी एक बार फिर खूनी घाटी बन जायेगी। क्योंकि कुछ ही दिनों पहले कठुआ में एक सैन्य अफसर सहित पांच जवान आतंकियों का निशाना बन गए थे। इसके पहले भी जम्मू संभाग में ही सेना के कई जवान आतंकियों से लोहा लेते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे चुके हैं। ये बहुत चिंतित करने वाले त्रासद एवं घिनौने घटनाक्रम हैं कि पिछले कुछ समय से कश्मीर घाटी के साथ-साथ जम्मू संभाग में भी आतंकियों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। हाल की कुछ घटनाओं से तो यह भी लगता है कि आतंकियों ने जम्मू संभाग को अपनी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना लिया है। एक ऐसे समय जब जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी हो रही है, तब आतंकियों का सक्रिय होना और सफलतापूर्वक अपने मनसूबों को कामयाब करना गंभीर चिंता का विषय है। ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकी न केवल घुसपैठ कर रहे हैं, बल्कि अपनी गतिविधियों को अंजाम देने और इस क्रम में सेना को निशाना बनाने में भी सफल हो रहे हैं। सरकार को उन खूनी हाथों को खोजना होगा अन्यथा खूनी हाथों में फिर खुजली आने लगेगी। हमें इस काम में पूरी शक्ति और कौशल लगाना होगा। आदमखोरों की मांद तक जाना होगा। अन्यथा हमारी खोजी एजेंसियों एवं सेना की काबिलीयत पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा कि कोई दो-चार व्यक्ति कभी भी पूरे प्रांत की शांति और जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर सकते हैं, हमारी संवेदनाओं को झकझोर सकते हैं। संवेदनाओं एवं भावनाओं को झकझोर भी रहे हैं, जब आतंकवादी हमलों में शहीद जवानों के पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटे घर की ड्योढ़ी पर आते हैं तब कारुणिक माहौल को देखकर दिल दहल उठता है क्योंकि देश के लिए अपना सर्वोच्च लुटा देने वाला जवान किसी का बेटा, किसी का पति और किसी का पिता होता है। हर आंख में आंसू होते हैं। किसी की गोद, किसी की मांग सूनी हो जाती है। देशवासी सोचने को विवश हैं कि वे शोक संतप्त परिवार के साथ करुणा और पीड़ा को कैसे बांटें। डोडा वारदात की जिम्मेदारी लेने वाले 'कश्मीर टाइगर्स' जैसे आतंकी संगठनों की ताजा बौखलाहट की एक बड़ी वजह जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक प्रक्रिया की बहाली को लेकर बढ़ी सरगर्मी है। राज्य में लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए अगले चंद महीनों में ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में, आतंकियों की बेचैनी समझी जा सकती है कि जिस तरह लोकसभा चुनाव में घाटी में लोग मतदान केंद्रों पर उमड़ पड़े और दशकों पुराना रिकॉर्ड टूटा, अगर विधानसभा चुनाव में लोगों का उत्साह और बढ़ा, तो जिन 'स्लीपर सेल्स' की बदौलत वे दहशत का अपना पूरा कारोबार चलाते हैं, वे भी मुख्यधारा के प्रति आकर्षित होकर, उनके खिलाफ हो सकते हैं। इसलिए उन्होंने घाटी के बजाय जम्मू संभाग में अपनी सक्रियता बढ़ाई है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित किया जा सके और सीमा पार के आकाओं से मदद हासिल करने का सिलसिला जारी रहे। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा के आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5438

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5437

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5438

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | 8 | ■ |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | 11 |
| 12 | 13 | | | ■ | 14 | | |
| ■ | 15 | | ■ | 16 | | | |
| 17 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 18 | | 19 | 20 | | ■ | 21 | ■ |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत में 5 सितंबर इस दिवस के रूप में मनाया जाता है (6)
6. अवस्था, उम्र, जीवन अवस्था (2)
7. ऐसा कोई घटना जिसमें कोई अपराध हुआ हो (4)
9. परिपक्व होना, पूयित होना (3)
10. मंगल ग्रह इस रंग का बताया जाता है, इंद्रधनुष के रंगों में से एक (2)
12. स्मरणीय, याद रखने योग्य, स्मारक, अविस्मरणीय (4)
14. पृथ्वी की ऊपरी सतह (3)
15. पुरूष, मर्द (2)
16. अत्यंत दुबला पतला (4)
17. मुकदमा, अभियोग (2)
18. शरण देना, आश्रय देना (5)
22. अत्यंत प्राचीनकाल से चला आता (4)
23. यह हिमालय में एक पहाड़ी राज्य है जिसके उत्तर में चीन और दक्षिण में भारत है जिसकी राजधानी थिम्फू है (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. मादक पदार्थ, भांग को यह भी कहत है (4)
2. कुपोषण, नाश या नष्ट होना, तपेदिक, टी.बी (2)
3. दिनपति, सूर्य, सूरज, रवि (4)
4. विवाह के समय वधु का वर को अंगीकार करना, यदि ऐसा न होगा तो (3)
5. प्रतिध्वनि, फकीर की आवाज, फरियाद (2)
8. पुराणानुसार सात पातालों में से एक पाताल, कहते है प्रहलाद का निवास स्थान यहीं है (4)
9. उजरत, तनख्वाह, वेतन (3)
11. प्रबल अभिलाषित होना, तीव्र उत्कंठित होना (4)
13. दन-दन शब्द करते हुए आना या दन-दन शब्द करना (5)
14. क्षुधा, भूख शब्द अपभ्रंश (2)
16. सटना, रिश्तें में कुछ होना (3)
17. लौटा हुआ या फिरता हुआ (3)
19. ताड़ित, पीटा हुआ, गुणा किया हुआ (2)
20. प्रदत्त या प्राप्त वस्तु (2)
21. जिसका डील या कद छोटा हो, ठिगना (2)

### वर्ग पहेली 5437 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्पे | न | ■ | भा | र | त | ■ | ब |
| श | ह | ना | ई | ■ | ल | ल | क |
| ल | ला | ट | ■ | सु | ब | क | ना |
| ■ | ना | क | र | ना | ■ | वा | ■ |
| मे | ■ | ■ | त | री | का | ■ | सु |
| घ | न | क | ना | ■ | नू | त | न |
| दू | र | ■ | र | ह | न | ■ | ना |
| त | म | क | ■ | म | न | स्त्री | ■ |

# आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। ऑफिस में थोड़ा सा संभलकर काम करें, वरना किसी से विवाद और अनबन हो सकती है। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। आप घर के लिए शॉपिंग करने जा सकते हैं और शुभ कार्य पर आपका खर्च होगा। शुभ व्यय होने से दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी।

### वृष

आज लाभ का दिन है और दिन आपके लिए महत्वाकांक्षा से भरपूर रहेगा। कोई भी बात संभलकर करें। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। शाम के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा। अतिथि आगमन से खर्च बढ़ना संभव है। आपका काम और व्यस्तता बढ़ सकती है। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कर्क

आज दिन भाग्यशाली रहेगा और आपकी किस्मत चमकेगी। किसी महान सफलता से हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा और आपको दिन के उत्तरार्द्ध में लाभ होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें। रात का वक्त आनंद में बीतेगा। दिन का कुछ हिस्सा सैर सपाटे में व्यतीत करेंगे तो मन प्रसन्न रहेगा।

### सिंह

आज का दिन है और आपको संतुष्टि का अनुभव होगा। दिन आपके लिए हर्षदायक है। जो लोग कारोबार करते हैं उनके आनंद में वृद्धि होगी और दिन सफलता से भरा होगा। कुछ लोगों को करियर में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी और बॉस की तरफ से आपको तारीफ सुनने को मिलेगी। आपको धन लाभ होने से खुशी होगी।

### मिथुन

आज भाग्य का साथ मिलेगा और कारोबार में आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी और भाग्य आपका साथ देगा। आपकी जिम्मेदारियां बढ़ने से आप थोड़ा असहज हो सकते हैं। घबराएं नहीं और अपने काम पर फोकस करें।

### कन्या

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। किसी नई डील से आपको अचानक से धन लाभ होगा और आपको एक साथ बहुत सारा पैसा मिलने से आपका बैंक बैलेंस अचानक से बढ़ जाएगा। दोस्ती में किसी स्पेशल स्कीम के बारे में न सोचें। वरना आपका नुकसान हो सकता है।

### तुला

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको करियर में मनचाहा फल प्राप्त होगा। राजनीतिक गतिविधियों में रुकावट हो सकती है। दोपहर के बाद कुछ नया कर सकते हैं और आपको लाभ होगा। आपको अच्छे कार्य करने से लाभ होगा और आपको आज कहीं से रुका पैसा मिलने से आपकी पुरानी योजनाएं फिर से आरंभ हो पाएंगी। आपके धन में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक

आज दिन मिलाजुला रहेगा। आपको नौकरी में कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है जो योजनाएं आपकी चल रही हैं उसमें थोड़ा सावधानी रखें। नौकरी में आपको पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और उनसे जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी। आज के लिए सोचे गए संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे और कारोबार में अच्छी कमाई होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### मकर

आज दिन शुभ है और आपका दिन परोपकार करने में बीतेगा। दूसरों की सहायता करने से आपको आत्मसंतुष्टि प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। किसी सांसारिक सुख के मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने से कुछ साथियों को आपसे जलन महसूस होगी।

### कुंभ

आज हर मामले में बहुत सावधानी से काम करने की जरूरत है। आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे और प्रिय लोगों से आपको मदद मिल सकती है। शाम के वक्त किसी दूसरे के कारण आपको कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रात का समय आनंद में बीतेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### धनु

आज करियर के मामले में दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। जीवनसाथी और व्यापार में पार्टनर्स आपका सहयोग करेंगे और उनसे आपको फायदा होगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि रहेगी और किस्मत साथ देगी। नौकरी पेशा वर्ग को उन्नति मिल सकती है। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, लेकिन सफलता मिल जाने से आपको थकान का अनुभव नहीं होगा।

### मीन

आज लाभ का दिन है और आपके सुख में वृद्धि होने के योग हैं। आपको हर कार्य में जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे और आपके मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शाम को किसी यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। आपकी कोई मूल्यवान वस्तु चोरी होने से आप परेशान हो सकते हैं। आपका बड़ा नुकसान हो सकता है। सतर्क रहें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

पेरिस ओलंपिक

### 13वां पदक जीतने पेरिस के खेल गांव पहुंची भारतीय पुरुष हॉकी टीम, खेल मंत्री ने वीडियो साझा किया



**पेरिस, एजेंसी।** टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय टीम की नजर अपने पदक का रंग बदलकर स्वर्ण पर टिकी होगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने पेरिस 2024 ओलंपिक अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को करेगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार शाम ओलंपिक 2024 से पहले पेरिस पहुंच गई।

हॉकी इंडिया और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस खबर को साझा की। खेल मंत्री ने वीडियो भी शेयर किया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 1980 के बाद पुरुष हॉकी का पहला स्वर्ण पदक जीतने उतरी है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने फैंस से टीम इंडिया का हौसला बढ़ाने की अपील की।

#### खेल मंत्री ने क्या लिखा?

हॉकी इंडिया ने लिखा- भारतीय पुरूष हॉकी टीम अपने सपनों का उड़ान भरने ओलंपिक गांव पहुंची। ओलंपिक सपना अब शुरू होता है! वहीं, खेल मंत्री ने लिखा- हमारी शानदार हॉकी टीम ओलंपिक गांव में बाकी दल के साथ शामिल होने के लिए पेरिस पहुंची है। आइए उनका हौसला बढ़ाएं क्योंकि उनकी नजर पदक पर है। हमें आप पर विश्वास है टीम। शुभकामनाएं!

पेरिस ओलिंपिक

### पेरिस ओलिंपिक में भारत का एक ही वेटलिफ्टर, उम्मीदों का भार अकेले उठाएंगी मीराबाई चानू



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलिंपिक में वेटलिफ्टिंग में भारत को मेडल दिलाने का पूरा दारोमदार स्टार वेटलिफ्टर साईखोम मीराबाई चानू पर होगा। वह एकमात्र भारतीय वेटलिफ्टर हैं जिन्होंने पेरिस खेलों के लिए क्वॉलिफाई किया है।

इस बार उम्मीद होगी कि वह 49 किलोग्राम वेट कैटिगरी में ना केवल पदक जीतेंगी, बल्कि इसका रंग बदलकर चांदी से सोना भी कर देंगी। चानू ने तोक्यो ओलिंपिक 2020 में सिल्वर मेडल जीता था। तोक्यो में उन्होंने कुल 202 किलो वेट उठाकर मेडल जीता था।

तोक्यो ओलिंपिक के बाद पेरिस तक पहुंचने का चानू का सफर हालांकि आसान नहीं रहा है। चोटों और इंजरी के सिलसिले ने उनके लिए काफी मुश्किलें पैदा की, जिसमें उन्हें कलाई और हिप इंजरी भी हुई। हालांकि, उन्होंने शानदार वापसी की है। बीते अप्रैल में फुकेट में हुए वर्ल्ड कप में उन्होंने 184 किलो वेट उठाकर पेरिस का टिकट कटाया। इस दफा मेडल लगभग पक्का करने के लिए उन्हें कम से कम 200 किलो का वजन उठाना होगा। उनकी कैटिगरी में चीन की होऊ झीहुई हैं जिनके नाम ओलिंपिक और वर्ल्ड रेकॉर्ड है। थाईलैंड, अमेरिका और जापान की वेटलिफ्टर भी अच्छी चुनौती पेश करेंगी।

पेरिस ओलंपिक

# नीरज चोपड़ा की चोट पर आया बड़ा अपडेट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीरज ने 28 मई को एहतियातन ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से हटने का फैसला किया था क्योंकि उन्हें जांघ में कुछ दर्द महसूस हुआ था। उन्होंने 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर जोरदार वापसी की थी। फिर चोपड़ा ने सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भी नहीं खेलने का फैसला किया।

पेरिस ओलंपिक में अब ज्यादा समय शेष नहीं रह गया है और भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा से इसमे दमदार प्रदर्शन करने की उम्मीद है। ओलंपिक से ठीक पहले नीरज की चोट से चिंता बढ़ा दी थी, लेकिन अब उनके जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज ने इस बारे में बड़ा अपडेट दिया है। बार्टोनिट्ज ने नीरज की फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि अब टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को किसी तरह की परेशानी नहीं है और अब वह कड़ी तैयारियों में जुट गए हैं।

#### जांघ में दर्द के कारण गोल्डन स्पाइक से हटे थे नीरज

नीरज ने 28 मई को एहतियातन ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से हटने का फैसला किया था क्योंकि उन्हें जांघ में कुछ दर्द महसूस हुआ था। उन्होंने 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर जोरदार वापसी की थी। फिर चोपड़ा ने सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भी नहीं खेलने का फैसला किया और कहा कि यह प्रतियोगिता उनके कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी। लेकिन फिटनेस देखी जाए तो उनका सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा है। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय नीरज 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में शीर्ष पोडियम स्थान के लिए एक बार फिर देश के सर्वश्रेष्ठ दावेदार हैं। पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा छह अगस्त को क्वालीफिकेशन दौर से शुरू होगी जिससे अभी इसे शुरू होने में दो हफ्ते हैं।

चोट की कोई समस्या नहीं बार्टोनिट्ज करीब पांच साल से नीरज से जुड़े हैं। बार्टोनिट्ज ने कहा कि अब चीजें पटरी पर आ गई हैं। उन्होंने कहा, सब कुछ योजना के अनुसार है। फिलहाल जांघ की चोट की कोई समस्या नहीं है, यह ठीक है। उम्मीद है कि ओलंपिक तक ऐसा ही रहेगा। ओलंपिक में भाला फेंक की स्पर्धा शुरू होने अभी दो सप्ताह का समय बचा है इसलिए ट्रेनिंग का स्तर बढ़ा दिया गया है। वह पूरा थ्रोइंग सत्र कर रहे हैं। हम सुबह में स्प्रिंटिंग, जंपिंग, थ्रोइंग या वेटलिफ्टिंग के सत्र रखते हैं। सुबह और शाम दो सत्र होते हैं जिसमें प्रत्येक दो से ढाई घंटे तक का होता है। बार्टोनिट्ज ने कहा कि नीरज का तरीका टोक्यो ओलंपिक से पहले अपनाए गए तरीके जैसा ही है जिसमें वह टूर्नामेंट के बजाय ट्रेनिंग पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और वह अपने ग्रोइन पर दबाव कम करने के लिए अपनी ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूती देने पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सामान्यतः भाला फेंकना तेजी से भागते हुए अच्छी तरह रुककर भाला फेंकने (ब्लॉकिंग) पर निर्भर करता है। भागते हुए आप जितनी अधिक ऊर्जा से आएंगे, उतना ही बेहतर होगा।

#### पदक की संभावना पर नहीं की भविष्यवाणी

इस सत्र में शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ियों में से किसी ने भी असाधारण प्रदर्शन नहीं किया है और बार्टोनिट्ज ने हमेशा की तरह कहा कि वह नीरज की पदक की संभावनाओं की भविष्यवाणी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ओलंपिक में काफी कुछ दांव पर लगा होता है और काफी दबाव होता है जिससे कुछ भी हो सकता है। आंकड़ों के आधार पर पदक का अनुमान लगाना मुश्किल है। सभी शीर्ष एथलीट अपनी सर्वश्रेष्ठ तैयारी कर रहे है। वे पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और पदक जीतना चाहते हैं। उनकी तरह ही हम भी दावा कर सकते हैं कि नीरज जीत सकते हैं। पर पदक जीतने की संभावना पक्षपातपूर्ण हो सकती हैं जिसमें गड़बड़ी भी हो सकती है।



## वर्ल्ड चेस ओलंपियाड में खेलेगी 9 साल की बोधन

### चेस बोर्ड से ठोकर लगी तो इसे हॉबी बनाया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बोधना शिवनंदन बुडापेस्ट चेस ओलंपियाड के लिए इंग्लैंड की ओर से क्वालिफाई किया है। चौथी क्लास में पढ़ने वाली भारतीय मूल की ब्रिटिश बच्ची बोधना चेस में हाई लेवल पर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की प्लेयर बन गई है।

#### धैर्य रखकर हर चाल चलती है बोधना

इंग्लिश चेस फेडरेशन में इंटरनेशनल चेस के डायरेक्टर मैल्कम पेन कहते हैं, बोधना टीम में सबसे कम उम्र की प्लेयर है, उसकी दूसरी टीममेट लेन याओ 23 साल की हैं। पेन उसे पोजिशनल प्लेयर कहते हैं। वह मोहरों की स्थिति पर गहरी जानकारी रखती है। धैर्य रखकर हर चाल चलती है। इंग्लैंड के इंटरनेशनल मास्टर चेस प्लेयर लरिंस ट्रेंट को बोधना पर यकीन है कि वह ग्रेट प्लेयर बनेगी।

फिडे मास्टर के तौर पर रैंक की गई

पिछले दिसंबर में बोधना ने यूरोपीय ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में वयस्क महिला प्लेयर्स को हराया और हाल ही में वह फिडे मास्टर के तौर पर रैंक की गई है। यह इंटरनेशनल चेस फेडरेशन द्वारा दी जाने वाली उपाधि है। अपने पहले लक्ष्य को हासिल करने के लिए बोधना के पास 3 साल हैं। सबसे कम उम्र में बैंडमास्टर बनने वाले अमेरिकी प्लेयर अभिमन्यु मिश्रा हैं। 2021 में ब्रेडमास्टर बनने के वक्त उनकी उम्र 12 साल, 4 माह 25 दिन थी। इन दिनों, बोधना स्कूल के बाद इंग्लैंड चेस फेडरेशन के मेंटर्स से रोजाना एक घंटे ट्रेनिंग लेती है। उसे क्यूबा के दिवंगत प्लेयर जोस राउल कैपब्लांका के गेम्स देखना पसंद है। बोधना के पिता कहते हैं, उससे कोई अपेक्षा नहीं है।

हम कोई माइलस्टोन तय नहीं कर रहे। हम चाहते हैं कि अपने माइलस्टोन वह खुद तय करे।

#### यूट्यूब और ऑनलाइन चेस खेलकर बारीकियां सीखीं

बात 2020 की है, महामारी दुनियाभर में फैल रही थी। उसी वक्त लंदन में रहने वाले इंजीनियर शिवनंदन वेलायुधम के दोस्त को अचानक भारत लौटना पड़ा। वे अपना कुछ सामान लंदन में ही छोड़ गए। इन्हीं में से एक बैग में चेस बोर्ड था। शिव ने सामान फेंक दिया। वहीं पर खेल रही उनकी 5 साल की बेटी बोधना को बोर्ड से ठोकर लगी। उसने शिव से पूछा, तो उन्होंने चेस बोर्ड व मोहरे बेटी को दे दिए। हालांकि एक मोहरा कम था। बोधना की जिज्ञासा बढ़ती गई।

## राहुल और पंत आईपीएल में छोड़ सकते है अपनी टीम की कप्तानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मेगा आक्शन से पहले कई टीमें बड़ा बदलाव करते हुए नजर आ सकती है. जिसकी दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का नाम भी शामिल है. इन दोनों टीमों का प्रदर्शन पिछले आईपीएल सीजन में काफी खराब रहा था. जिसकी वजह से दोनों ही टीमें अपने कप्तान को बदलने के बारे में सोच रही है. कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है की केएल राहुल अगले सीजन में आरसीबी की कप्तानी करते हुए नजर आ सकते है तो वही दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा बन सकते है. आईपीएल सीजन 2024 में हैदराबाद के खिलाफ हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका और केएल राहुल के बीच का एक वीडियो वायरल हुआ था. जिसमें दोनों के बीच काफी बहस हुई थी और तब से उनके टीम से अलग होने की खबरें चल रही है.




मगर उसके बाद संजीव गोयनका ने केएल राहुल को अपने घर पर खाने के लिए बुलाया था. जिसके बाद ऐसे दावे हो रहे थे की दोनों के बीच सब कुछ ठीक हो गया है. लेकिन एक रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है की केएल राहुल अब लखनऊ सुपरजायंट्स का साथ छोड़ने का मन बना चुके है. वही वो आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम का हिस्सा बन सकते है. राहुल पहले भी आरसीबी की टीम का हिस्सा रहे चुके है और ऐसा अगर होता है तो उनकी वो ये घर वापसी होगी.

दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल 2025 में काफी बड़े बदलाव करते हुए नजर आ रही है. दिल्ली की टीम ने हाल ही में अपने हेड कोच रिंकी पोंटिग को हटा कर शुरुआत कर दी है. पोंटिग पिछले 8 सीजन से टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे थे. वही दिल्ली कैपिटल्स की टीम अब अपने कप्तान को भी बदलने के बारे में सोच रही है.क्योंकि ऋषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है इसलिए वो टीम की जिम्मेदारी नए कप्तान को दे सकती है. कई रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है की ऋषभ पंत अगले आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स हिस्सा बन सकते है.




## श्रेयांका पाटिल विमेंस एशिया कप से बाहर

- **बाएं हाथ की उंगली में फैक्चर तनुजा कंवर उनकी जगह टीम में शामिल**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल बाएं हाथ में चोट की वजह से विमेंस एशिया कप 2024 से बाहर हो गई हैं। शनिवार को एशियन क्रिकेट काउंसिल की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि 21 साल की भारतीय ऑफ स्पिनर के बाएं हाथ की चौथी उंगली में फैक्चर हो गया है। श्रेयंका ने शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ 3.2 ओवर गेंदबाजी की और 14 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्हें बल्लेबाजी करने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि भारत ने 14.2 ओवर में सात विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया। श्रेयांका ने भारत के लिए 3 वनडे में 5 विकेट और 12 टी-20 में 16 विकेट लिए।

## रोहित शर्मा IPL 2025 से पहले छोड़ देंगे मुंबई इंडियंस का साथ?




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 से पहले कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं. अब बताया जा रहा है कि मुंबई इंडियंस को पांच बार आईपीएल ट्रॉफी जितवाने वाले रोहित शर्मा आईपीएल 2025 से पहले फ्रेंचाइज़ी से अलग हो सकते हैं. हालांकि आईपीएल 2024 में ही इस बात की अटकलें लगाई जा रही थी कि रोहित शर्मा अगले साल के आईपीएल में मुंबई से नहीं बल्कि किसी और टीम से खेलेंगे.

अब इन अटकलों के बीच सामने आई रिपोर्ट ने सभी को चौंका दिया. मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 से पहले हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान बनाया था, जिसके बाद से ही खबरें तेज़ हो गई थीं कि रोहित शर्मा 2025 के आईपीएल में फ्रेंचाइज़ी से अलग हो सकते हैं. एक रिपोर्ट में बताया गया कि रोहित शर्मा आईपीएल 2025 से पहले मुंबई इंडियंस को अलविदा कह सकते हैं. इतना ही नहीं, रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि हिटमैन मुंबई को छोड़कर कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा बन सकते हैं. रिपोर्ट में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले सूर्यकुमार यादव को लेकर भी कहा गया कि वह भी फ्रेंचाइज़ी से अलग हो सकते हैं.

#### रोहित को कप्तानी से हटाने के बाद खुश नहीं थे फैंस

बता दें कि आईपीएल 2024 में रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पांड्या को मुंबई का कप्तान बनाने से फैंस बिल्कुल भी खुश नहीं थे. फैंस का मानना था कि फ्रेंचाइज़ी को पांच बार खिताब जिता चुके रोहित शर्मा को कप्तानी से नहीं हटाया जाना चाहिए था. रोहित शर्मा ने 2013 में मुंबई की कमान संभालना शुरू की थी और 2023 तक कप्तान रहे थे. हालांकि अभी रोहित शर्मा के अलग होने को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि 2025 के आईपीएल में रोहित शर्मा किस फ्रेंचाइज़ी की तरफ से खेलते हैं.

## पेरिस ओलंपिक से पहले फॉर्म में लौटे राफेल नडाल, नॉर्डिया ओपन के फाइनल में बनाई जगह



**बस्ताड (स्वीडन), एजेंसी।** नडाल और युवा सनसनी कार्लोस अल्कारेज पेरिस ओलंपिक में जोड़ी बनाकर स्पेन के लिए पेरिस ओलंपिक में उतरेंगे। स्पेनिश टेनिस फेडरेशन इसकी घोषणा की थी। राफेल नडाल नॉर्डिया ओपन में डुजे अजदुकोविच को शनिवार को यहां 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर 2022 फ्रेंच ओपन के बाद अपने पहले फाइनल में पहुंच गए। नडाल ने क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में इससे पहले 36वीं रैंकिंग पर काबिज मारियानो नवोन को चार घंटे तक चले मुकाबले में 6-7, 7-5, 7-5 से हराया था।

आईपीएल:2025

## वीवीएस लक्ष्मण को मिला आईपीएल में कोचिंग का ऑफर, सितंबर में छोड़ सकते हैं एनसीए हेड का पद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के खत्म हुए अभी दो महीने का समय भी नहीं हुआ है। इसके बाद भी फ्रेंचाइजियों ने अगले सीजन की तैयारी शुरू कर दी है। आईपीएल 2025 से पहले मेगा नीलामी होनी है। सभी को नए सिरे से टीम बनानी होगी। इसी वजह से फ्रेंचाइजी ने अभी से माथापच्ची शुरू कर दी है। इसके साथ ही सपोर्ट स्टाफ के लिए भी नए नए विकल्प तलाशे जा रहे हैं।

#### लक्ष्मण आईपीएल में दिखेंगे

आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने कोचिंग स्टाफ में वीवीएस लक्ष्मण को शामिल करने की दिलचस्पी दिखाई है। लक्ष्मण अभी बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट अकादमी के प्रमुख हैं। ऐसा माना जा रहा है कि लक्ष्मण बीसीसीआई से एनसीए में अपना कार्यकाल



बढ़ाने की इच्छा नहीं रखते हैं। उनका कार्यकाल सितंबर में खत्म हो रहा है। राहुल द्रविड़ के भारतीय टीम के हेड कोच बनने के बाद उनकी जगह बीसीसीआई लक्ष्मण एनसीए प्रमुख बने थे।

#### टीम के हेड को नहीं बने लक्ष्मण

वीवीएस लक्ष्यम को पहले टीम इंडिया का मुख्य कोच बनाने के लिए बीसीसीआई की पहली पसंद बनाया गया था, लेकिन लक्ष्मण ने टीम के साथ ज्यादा यात्रा करने की अपनी अनिच्छा के कारण यह ऑफर ठुकरा दिया था। अभी तक कुछ भी पक्का नहीं है। लेकिन मैनेजमेंट ने लक्ष्मण से अनौपचारिक बातचीत की है।

सूत्रों के मुताबिक, लक्ष्मण हैदराबाद से अपना बेस शिफ्ट करने के बाद एनसीए में जारी रहने के इच्छुक नहीं हैं। उन्हें कुछ समय से फ्रेंचाइजी से ऑफर मिल रहे हैं।

#### कौन बनेगा एनसीए का हेड?

सूत्रों ने बताया कि पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को एनसीए में लक्ष्मण का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। राठौर 2012 से बीसीसीआई के साथ जुड़े हुए हैं, पहले नेशनल सेलेक्टर की भूमिका में थे। 2019 वर्ल्ड कप के बाद उन्हें संजय बांगर की जगह भारतीय क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच बनाया गया। राहुल द्रविड़ के साथ उनका भी टीम इंडिया के साथ कार्यकाल समाप्त हो चुका है।

## एक नजर

### धरना की तैयारी को लेकर भाकपा ने की बैठक

**हसपुरा (औरंगाबाद) नि.सं.)।** भाकपा द्वारा 27 जुलाई को प्रखंड कार्यालय पर धरना कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर है। इसको लेकर मोती विगहा गांव में रविवार को पार्टी की बैठक हुई। संचालन रामबली यादव ने किया। आंदोलन के दिन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए लोगों से अपील किया गया। बैठक में पार्टी के विकास तथा स्थानीय समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में चंद्रशेखर सिंह, पूर्व प्रमुख विजय यादव, सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर सहित अन्य कई नेतागण शामिल थें।

### पुलिस ने नाबालिग को बचाया, एक गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस द्वारा मनचलों से एक नाबालिक को बचाया गया।वहीं एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि सूचना मिली कि शहर के एक मुहल्ला में नाबालिक के साथ कुछ युवक हैं। जानकारी मिलते त्वरित कार्रवाई करते हुए बताये गये लोकेशन पर पुलिस पहुंची जहां करीब चार युवक नाबालिक को एक कमरे में बंद किये हुए थे। एक युवक को हिरासत में लिया गया। वहीं कमरे से नाबालिक को बरामद किया गया।साथ ही पुलिस की भनक लगते ही साथ में रहे और युवक भागने में सफल रहे। दोनों को थाना लाया गया तथा नाबालिक के परिजनों को बुलाया गया। पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं नाबालिक को मेडिकल तथा कोर्ट में बयान के लिए औरंगाबाद भेजा गया है। फिलहाल पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

### अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई

**रफीगंज (औरंगाबाद) नि.सं.)।** रविवार को पौथु थाना अंतर्गत राजू कुमार पिता जितेंद्र यादव ग्राम पोखर बीघा थाना पौथु के बाथानी (गौशाला) से 180 एमएल का 78 बोतल कुल-14.40 लीटर रॉयल ब्लू विस्की अंग्रेजी शराब जप्त/बरामद किया गया है। संदर्भ मे अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### विभागीय कार्रवाई के संबंध में सामूहिक संचालन का आयोजन

**औरंगाबाद (का.सं.)।** रविवार को पुलिस अधीक्षक महोदया औरंगाबाद के के निर्देशानुसार पुलिस केंद्र औरंगाबाद स्थित मनोरंजन भवन में विभागीय कार्रवाई के संबंध में सामूहिक संचालन का आयोजन किया गया। सभी संचालन पदाधिकारी, साक्षी, प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### भ्रष्टाचाररोधी संस्था ने सदस्यों को दिए परियय पत्र

**औरंगाबाद (का.सं.)।** नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया, औरंगाबाद की जिला टीम की रविवार को एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार ने की। बैठक में संस्था के नए पदाधिकारियो को सम्मानित करते हुए संगठन का आईडी कार्ड प्रदान किया गया। बैठक में जिला महासचिव शशिकांत कुमार ने कहा कि संगठन को जिले में मजबूत एवं सशक्त किया जाए। बैठक में संगठन सचिव अवधेश कुमार सिंह, जिला सचिव विकास कुमार, जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंहा, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अफसाना तरन्नुम, नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अनिल कुमार मेहता एवं सरोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# शादी के एक सप्ताह में ही दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता, ससुराल वाले घर छोड़कर फरार

## भाई की शिकायत पर पुलिस ने ससुरालजनों के खिलाफ दर्ज किया मामला

- 12 जुलाई को शादी व 20 जुलाई को कर दी गई हत्या
- हत्या को आत्महत्या का रूप देने को लेकर फांसी के फंदे में लटकाया

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के गोह थाना क्षेत्र के कोसडिहरा गांव में शादी के एक सप्ताह भी नही हुआ कि दहेज लोभी ससुराल वालों ने विवाहिता को मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में मृतका के भाई ने थाना में आवेदन देकर अपनी बहन की दहेज को लेकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मृतका के पति, सास, ससुर और देवर के खिलफ अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है।


12 जुलाई को हुई थी शादी

मिली जानकारी के अनुसार गया जिले के कोच थाना क्षेत्र के तराई गांव निवासी कईल पासवान ने अपनी पुत्री संगीता कुमारी की शादी औरंगाबाद जिले के गोह थाना क्षेत्र के कोसडिहरा गांव निवासी अशोक पासवान के पुत्र अमरजीत पासवान के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ की की थी। 10 जुलाई को तिलक और 12 जुलाई को विवाह हुआ था। सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया गया था। साथ ही लडकी वालों ने होंडा साइन बाइक भी दिया था लेकिन लड़का अपाची की मांग लगातार कर रहा था। शादी होने के बाद 13 जुलाई को संगीता को विदा किया गया। आरोप है कि जब संगीता ससुराल गई तो पति अमरजीत के साथ पूरा परिवार दहेज के रुपए और होंडा साइन बाइक को लेकर लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। इसी दौरान अमरजीत ने अपनी पत्नी संगीता को 16 जुलाई को अपने ससुराल तराई ले गया। वहां पर सब कुछ ठीक-ठाक था 18 जुलाई को पुनः अमरजीत ने संगीता को अपने घर ले आया। आरोप है कि घर लाने के बाद संगीता को लगातार मारपीट और प्रताड़ित करने लगा इसकी सूचना संगीता ने फोन कर अपनी बहन सुनीता को बताई और 20 जुलाई को इन दहेज लोभियों ने संगीता को बेरहमी से पिटाई की। यहां तक की उसके दांत भी तोड़ दिए व गला दबाकर मौत का घाट उतार दिया और आत्महत्या का रूप देते हुए उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया। 20 जुलाई की शाम 4 बजे अमरजीत ने अपने ससुराल में फोन कर जानकारी दिया कि संगीता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब संगीता के मायके के पूरा परिवार कोसडिहरा पहुंचे तो देखा की संगीता का शव फंदे से लटका हुआ है और पूरा परिवार घर छोड़कर फरार है।

हालांकि दहेज लोभियों ने जिस तरह से संगीता की हत्या की है, उसे देखने वालों को कलेजा कांप रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है।

# धूमधाम से मना गुरु पूर्णिमा महोत्सव

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शहर के क्लब रोड स्थित साईं मंदिर के प्रांगण में रविवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पंचोपचार विधि से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी, डॉ. रामाधार सिंह, हम पार्टी के जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह, पुनपुन मंदिर के संस्थापक देवबली सिंह, सचिव शशि देवी, शिव प्रसाद शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष नागेंद्र केसरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के दानिका संगीत एकेडमी के डायरेक्टर डॉ. रविंद्र कुमार ने की जबकि संचालन मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव के माध्यम से गुरु की महिमा का पूरे समाज में एक संदेश देने का कार्य किया है। दानिका परिवार ने संगीत को नई ऊंचाई देने का कार्य किया है। गुरु शिष्य परंपरा को जीवंत अध्याय का जीता-जागता उदाहरण दानिका परिवार है। कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत संस्था की सचिव शशि देवी ने पुष्प हार, एवं अंग वस्त्र देकर किया। इस मौके पर प्रवचनकर्ता श्रीकृष्णा नंद जी महाराज एवं राधा कुसुमलता की मधुर वाणी ने सबको द्रवित किया। राधा कुसुम लता ने प्रवचन में कहा कि गुरु ही सबका कल्याण कर सकते हैं।।सभी विद्यार्थियों ने अपने गुरुदेव डॉ रविंद्र कुमार को पुष्प हार, पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए उनकी गुरु वंदना की उनके चरणों में शीश नवाकर उनका आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर विवेक पांडेय, विकास कुमार सिंह, राजीव कुमार, राजकिशोर प्रसाद, अंजली सिंह, शिवांगी सिंह सहित सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित थे।

# वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित भूमि पर खेती रोकने के सरकारी नोटिस से किसान नाराज

**औरंगाबाद (का.सं.)।** भारतमाला परियोजना के तहत निर्मित होने वाले वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि पर चालू खरीफ मौसम में किसानों को धान की खेती नही करने की मिली सरकारी नोटिस से किसान भड़क उठे है। किसान संघर्ष समिति के अभय सिंह, जगत सिंह, वशिष्ठ सिंह विनय सिंह, राजन तिवारी और राजकुमार ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे के निर्माण से प्रभावित होने वाले गांवों के कृषकों को अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। ऐसी स्थिति में किसानों को खेतीबाड़ी कार्य करने से रोकना बिल्कुल अन्यायपूर्ण है। काश धान न रोपने की तानाशाही नोटिस निकालने के पहले कुटुम्बा के सीओ रैय्यतीकरण के मुद्दे पर ध्यान देते तो ज्यादा जनहित का कार्य होता।

# पंचायत की विकास योजनाओं के लिए टेंडर का मुखिय संघ ने किया विरोध



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के केराप पंचायत स्थित फिदा बिगहा में मुखिया संघ अध्यक्ष बिंदेश्वर कुमार सिंह के अध्यक्षता में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के तुगलकी फरमान को लेकर बैठक किया गया। बताया गया कि अब पंचायत में योजनाओं का टेंडर होगा और इसी माध्यम से सभी पंचायतों में कार्यों को किया जायेगा। जिसको लेकर मुखिया संघ के द्वारा बैठक में विरोध किया गया। मुखिया संघ अध्यक्ष बिंदेश्वर कुमार सिंह ने बताया कि अगर नीतीश कुमार यह तुगलगी फरमान को जल्द से जल्द वापस ले अन्यथा हमलोग सड़क से सदन तक घेराव करने पर बाध्य होंगे और पटना में घेराव करेंगे। छायाप्रति को जलाकर आक्रोश जताया गया। पहले भी सरकार द्वारा नल जल, स्ट्रीट लाइट पीएचडी और ब्रेडा को सौंपा गया है लेकिन कही भी नल जल का पानी लोगों को नहीं मिल रहा है और लोग पानी के लिए तरस रहे।

# संगीत के सुरों में बंधा शहर : गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर विशेष आयोजन

कार्यालय संवाददाता





**औरंगाबाद।** शनिवार की शाम औरंगाबाद शहर के यूएस रेसीडेंसी सभागार में गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर आयोजित संगीत कार्यक्रम ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन शहर के चर्चित चिकित्सक दम्पति डॉ. रवि रंजन और डॉ. शोभा रानी सिन्हा ने किया था। इस कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध शायर नजीर बनारसी की मशहूर ग़ज़ल 'ये इनायतें गज़ब की, ये बला की मेहरबानी' को जब बिहार के जाने-माने गायक और निगरानी जांच ब्यूरो के महानिदेशक आलोक राज ने अपनी खनकती आवाज में प्रस्तुत किया, तो श्रोता आवाज के जादू से बंध से गए। उनके गायन ने श्रोताओं को शब्दों की नजाकत के सम्मोहन में बांध लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीजी विजिलेंस आलोक राज, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज, सिविल सर्जन रवि भूषण श्रीवास्तव, सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर मिश्रा और आयोजक डॉ. रवि रंजन और डॉ. शोभा रानी सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके बाद उन्होंने जगजीत सिंह और मुकेश जैसे मशहूर गायकों द्वारा गाए गए गीतों को भी गाया, जिनमें 'तेरे आने की जब खबर महके' और 'कहीं दूर जब दिन ढल जाए' जैसे गीत शामिल थे।कार्यक्रम के संगीत निर्देशक और भारतीय नृत्य कला मंदिर के निदेशक अशोक कुमार प्रसाद ने भी शास्त्रीय रागों पर आधारित प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार और अधिवक्त प्रेमेन्द्र मिश्र ने किया। आयोजक डॉ. रवि रंजन और डॉ. शोभा रानी सिन्हा ने कहा कि डीजी विजिलेंस आलोक राज ने आईपीएस अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल में अनगिनत उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके लिए उन्हें राज्य और केंद्र सरकार से कई सम्मान प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, वन सेवा के वरीय अधिकारी परमात्मा सिंह, वरिष्ठ पत्रकार और संपादक कमल किशोर, ब्यूरो इंचार्ज सनोज पाण्डेय, सम्पादक श्रीराम अम्बष्ट, वरीय पत्रकार रवि सिंह, यूएस रेसीडेंसी के मालिक श्याम किशोर प्रसाद, चिकित्सक डॉ. महेंद्र शर्मा, डॉ. असित रंजन, डॉ. ऋत्विक सिंह, डॉ. सनी कुमार, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष संगीता सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष शोभा सिंह, रेड क्रॉस अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, अनीता सिंह, विवेक सिंह, अरुण सिंह, डॉ. रवीन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे। डॉ. रवि रंजन और डॉ. शोभा रानी सिन्हा द्वारा विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने औरंगाबाद शहर में सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व को फिर से स्थापित किया और संगीत प्रेमियों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाया।

### जिला जज ने मीडिया और जिलेवासियों से की अपील

# सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित हो रहा है विशेष लोक अदालत

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** आगामी 29 जुलाई 2024 से 03 अगस्त 2024 तक सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों से सम्बन्धित एक विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय में किया जायेगा| जिला जज ने जिलेवासियों से यह अपील किया है कि अगर उनका कोई भी सुलहनीय वाद माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित है तो इस अवसर का लाभ उठाकर कर अपने वाद को उक्त आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत में निस्तारण करवायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में एक विशेष लोक अदालत आयोजन किया जाना है, इसको लेकर बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा पत्र एवं निर्देश प्राप्त हुआ है| जिसके आलोक में उन्होंने बताया कि आगामी 29 जुलाई 2024 से 03 अगस्त 2024 तक सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों से सम्बन्धित एक विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय में किया जायेगा। जिला जज ने जिलेवासियों से यह अपील किया है कि अगर उनका कोई भी सुलहनीय वाद माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित है तो इस अवसर का लाभ उठाकर कर अपने वाद को उक्त आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत में निस्तारण करवायें। उन्होंने मीडिया से भी यह अपील किया है कि सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत के विषय में आमजनों को ज्यादा से ज्यादा अवगत करायें ताकि अधिक से अधिक लोग को लाभ प्राप्त हो सके।







